CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 10°C

लखनऊ, मंगलवार 17 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 103 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 28 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फॉर्म-7 के जरिये पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही: अखिलेश यादव पेज 2



टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद खान खेल टाइम्स



गोदी मीडिया के एपस्टीन दस्तावेज आखिर कब बाहर आएंगे! सम्पादकीय



यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठाएगी रहमान सरकार! पेज 12

# एआई इम्पैक्ट समिट का प्रधानमंत्री मोदी ने किया इनॉगरेशन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में सोमवार 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली। ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा।

समिट के साथ-साथ इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगी। यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में एआई से खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है। इंफो एज के फाउंडर और एग्जीक्यूटिव वॉइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने कहा कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम करने की क्षमता (प्रोडक्टिविटी) को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे एआई टूल्स को अपनाएं, वरना वे पीछे छूट सकते हैं। सिस्को सिस्टम्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश कृष्णन ने कहा कि एआई आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज में सुधार कर रहा है और इंसानी क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ विनीत नायर बोले कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के मौके भी पैदा करेगा।

- **दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में शुरू**
- **300 से ज्यादा कंपनियां दिखा रहीं एडवांस गैजेट्स, खेती, पढ़ाई और सेहत पर फोकस रहेगा**

## स्टार्टअप्स लीडर्स से मुलाकात

देश-विदेश के स्टार्टअप्स अपने अनोखे प्रोडक्ट्स पेश करेंगे। आम लोग इन इनोवेटर्स से सीधे बात कर सकेंगे और समझ सकेंगे कि भविष्य की तकनीक कैसी होगी। एक्सपीरिएंस जोन- समिट में कई थीमैटिक पवेलियन बनाए गए हैं।

यहां लोग खुद एआई पॉवर्ड मशीनों और सॉफ्टवेयर का अनुभव ले सकेंगे, जैसे स्मार्ट हेल्थ मॉनिटरिंग और एआई ट्यूटर।

## गुजरात के 32 स्कूलों को बमों से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिये बम की धमकी दी गई है। इसमें वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए। बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में तलाशी शुरू कर दी है। फिलहाल स्कूलों को खाली करा लिया गया है और वाहनों व स्कूल परिसरों की जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी खाली करा लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को अब मजबूत करने का समय : सर्जियो गोर

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमांड के एडमिरल सैमुअल पापारो की भारत यात्रा से अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का विस्तार होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को मजबूत करने का समय है। राजदूत गोर ने कमांडर पापारो का भारत में स्वागत किया और दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को और गहरा करने के महत्व पर प्रकाश डाला। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री गोर ने कहा कि अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का विस्तार करने के लिए एडमिरल पापारो के भारत आगमन पर मुझे बहुत खुशी है। अब हमारे दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को मजबूत करने का समय है।

### 'हैमर' हथियार प्रणाली स्थापित करेंगी बीईएल और फ्रांस की एसईडी

**नई दिल्ली।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और फ्रांस की सफरान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस (एसईडी) ने 'हैमर' हथियार प्रणाली के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने का समझौता किया है। यह करार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से पहले किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मुंबई में राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात करेंगे, जहां दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे और प्रमुख क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### उप्र में जेंडर व विषय कोड की त्रुटियों का होगा सुधार

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व परीक्षार्थियों के जेंडर कोड और विषय विवरण में पाई गई त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और क्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षा 18 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रही है और कई जनपदों से परीक्षार्थियों के जेंडर कोड तथा विषयों में त्रुटियों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

### थोक मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** सब्जियों, फलों और धातुओं के दाम बढ़ने से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो मार्च 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। दिसम्बर 2025 में थोक महंगाई दर 0.83 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी एक साल पहले की तुलना में सब्ज्यों के दाम 6.78 प्रतिशत और फलों के 1.78 प्रतिशत बढ़ गए। दूध की कीमत में 2.51 फीसदी और अंडों, मांस तथा मछलियों के दामों में 3.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# हिमंता शूटिंग मामला: सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार

## कहा: चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया, इसे प्लेग्राउंड मत बनाइए

- **असम के सीएम पर कार्रवाई की मांग**
- **याचिकाओं पर कोर्ट ने पूछा: पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के वायरल वीडियो मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूछा कि पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। कोर्ट ने हाईकोर्ट की अधिकारिता को कमतर न आंकने की सलाह दी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि हर चुनावी विवाद सीधे सुप्रीम कोर्ट में लाना एक चिंताजनक प्रवृत्ति बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि असम में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कई राजनीतिक मुद्दे अदालत तक पहुंच रहे हैं, जो उचित नहीं है। अदालत ने पक्षकारों से संवैधानिक मर्यादा और संयम बनाए रखने की नसीहत दी। अब इस मामले में -शेष पृष्ठ दो पर

### सबरीमाला में महिलाओं के साथ भेदभाव मामले में नौ जजों की पीठ गठित, सात अप्रैल से होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की 9 न्यायाधीशों की बेंच 7 अप्रैल से धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के भेदभाव के मामलों पर सुनवाई शुरू करेगी। इस मामले में प्रमुख रूप से केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी पक्ष अपनी लिखित दलीलें 14 मार्च तक जमा करें। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सबरीमाला फैसले की समीक्षा का समर्थन करते हैं। बेंच में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील परमेश्वर और शिवम सिंह को एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया है, ताकि न्यायालय को आवश्यक मार्गदर्शन और पक्षों की दलीलों का विश्लेषण प्रदान किया जा सके।



### सुप्रीम कोर्ट में अबू सलेम की रिहाई याचिका खारिज
### कहा: आपने कोई नेकी नहीं की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट के दोषी अबू सलेम को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार करते हुए कहा कि आपने समाज के लिए कोई नेक काम नहीं किया है। आपको टीएडीए के तहत दोषी ठहराया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अबू सलेम को हाईकोर्ट का रुख करने की सलाह दी। कोर्ट ने कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने केवल अंतरिम राहत देने से इन्कार किया है। ऐसे में सलेम को हाईकोर्ट में ही अंतिम बहस करनी चाहिए। अबू सलेम ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अच्छे आचरण के आधार पर मिलने वाली रिमिशन (सजा में छूट) को जोड़कर देखा जाए, तो वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और 10 महीने से अधिक समय से अवैध कस्टडी में है।


# उप्र आक्रांताओं का महिमामंडन स्वीकार नहीं करेगा: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा, विपक्ष पर कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का लगाया आरोप**

**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए राज्य सरकार की उपलब्धियों, कानून-व्यवस्था की स्थिति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि आज का उप्र नए भारत की भावना के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और आक्रांताओं के महिमामंडन को कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी माघ मेला केवल कल्पवासियों तक सीमित रहता था, जहां कुछ लाख श्रद्धालु ही आते थे। लेकिन आज 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता यह दर्शाती है कि लोगों को व्यवस्था और सुरक्षा पर पूरा विश्वास है। उन्होंने इसे सरकार की सुशासन नीति का प्रमाण बताया। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा कहते हुए उन्होंने विपक्ष पर कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि 2017 में प्रदेश पुलिस में केवल 10 हजार महिला कार्मिक थीं, जबकि आज यह संख्या बढ़कर 44 हजार से अधिक हो गई है। पहले पुलिस प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब 60 हजार से अधिक कार्मिक एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्रदेश में केवल दो फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब 12 लैब संचालित हैं और छह अन्य निर्माणाधीन हैं। सभी 75 जिलों में दो-दो फॉरेंसिक वैन उपलब्ध -शेष पृष्ठ दो पर



# शादी से पहले फिजिकल होना समझ से बाहर: सुप्रीम कोर्ट

**कहा: लड़का-लड़की अजनबी होते हैं, हम पुराने ख्यालों वाले, लेकिन भरोसा करने से पहले सावधान रहें**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रेप के आरोपों से जुड़े एक मामले में शादी से पहले फिजिकल रिलेशनशिप को लेकर हैरानी जताई। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम यह नहीं समझ पाते कि एक लड़का और लड़की शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हो सकता है हम पुराने ख्यालों के हों, लेकिन शादी से पहले लड़का और लड़की अजनबी होते हैं। आपको बहुत सावधान रहना चाहिए। शादी से पहले किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना के साथ जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर एक महिला से शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। आरोप है कि व्यक्ति पहले से शादीशुदा था और बाद में उसने दूसरी महिला से शादी कर ली। सरकारी वकील के मुताबिक, लगभग 30 साल की युवती की 2022 में एक मैट्रिमोनियल साइट पर शख्स से मुलाकात हुई थी। आरोप है कि शख्स ने युवती से शादी का वादा करके दिल्ली और बाद में दुबई में कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने दावा किया है कि शख्स के कहने पर वह दुबई गई थी। वहां उसकी सहमति के बिना आरोपी ने अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए, और विरोध करने पर उन्हें वायरल करने की धमकी दी। शिकायतकर्ता को बाद में पता चला कि शख्स ने 19 जनवरी, 2024 को पंजाब में दूसरी शादी कर ली थी। इस मामले में निचली अदालत और दिल्ली हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि आरोपी की तरफ से किया गया शादी का वादा शुरू से ही झूठा था, क्योंकि वह पहले से ही शादीशुदा था। हाईकोर्ट के आदेश से असंतुष्ट होकर आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

# चुनाव आयोग ने प. बंगाल के 7 अफसर किए सस्पेंड

- **SIR में लापरवाही: पावर के गलत उपयोग के आरोप**

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरतने पर पश्चिम बंगाल के सात अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आयोग ने सोमवार को कहा कि यह कार्रवाई तुरंत प्रभाव से लागू मानी जाएगी। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13सीसी के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इन अधिकारियों को निलंबित कर दिया और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया। आयोग ने सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह कार्रवाई मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़ी कानूनी जिम्मेदारियों को निभाने में देखी गई गंभीर कमियों को देखते हुए की गई है। इस तरह का गलत काम चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को कमजोर करता है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग ने आगे निर्देश दिया कि निलंबित किए गए अधिकारियों के खिलाफ संबंधित कैडर-नियंत्रण अधिकारियों द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाए और इसकी जानकारी आयोग को दी जाए। इस मामले से संबंधित एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आयोग ने यह साफ कर दिया है कि चुनाव से जुड़े कामों में जवाबदेही सबसे जरूरी है।

## देश का व्यापार घाटा जनवरी में 10 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि से इस साल जनवरी में देश का कुल व्यापार घाटा लगभग दोगुना होकर 10.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल जनवरी में वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर कुल व्यापार घाटा 5.39 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में वस्तुओं का निर्यात साल-दर-साल 0.6 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर और सेवाओं का निर्यात 26.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 43.90 अरब डॉलर रहा। वस्तुओं का आयात 19.19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 71.24 अरब डॉलर हो गया। जनवरी 2025 में यह 59.77 अरब डॉलर था। सेवाओं का आयात 17.30 प्रतिशत बढ़कर 19.60 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार कुल निर्यात 80.45 अरब डॉलर और कुल आयात 90.83 अरब डॉलर दर्ज किया गया। पिछले साल जनवरी में कुल आयात 71.90 अरब डॉलर और कुल निर्यात 76.48 अरब डॉलर पर था।

# जम्मू-कश्मीर के 14 टूरिस्ट स्पॉट में लौट रही रौनक

श्रीनगर, वार्ता

- **लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का किया ऐलान**

**जम्मू-कश्मीर** के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का ऐलान किया। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा कि पूरी सिक्योरिटी रिव्यू और चर्चा के बाद मैंने कश्मीर और जम्मू डिवीजन में और टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोलने का ऑर्डर दिया है।

कश्मीर डिवीजन में 11 टूरिस्ट स्पॉट - यूसमर्ग, बड़गाम में दूधपथरी, कोकरनाग में दांडीपोरा पार्क, पीर की गली, शोपियां में दुबजान और पड़पावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गंदेरबल में हंग पार्क और बारामूला में वुलर/वतलाब को फिर से खोला जाएगा। वहीं जम्मू डिवीजन में 3 टूरिस्ट स्पॉट- रियासी में देवी पिंडी, रामबन में माहू मंगत और किश्तवाड़ में मुगल मैदान आम पब्लिक के लिए ओपन होंगे। घूमने वाली इन जगहों को पिछले साल अप्रैल में हुए पहलगाम अटैक के बाद से बंद कर दिया गया था। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसमें से 25 टूरिस्ट थे। पिछले साल सितम्बर में कश्मीर संभाग में सात टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोला गया था। उनमें अरु घाटी, राफ्टिंग प्वॉइंट यान्नर, अक्कड़ पार्क, पादशाही पार्क और कमान पोस्ट शामिल हैं। वहीं जून में पहलगाम के कुछ हिस्सों सहित 16 पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया गया था।

## 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका पर केंद्र को फिर मोहलत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कश्मीर से संबंधित 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र को और एक महीने का अतिरिक्त समय दिया है। इससे पहले 11 फरवरी के एक आदेश में न्यायालय ने कहा था कि प्रतिवादियों में से एक ने अभी तक अपनी आपत्तियां दर्ज नहीं की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका गांधी 18-19 फरवरी को असम दौरे पर रहेंगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 18 और 19 फरवरी को असम के दो दिवसीय दौरे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं और पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेंगी। पार्टी के सूत्रों के अनुसार प्रियंका गांधी 18 फरवरी को गुवाहाटी स्थित राजीव भवन पहुंचेंगी, जहां स्क्रीनिंग कमेटी, राजनीतिक मामलों की समिति और विभिन्न जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगी। इसके अलावा वह विधायकों, पूर्वोत्तर कांग्रेस समन्वय से जुड़े नेताओं और सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगी। श्रीमती वाड्रा के इस दौरे का मुख्य आकर्षण नेताओं के साथ उनकी वन-टू-वन मीटिंग होगी, जिसमें वह संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और जमीनी मुद्दों पर विस्तार से बातचीत करने वाली हैं। इस दौरान 19 फरवरी को वह कार्यकारी अध्यक्षों, सांसदों और विभिन्न प्रकोष्ठों व विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

### जंगली हाथी के हमले में पुजारी की मौत

**बहराइच।** उप्र के जनपद बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है। रविवार रात एक जंगली हाथी ने कटियारा बाबा कुटिया में घुसकर एक पुजारी को पटक-पटककर मार डाला। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग के अनुसार घटना कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत कटियारा बाबा कुटिया की है। मृतक की पहचान सुरेश दास (100) निवासी हजारीपुरवा गांव, कारीकोट क्षेत्र के रूप में हुई है। वह पिछले 15 वर्षों से कुटिया में रहकर पूजा-पाठ करते थे और बाल ब्रह्मचारी थे।

# डा. नितिन गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डायबिटिज की फैलोशिप से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुजफ्फरनगर।** हर्ष मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल निकट महावीर चौक मुजफ्फरनगर के डा. नितिन गुप्ता एमडी को 12 एवं13 फरवरी 2026 को हैदराबाद के हाईटेक कन्वेनशनल सेंटर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डायबिटिज फैलोशिप पुरस्कार से नवाजा गया।

इस सम्मेलन में देश-विदेश के डायबिटिज विशेषज्ञ आए हुए थे, मुख्यत: ऑस्ट्रेलिया, चीन, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इंग्लैंड के चिकित्सक थे। इन्हीं में उत्तर प्रदेश के कुल दो डाक्टर आमंत्रित थे। डा. नितिन गुप्ता ने शुगर की बीमारी पर कई शोध भी किए हैं। इसमें रमजान महीने में शुगर के मरीजों पर विशेष प्रभाव है। यह शोध विदेश में भी लोकप्रिय रहा। डा. गुप्ता मरीजों में शुगर का इलाज आधुनिक तकनीकों से कर रहे हैं। डा. गुप्ता पश्चिमी यूपी के मुख्य डायबिटिज विशेषज्ञों में से एक हैं। डा. गुप्ता ने डायबिटिज के साथ दिल के रोगों के इलाज में भी कुशलता हासिल की है। आजकल डायबिटिज के मरीजों में हार्ट अटैक का इलाज विशेष तकनीकों से किया जाना विशेष है। डा. गुप्ता का फैलोशिप अवार्ड जनपद मुजफ्फरनगर का गौरव है। इस सम्मेलन के आर्गेनाइजिंग चेयरमैन डा. बीएम मक्कर थे एवं सचिव डा. वन्शी साहू थे। ज्ञात हो कि डा. गुप्ता एम्स, जीबी पंत दिल्ली एवं अपोला अस्पताल से भी ट्रेंड हैं।

# उप्र के नवनिर्माण की आधारशिला रखेगा ये बजट: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'योगी की पाती' शीर्षक से प्रदेशवासियों के नाम संदेश जारी कर राज्य के बजट को नवाचार और तकनीक आधारित विकास की ऐतिहासिक पहल बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र का यह बजट नव निर्माण की उस यात्रा का अगला चरण है, जिसकी मजबूत आधारशिला पिछले वर्षों में रखी गई है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का व्यापक उपयोग किया जाएगा। इसके तहत स्टेट डेटा अथॉरिटी का गठन किया जाएगा तथा यूपी एआई मिशन, एआई डेटा लैब, एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और डेटा सेंटर क्लस्टर की स्थापना की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इन पहलों से उप्र वैश्विक तकनीकी मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा। 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना के अंतर्गत 25 लाख युवाओं को नई तकनीकों में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेंगे। एमएसएमई, स्टार्टअप और उद्यमिता को प्रोत्साहन देकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में बिना कोई नया कर लगाए विकास की गति बनाए रखना सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है। 9.12 लाख करोड़ के इस बजट को उन्होंने युवा, महिला, किसान और गरीब वर्ग की आकांक्षाओं को साकार करने वाला बताया। संदेश के अंत में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हुए नवाचार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ें और विकसित उप्र के लक्ष्य को हासिल करने में सहभागी बनें।



सीएम ने 'योगी की पाती' शीर्षक से दिया संदेश

### यूपी ने नौ वर्षों में तय की आत्मविश्वास की यात्रा

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रदेश में हुए बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि उप्र ने 'कर्फ्यू से कानून, उपद्रव से उत्सव, समस्या से समाधान और अविश्वास से आत्मविश्वास' की यात्रा तय की है। सभी पक्षों को मिलाकर लगभग 51 सदस्यों ने अपने सुझावों से चर्चा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। राज्यपाल का अभिभाषण शासन की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का दस्तावेज होता है, जो सरकार की नीतियों और दिशा को स्पष्ट करता है। योगी ने मुख्य प्रतिपक्ष के व्यवहार को अशोभनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्यपाल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख होती हैं और उनके प्रति असम्मानजनक आचरण लोकतंत्र को कमजोर करता है।

## सीएचसी पर भी किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध हो: सपा

# सेहत और पानी पर सरकार-विपक्ष में तीखी बहस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य सेवाओं और जल जीवन मिशन में कथित अनियमितताओं को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए।

उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सदन को बताया कि प्रदेश के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर हार्ट अटैक से जुड़े मामलों के लिए लगभग 40 हजार रुपये कीमत का जीवनरक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि मैसिव हार्ट अटैक या उससे संबंधित लक्षणों के साथ आने वाले मरीज को यह इंजेक्शन तत्काल लगाया जाता है, जिससे अगले 24 घंटे तक उसे दोबारा अटैक का खतरा कम रहता है। इस अवधि में मरीज को निकटतम मेडिकल कॉलेज में रेफर कर आगे का इलाज सुनिश्चित किया जाता है। पाठक ने बताया कि प्रदेश के 50 से अधिक मेडिकल कॉलेज इस प्रकार के इलाज के लिए अधिकृत किए गए हैं।

साथ ही एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सीएचसी पर मरीज के पहुंचते ही उसकी रिपोर्ट साझा की जाती है, ताकि मेडिकल कॉलेज स्तर पर तत्काल उपचार की तैयारी की जा सके। इस दौरान सपा विधायक समरपाल सिंह ने किडनी प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट में अत्यधिक समय लगता है और पूरी प्रक्रिया सात दिन के भीतर पूरी होनी चाहिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। जवाब में बृजेश पाठक ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि किडनी ट्रांसप्लांट कम से कम समय में हो और सात दिन से भी कम समय में प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया जाएगा।



■ हमने सीएचसी पर 40 हजार रुपये कीमत का जीवन रक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराया, जो हार्टअटैक के मरीजों को तत्काल लगाया जाता है: पाठक

### विधानसभा में गूंजा निजी अस्पतालों की मनमानी और आशा बहुओं का मुद्दा

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान सोमवार को निजी अस्पतालों की कथित मनमानी व आशाओं का मुद्दा जोर-शोर से उठा। समाजवादी पार्टी के सदस्य अतुल प्रधान ने सरकार से सवाल किया कि निजी अस्पतालों पर नियंत्रण के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और मरीजों से मनमाने शुल्क वसूलने की शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है। इस पर जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सदस्य अब भी अपना चश्मा नहीं बदल पा रहे हैं और पूर्ववर्ती सरकार के नजरिए से ही वर्तमान व्यवस्था को देख रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार निजी अस्पतालों की अनियमितताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और किसी को भी मनमानी की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### मॉडीफाइड साइलेंसर पर प्रभावी कार्रवाई की मांग विधान परिषद में नियम 115 के तहत उठा मुद्दा

**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद के सदस्य विजय बहादुर पाठक ने सोमवार को नियम 115 के अंतर्गत मॉडीफाइड साइलेंसर से हो रहे ध्वनि और वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया और इस पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। विजय बहादुर पाठक ने प्रमुख सचिव, विधान परिषद को भेजे गए अपने पत्र में कहा कि राज्य में योगी सरकार ने यातायात को सुलभ और व्यवस्थित बनाने तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं।

# आरक्षण और आउटसोर्सिंग पर विधानसभा में घमासान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ अनिल राजभर का सपा पर तीखा हमला

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में आरक्षण और आउटसोर्सिंग के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

समाजवादी पार्टी के विधायक संग्राम यादव द्वारा आउटसोर्सिंग और आरक्षण का मुद्दा उठाए जाने के बाद सरकार की ओर से मंत्री अनिल राजभर ने सपा पर जोरदार हमला बोला। मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की बात तो करती है, लेकिन अपने शासनकाल में उसने केवल एक वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार में ओबीसी आरक्षण के तहत लगभग 82 प्रतिशत लाभ एक ही वर्ग को दिया गया, जबकि राजभर, केवट, मल्लाह, चौहान सहित कई जातियों को उनका वाजिब हिस्सा नहीं मिला। राजभर ने कहा कि सपा बाबा साहब के संविधान की बात करती है, लेकिन उसके कार्यकाल में सामाजिक न्याय की अनदेखी हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी सदन चलता है, सपा आरक्षण का मुद्दा उठाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करती है। सरकार की ओर से जवाब देते हुए राजभर ने सदन को बताया कि सपा सरकार के दौरान रोजगार मेलों के जरिए कितने युवाओं को रोजगार मिला और 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक कितने युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी मिली है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि वर्तमान सरकार मातृशक्ति के लिए अलग से रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है, ताकि महिलाओं को अधिक अवसर मिल सकें।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83277.15
निफ्टी 25682.75



सोना 154098
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)




चांदी रु. 240947
प्रति किलो



# गिरावट से उबरे शेयर बाजार सेंसेक्स 650 अंक चढ़ा

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी लौट आई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 650.39 अंक (0.79 प्रतिशत) की बढ़त में 83,277.15 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। दूसरे एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेत से शुरुआती कारोबार में घरेलू बाजारों में गिरावट थी, लेकिन यूरोपीय बाजारों में तेजी रहने से बाद में निवेश धारणा मजबूत हुई। इससे आज सेंसेक्स में 1,057 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। यह नीचे 82,277 अंक और ऊपर 83,333 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली को जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.48 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी, स्वास्थ्य, फार्मा, धातु, तेल एवं गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में तेजी रही। ऑटो और मीडिया समूहों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एचडीएफसी बैंक में भी दो प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत ऊपर बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल, टीसीएस और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा में गिरावट रही।

## चांदी सस्ती हुई, सोने की कीमत में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** चांदी के दाम में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 1,486 रुपए गिरकर 2,40,947 रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी की कीमत 2,42,433 रुपए किलो थी। आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,333 रुपए बढ़कर 1,54,098 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,52,765 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। हालांकि पिछले तीन कारोबारी दिनों में चांदी 25,502 और सोना 3,224 रुपए सस्ता हुआ है। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई है।

इस दौरान सोना करीब 15 प्रतिशत तक सस्ता हो गया था। अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एक मुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 144590 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 157740 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 157740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 144590 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# डील से हम जरूरत का 52 प्रतिशत तेल नहीं खरीद सकेंगे: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि हाल ही में अमेरिका के साथ हुए व्यापारिक समझौते के तहत जो शर्त रखी गई है कि उसके तहत भारत, रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा और इस शर्त के बाद भारत अपनी जरूरत का 52 प्रतिशत कच्चा तेल अब नहीं खरीद सकेगा जिससे देश को भारी आर्थिक नुकसान होगा। कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी के राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने छह फरवरी को एक आदेश में कहा है कि भारत ने वादा किया है कि वह रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा और अगर खरीदता है, तो अमेरिका इस पर निगरानी रखेगा। निगरानी में यदि पाया जाता है कि भारत ने प्रत्यक्ष या परोक्ष से रूस से तेल खरीदा है तो भारत पर सारी टैरिफ पैनल्टी लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी को अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी यही बात दोहराई है। उन्होंने एक अंतर्राष्ट्रीय मंच पर कहा है कि भारत ने वादा किया है कि वह रूस से तेल नहीं खरीदेगा। इस शर्त के अनुसार भारत अब अमेरिका के कहने पर रूस से भी कच्चा तेल नहीं खरीद सकेगा। इससे पहले अमेरिका के कहने पर भारत ने ईरान से कच्चे तेल की खरीद बंद कर दी थी।

### कपास किसानों को होगा बड़ा नुकसान : सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारत-अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापार समझौते पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने देश के किसानों के हितों को नजरअंदाज कर यह समझौता किया है और इससे खासकर कपास किसानों को बड़ा नुकसान होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इस समझौते से देश के कपड़ा उद्योग पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**हिमंता शूटिंग...** आगे की कार्रवाई गुवाहाटी हाईकोर्ट में होगी, जहां याचिकाकर्ता अपनी शिकायतें रख सकेंगे। वीडियो में सीएम को एक खास समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और फायरिंग करते हुए दिखाया गया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली की बेंच ने पिटीशनर्स से गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने को कहा। हालांकि कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया है, कोर्ट को प्लेग्राउंड मत बनाइए। असम में आने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि समस्या यह है कि चुनाव का एक हिस्सा उससे पहले लड़ा जाता है। जोकि ठीक नहीं है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट हिमंता के खिलाफ लगाई गई तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। दो याचिकाएं सीपीआई (एम) और सीपीआई ने लगाई थीं। तीसरी याचिका असम के चार लोगों ने मिलकर दायर की थीं। दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड प्वाइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो डिलीट कर दिया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के एक्स हैंडल पर दिख रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि असम मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा कथित तौर पर एक राइफल से निशाना साधते और दो लोगों पर गोली चलाते हुए दिख रहे थे। निशाने में दिख रही तस्वीर में एक ने टोपी पहनी थी और दूसरे की दाढ़ी थी। इसका कैप्शन प्वॉइंट-ब्लैंक शॉट था। श्रीनेत के शेयर किए गए वीडियो में असम की भारतीय जनता पार्टी का एक्स अकाउंट नजर आ रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा कि यही है असली बीजेपी: सामूहिक हत्यारे। यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं।

**उप्र आक्रांताओं...** कराई गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने पीएसी को बंदी की कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन अब प्रदेश में 34 वाहिनियां सक्रिय हैं, जिनमें तीन नई महिला बटालियन-उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई-शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र अब अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दे रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प का उल्लेख किया और आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को आगे बढ़ाने की बात कही। योगी ने कहा कि बहराइच में महाराज सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनाया गया है और उनके नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दल राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, कांवड़ यात्रा, दीपोत्सव और रंगोत्सव जैसे आयोजनों का विरोध करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे और समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। योगी ने कहा कि हिंदुस्तान में रहकर राष्ट्रगीत गाने में दिक्कत होना संविधान और बाबा साहेब का अपमान है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा उप्र में बसती है और प्रदेश की सेवा करना उनके लिए गौरव की बात है। सरकार ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का मार्ग अपनाया है और सभी तीर्थस्थलों के विकास के लिए व्यापक कार्य किए हैं। अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उप्र नए भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और सरकार विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव के एजेंडे पर प्रतिबद्ध है।

## फॉर्म-7 के जरिए पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि डेटा में साफ दिख रहा है कि पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही है।

फॉर्म-7 के जरिए सुनियोजित तरीके से लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी हस्ताक्षर कर बड़ी संख्या में मतदाताओं, खासकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के नाम काटे गए हैं। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि कई मामलों में अज्ञात व्यक्तियों के नाम से आवेदन देकर मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि गोविंद राय के फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर 16 मतदाताओं के नाम हटाए गए, जबकि बाबागंज विधानसभा क्षेत्र में फर्जी हस्ताक्षर के जरिए फॉर्म-7 भरकर करीब 100 वोट काट दिए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भुरीपुरा विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी से जुड़े अतीक अहमद का भी वोट इसी प्रक्रिया के तहत कटवा दिया गया।

# यूपी में 10 अप्रैल को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची: नवदीप रिणवा

**वाराणसी, वार्ता**

■ राज्य में एसआईआर प्रक्रिया अभी जारी, कुछ नोटिसों का हो चुका समाधान

उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा सोमवार को काशी पहुंचे। चौका घाट स्थित सांस्कृतिक संकुल में उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उप्र में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। कुछ लोगों में इस बात को लेकर स्पष्टता नहीं है कि एसआईआर अभी हुआ नहीं है।

कई लोग कह रहे हैं कि एसआईआर हो गया, जबकि अभी दावा-आपत्ति, नोटिस जारी करने और सुनवाई का चरण ही चल रहा है। रिणवा ने कहा कि ड्राफ्ट सूची प्रकाशित होने से पारदर्शिता आई है। फॉर्म-7 कोई भी भर दे और किसी का नाम कट जाए, ऐसा नहीं होता। पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से चल रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई, जिसमें सभी के सुझाव सुने गए। ब्लॉक-स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के अनुभव भी लिए जा रहे हैं, ताकि फील्ड में आने वाली दिक्कतों और कठिनाइयों का समाधान किया जा सके। कुछ दिनों पूर्व भारतीय जनता पार्टी के मंत्री रविंद्र जायसवाल ने नौ हजार से अधिक डुप्लीकेट वोटर अपने उत्तर विधानसभा क्षेत्र में होने का आरोप लगाते हुए इसे 'वोट जिहाद' का नाम दिया था। इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मुझे इसकी विस्तृत जानकारी नहीं है, जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार इससे बेहतर बता सकते हैं। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पहले चरण में प्राप्त 4,300 लोगों की सूची में से केवल 8 वोटर डुप्लीकेट पाए गए हैं। शेष दूसरी सूची का सत्यापन कराया जा रहा है। रिणवा ने आगे बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 27 अक्टूबर 2025 को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने की घोषणा की थी। 4 नवम्बर से इसका पहला चरण शुरू हुआ। उप्र के सभी मतदाताओं को 27 अक्टूबर 2025 तक की मतदाता सूची के आधार पर गणना फॉर्म छपवाकर बीएलओ के माध्यम से घर-घर पहुंचाया गया। मतदाताओं ने फॉर्म भरकर हस्ताक्षर किए। यह चरण 26 दिसम्बर तक चला। छह जनवरी 2026 को उप्र की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की गई, जिसमें लगभग 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार नाम शामिल हुए। गणना शुरू होने पर कुल 15 करोड़ 44 लाख के करीब नाम थे। इस प्रकार ड्राफ्ट सूची से करीब 2 करोड़ 88 लाख नाम हटाए गए। ये नाम विभिन्न कारणों से हटाए गए, जैसे मृत्यु हो जाना, एक से अधिक स्थान पर नाम दर्ज होना, घर बदलकर कहीं और चले जाना या संपर्क न होने पर 'लापता' श्रेणी में रखा जाना।

# विधानसभा में पर्यटन पर सियासी संग्राम

## सपा विधायक कमाल अख्तर और नफीस अहमद के पर्यटन नीति को लेकर सरकार से तीखे सवाल

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में सोमवार से वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर चर्चा शुरू होते ही पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत का मुद्दा प्रमुखता से उभरा। जिस पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सरकार द्वारा परियोजनों और उसके बजट के आंकड़ों से विपक्ष को करारा जवाब दिया। सदन में समाजवादी पार्टी के विधायक कमाल अख्तर और नफीस अहमद ने प्रदेश के प्रमुख पर्यटक स्थलों के विकास, सौंदर्यीकरण और नई पर्यटन नीति को लेकर सरकार से तीखे सवाल पूछे। विपक्ष ने जानना चाहा कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिहाज से किन स्थलों को विकसित किया जा रहा है और प्रदेश सरकार की दीर्घकालिक नीति क्या है? जवाब में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सरकार ने पूरे प्रदेश को 12 पर्यटन सर्किट में विभाजित कर समग्र विकास की रणनीति अपनाई है। इनमें रामायण, कृष्ण-ब्रज, बौद्ध, महाभारत, शक्तिपीठ, आध्यात्मिक, सूफी-कबीर, जैन, बुंदेलखंड, इको टूरिज्म, वन्यजीव एवं पर्यावरण, शिल्प और स्वतंत्रता संग्राम सर्किट शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि इन सर्किटों का गठन किसी धर्म या जाति के आधार पर नहीं, बल्कि सभी समुदायों और सांस्कृतिक विरासत को साथ लेकर किया गया है। मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार, वर्ष 2022 से 2025-26 के बीच बौद्ध धर्म से जुड़ी 43, जैन



धर्म से संबंधित 30, वाल्मीकि समाज के 6 पर्यटन स्थलों पर सुविधा विकसित की, रविदास समाज के लिए 19, रैदास समाज के लिए 1, कबीर पंथ के 7, गुरुद्वारों के लिए 9 और डा. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में 5 परियोजनाएं समेत कुल 110 परियोजनाएं स्वीकृत कर पूरी की गई हैं। उन्होंने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में पिछली सरकार ने पर्यटन क्षेत्र में केवल 24 परियोजनाएं और 109 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। इसके मुकाबले वर्तमान सरकार ने वर्ष 2024-25 में 1734.31 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है, जो 15-16 गुना अधिक है। इसी अवधि में 366 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं और उन्हें समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जा रहा है। इसके अलावा कनेक्टिविटी पर भी फोकस पर अपनी बात रखते हुए, मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए धर्मार्थ कार्य विभाग से 1000 करोड़ रुपये अलग से स्वीकृत किए गए हैं। सदन में मंत्री ने सीधे कमाल अख्तर का नाम लेते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्रों में भी विकास कार्य कराए गए हैं। वर्ष 2020-21 में 50 लाख रुपये की धनराशि दी गई थी। इसके अलावा ग्राम ढाकी स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 91 लाख रुपये और भोजीपुरा के मोइनी मंदिर के विकास के लिए 150 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।स्पष्ट है कि 2026-27 के बजट सत्र में पर्यटन केवल विकास का मुद्दा नहीं, बल्कि राजनीतिक विमर्श का भी केंद्र बन चुका है। हालांकि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आंकड़ों से यह स्पष्ट कर दिया कि उप्र की योगी सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पूर्णता कटिबंध है।

# पालिका में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** नगर पालि. का लखीमपुर प्रांगण में सफाई मित्रों एवं समस्त पालिका कर्मचारियों/अधिकारियों के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष डा. इरा श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर एसीएमओ डा, आरएम गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी/डिप्टी सीएमओ डा. लालजी पासी तथा डिप्टी सीएमओ डा. प्रमोद वर्मा उपस्थित रहे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा व्यापक स्तर पर जांच एवं उपचार सेवाएं प्रदान की गईं। कुल 271 लोगों की ओपीडी की गई। शिविर के दौरान 32 टीबी (टीवी) जांच, 46 एक्स-रे, 110 लोगों की बीपी व शुगर जांच की गई। इसके साथ ही 30 मलेरिया जांच भी की गई,



जिससे विभिन्न रोगों की समय रहते स्क्रीनिंग संभव हो सकी। जांच के उपरांत डाक्टर्स द्वारा आवश्यकतानुसार मरीजों को नि:शुल्क दवाएं भी लिखीं गईं गईं। कैंप में 11 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। नगर पालिका अध्यक्ष डा. इरा श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बेहतर सेवाएं दी गईं। नगर पालिका के सफाई मित्र प्राय: अपने स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील नहीं रहते हैं, ऐसे में एक ही स्थान पर कई प्रकार की जांच और दवाओं की सुविधा मिलना उनके लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे अनेक बीमारियों की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो सकी है। उन्होंने इस विशेष स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए सीएमओ डा. संतोष गुप्ता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नगर पालिका के समस्त सफाई मित्रों कर्मचारी और अधिकारियों से कहा कि परिवार के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें, जब वह स्वस्थ रहेंगे, तभी स्वस्थ व स्वच्छ समाज की स्थापना में अपना योगदान दे सकेंगे।

# लखीमपुर खीरी में पानी की निकासी को लेकर विवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** तहसील पलिया क्षेत्र के धूसर पतवारा बड़ा गांव में नल के पानी की निकासी को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। गांव निवासी सुभाष चौहान ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**ग्रामीण ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष चौहान के घर के सामने आबादी की भूमि गाटा संख्या 815 पर लगभग दस वर्ष पूर्व नल स्थापित किया गया था, जिससे उनके परिवार का दैनिक कार्य संचालित होता था। आरोप है कि गांव के ही निवासी पांल सिंह द्वारा नल के पानी को लेकर आए दिन विवाद किया जाता रहा है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि पड़ोस की गाटा संख्या 835 (सरखना पूरब, तहसील पलिया के निकट एक बड़ा तालाब मौजूद है, जिसमें गांव का पानी जाता है, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा इस तथ्य से इन्कार किया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि क्षेत्रीय लेखपाल एवं उनके सहयोगी द्वारा विपक्षी से मिलीभगत कर गलत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सुभाष चौहान के अनुसार वर्तमान में पानी की निकासी बाधित होने से उनके घर में पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो रही है।

साथ ही आबादी की भूमि पर टीनशेड के माध्यम से कब्जा कराने का प्रयास भी किया गया, जिसे ग्रामीणों के विरोध के बाद रोका गया। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की जांच किसी अन्य लेखपाल से पुलिस बल की मौजूदगी में कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है।

# समस्याओं के समाधान में ढील बर्दाश्त नहीं होगी: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने यहां आए हर फरियादी से स्वयं मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अनुरोध किया कि लखनऊ आने से पहले अपनी समस्याओं को लेकर जनपद व मंडल स्तर पर तैनात अधिकारियों से जरूर मुलाकात करें। वहां भी हर अधिकारी आम जनों की समस्याओं के उचित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। यदि किन्हीं कारणों से वहां समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा हो, तो अवश्य लखनऊ आएं। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान कुछ उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री



ने हर एक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) एवं जिला प्रशासन को तत्काल और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में निवेश का बेहतरीन इकोसिस्टम तैयार किया गया है और सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं। यदि किसी उद्यमी को किसी भी स्तर पर परेशानी होती है, तो उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में एक नागरिक ने बेसिक शिक्षा परिषद के सभी प्राथमिक विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों को अनिवार्य किए जाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने इस सुझाव को गंभीरता से लेते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेल और शारीरिक गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही अवैध कब्जों और पुलिस से जुड़े मामलों में भी अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों को देखकर उनका हालचाल जाना और हंसी ठिठोली भी की। मुख्यमंत्री ने बच्चों से पूछा कि किस क्लास में पढ़ते हो। बच्चों ने भी मुख्यमंत्री के प्रश्नों का उत्तर दिया, फिर सीएम योगी ने सभी बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करो। खूब खेलो और खेलकर खिलते रहो। सीएम ने बच्चों को चाकलेट दी और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया।

# ट्रेड डील नहीं, बल्कि पेड डील है:लोकदल

**लखनऊ।** भारत-अमेरिका कृषि डील के विरोध में जनपदों में डीएम को सौंपा गया ज्ञापन आज प्रदेश के सभी जनपदों में लोकदल एवं विभिन्न किसान संगठनों द्वारा भारतदृअमेरिका कृषि डील के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि यह कोई ट्रेड डील नहीं बल्कि पेड डील है, जो देश के अन्नदाताओं के साथ खुला धोखा है। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि यह समझौता किसानों के हितों को दरकिनार कर देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और भारत को आर्थिक रूप से गिरवी रखने की साजिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस किसान-विरोधी डील को तत्काल




निरस्त नहीं किया गया तो आंदोलन की आग और अधिक भयावह रूप लेगी।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के नेता वी.एम. सिंह तथा किसान नेता ऋषिपाल अम्बावता सहित 17 किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कहा कि यह डील भारतीय कृषि व्यवस्था को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हवाले करने का प्रयास है। इससे न्यूनतम समर्थन मूल्य स्थानीय मंडियों और छोटे किसानों के अस्तित्व पर गंभीर संकट उत्पन्न होगा। ज्ञापन के माध्यम से सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि अन्नदाता के सम्मान और अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि सरकार ने समय रहते इस डील को वापस नहीं लिया, तो किसान संगठन व्यापक और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# बौद्ध सम्मेलन 17 से 19 फरवरी तक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के पालि एवं बौद्ध अध्ययन विभाग की ओर से 17 से 19 फरवरी 2026 तक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हो रहा है।

यह सम्मेलन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग और तोयो विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य पालि साहित्य, बौद्ध दर्शन, त्रिपिटक अध्ययन, अलग-अलग बौद्ध परंपराओं की तुलना, बौद्ध संस्कृति और विरासत, पांडुलिपि विज्ञान और आज के समय में बौद्ध विचारों की अहमियत जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा करना है। तीन दिनों में कुल 80 चुने हुए शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में म्यांमार, कोरिया, श्रीलंका, नेपाल, कंबोडिया, जापान, थाईलैंड और वियतनाम समेत कई देशों के विद्वान, शोधकर्ता, प्रोफेसर और विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे। अलग-अलग तकनीकी सत्रों में पालि त्रिपिटक, अठकथा परंपरा, बौद्ध तर्कशास्त्र, थेरवाद और महायान दर्शन, तुलनात्मक बौद्ध अध्ययन और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संवाद जैसे विषयों पर शोध-पत्र पढ़े जाएंगे। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. सिद्धार्थ सिंह, कुलपति, नव नालंदा महाविहार होंगे। सत्र की अध्यक्षता प्रो. रवींद्र पंथ, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध कनफेडरेशन करेंगे।संरक्षिका के रूप में सुश्री सुषमा घिल्दियाल मौजूद रहेंगी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो. केंजी ताकाहाशी, तोयो विश्वविद्यालय, टोक्यो द्धजापानत्र अपने विचार साझा करेंगे। वहीं 19 फरवरी को आयोजित समापन सत्र की अध्यक्षता प्रो. उमा शंकर व्यास, पूर्व निदेशक, नव नालंदा महाविहार करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. राजेश रंजन, कुलपति, केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. तोमोयोकी यामाहाता, होक्काइदो विश्वविद्यालय और डा. के. सिरी सुमेध थेरो, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सदस्य मौजूद रहेंगे। समापन सत्र में सम्मेलन की सिफारिशें द्धसंस्तुतियांत्र पेश की जाएंगी। साथ ही भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बौद्ध शोध सहयोग को और मजबूत करने की योजना भी घोषित की जाएगी। इस पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह सम्मेलन भारत और एशिया के दूसरे देशों के बीच बौद्ध शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति और शोध के रिश्तों को और मजबूत करेगा। इससे भारत को दुनिया में बौद्ध ज्ञान के एक बड़े केंद्र के रूप में पहचान मिलेगी। उन्होंने बताया कि पर्यटन एवं संस्कृति विभाग बौद्ध शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़ सकें।

# पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ में महानिदेशक संस्थान एल वेंकटेश्वर लू के निर्देशानुसार, व पूर्व अपर निदेशक संस्थान बी डी चौधरी के संरक्षकत्व व अध्यक्षता में तथा अपर निदेशक संस्थान सुबोध दीक्षित के प्रशासनिक नियंत्रण में, ग्राम विकास विभाग के समूह क, ख, एवं ग श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रादेशिक प्रशिक्षण संवर्ग संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ।

उक्त चुनाव प्रक्रिया सम्पादित होने के उपरान्त क्रमश: अध्यक्ष पद हेतु डा. धीरेन्द्र कुमार यादव उप निदेशक/ आचार्य, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, अयोध्या,



उपाध्यक्ष पद हेतु डा. सन्तोष कुमार गुप्ता, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, महामंत्री पद हेतु डा. मनीष चन्द्रा, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, लखीमपुर, कोषाध्यक्ष पद हेतु डा. सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, सहायक निदेशक/ यूपी एसआरएलएम राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, नियंत्रक अधिकारी, संस्थान मुख्यालय, उप मंत्री पद हेतु दिलीप कुमार निर्वाचित हुए तथा निर्विरोध विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सर्व सम्मति से डा. विजय प्रताप यादव, प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी तथा डा नवीन कुमार सिन्हा चयनित हुए। चुनाव सम्बन्धी समस्त कार्यक्रम सेवा निवृत्त उप निदेशकों के गहन परीक्षण में सम्पादित हुआ तथा आयोजन के प्रबंधन के दृष्टिगत संस्थान के सहायक निदेशक राजीव कुमार दुबे एवं डा राजकिशोर यादव का सराहनीय योगदान रहा है। चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण रूप से पारदर्शी रही।

## लखनऊ में कई कांग्रेसियों को किया हाउस अरेस्ट

**लखनऊ।** मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की समग्र आर्थिक प्रणाली को चलाने वाला आधार स्तंभ था। यह आय, अवसंरचना, कृषि, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा सभी को मजबूती प्रदान कर वास्तव में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में कार्य किया। जिसे आज मोदी सरकार खत्म करने पर अमादा है, जिसे बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश में एक विशाल मनरेगा बचाओ संग्राम छेड़ रखा ह इसी क्रम में कल उप्र कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश के कांग्रेसजनों के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कल 17 फरवरी को विधानसभा घेराव करने का ऐलान किया है।

# लखीमपुर खीरी में 27 फरवरी तक चलाया जाएगा टीकाकरण अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में बच्चों को खसरा एवं रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एमआर स्कूल अभियान 2026 का शुभारंभ सोमवार को किया गया।

यह अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक जनपद के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों में संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक, लगभग 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का एमआर टीकाकरण किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ योगेश वर्मा, विधायक सदर लखीमपुर, द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा संतोष गुप्ता ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा जनस्वास्थ्य के दृष्टिकोण से एमआर टीकाकरण की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का आयोजन सीबी सिंह गौड इंटर कॉलेज, सलेमपुर परिसर में किया गया, जहां विद्यालय परिवार के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा रवि सिंह, डब्ल्यूएचओ से डा. विकास सिंह तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि एमआर स्कूल अभियान बच्चों को गंभीर एवं संक्रामक रोगों से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके और जनपद को रोगमुक्त बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाया जा सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी दी कि अभियान के अंतर्गत जनपद लखीमपुर खीरी के सभी चिन्हित विद्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीमों द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टीकाकरण, जागरूकता एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जाएँगी। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं विद्यालय प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# निर्यात ऋण योजना का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** निर्यात को बढ़ावा देने और भारत सरकार के विज़न के अनुरूप 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने दो नई निर्यात ऋण कार्यशील पूंजी योजनाओं का शुभारंभ किया है।

यूनियन निर्यात सुगम और यूनियन निर्यात प्रोत्साहन योजना यूनियन निर्यात सुगमष योजना के अंतर्गत सभी विनिर्माता निर्यातकर्ताओं को 80 करोड़ रुपये तक का निर्यात ऋण कार्यशील पूंजी प्रदान की जाती है, जिसमें गैर-एमएसएमई भी शामिल हैं (व्यापारी, मर्चेंट निर्यातकर्ता, रत्न, आभूषण तथा हीरे और लौह अयस्क निर्यातकर्ताओं को छोड़कर) इस योजना के अंतर्गत, कोलैटरल सुरक्षा जमा करना आवश्यक नहीं है, यह योजना विशेषकर निर्यातकर्ताओं को किफायती निर्यात वित्त का एक्सेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जिससे वे अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में बेहतर प्रतिस्पर्धा कर सकें। यूनियन निर्यात प्रोत्साहन योजनाष के अंतर्गत सभी सूक्ष्म और लघु निर्यातकर्ताओं (व्यापारी, मर्चेंट निर्यातकर्ता, रत्न, आभूषण तथा हीरे और लौह अयस्क निर्यातकर्ताओं सहित) को 10 करोड़ रुपये तक की कोलैटरल फ्री निर्यात ऋण कार्यशील पूंजी दी जाती है। इस योजना के अंतर्गत, कोलैटरल सुरक्षा या तृतीय पक्ष गारंटी की कोई आवश्यकता नहीं है। यह योजना सूक्ष्म और लघु निर्यातकर्ताओं के लिए बनाई गई है, जिसके माध्यम से किफायती और बिना किसी गारंटी के निर्यात वित्त दिया जाता है।

# योगी सरकार निषाद आरक्षण का वादा पूरा करे: लौटन राम

**लखनऊ।** भाजपा ने विधानसभा चुनाव 2012 के चुनाव घोषणा पत्र में वादा किया था कि निषाद मछुआ समुदाय की जातियों सहित नोनिया, लोनिया, चौहान,

कुम्हार, राजभर, बियार, बंजारा आदि को अनुसूचित जाति में शामिल कराया जायेगा। भाजपा सरकार बनने पर भाजपा निषाद मछुआ समुदाय के साथ वादाखिलाफी कर रही है। मो. हनलालगंज विधानसभा क्षेत्रांतर्गत गंगागंज में रामकुमार निषाद की अध्यक्षता व विनोद कश्यप के संयोजकत्व में आयोजित कश्यप-निषाद पंचायत को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय निषाद संघ के राष्ट्रीय सचिव/ प्रवक्ता चौ.लौटनराम निषाद ने कहा कि भाजपा निषाद, कश्यप, बिन्द, केवट, मल्लाह, मांझी, गोड़िया समाज को रामभक्त, राम का मित्र बताकर वोट लेने के बाद निषाद समाज के साथ वादाखिलाफी व सौतेला व्यवहार करना शुरू कर दिया। योगी आदित्यनाथ सपा पर निषाद आरक्षण छीनने की गलतबयानी कर रहे थे,अब क्यों नहीं निषाद समाज की जातियों को अनुसूचित जाति का आरक्षण व उनका परम्परागत पुश्तैनी अधिकार क्यों नहीं दिला रहे हैं। अनुसूचित जाति में उत्तर प्रदेश की 66 जातियां हैं। अनुसूचित जाति में शामिल होने पर निषाद,मल्लाह ,केवट,बिन्द, धीवर, कश्यप, राजभर, प्रजापति नहीं हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि निषाद आरक्षण की कोख से उपजी निषाद पार्टी पारिवारिक हीत व सौदेबाजी के कारण निषाद समाज को आरक्षण ,तो नहीं दिलवा पायी,उल्टे 1994 में सपा सरकार ने मत्स्य पालन व बालू खनन पट्टा का जो अधिकार निषाद मछुआ समुदाय को दिया था।उसे भी छीनवा दिया। 5 अप्रैल की निषादराज व कश्यप घषि जयंती के सार्वजनिक अवकाश को खत्म करने पर चुप्पी साध लिया।25 जुलाई 2021 को सन आफ मल्लाह मुकेश सहनी व मेरे द्वारा 18 जिलों में वीरांगना फूलन देवी की 35-35 फीट ऊंची प्रतिमा लगवाई जा रही थी ।जिसे संजय निषाद ने योगी आदित्यनाथ से मिलकर लगवाने से रोकवा दिया। राष्ट्रीय निषाद संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाशनाथ निषाद ने कहा कि संजय निषाद व



ओमप्रकाश राजभर खुद नहीं चाहते कि निषाद व राजभर जाति को अनुसूचित जाति का आरक्षण मिले। निषाद-कश्यप पंचायत को रामकेश बिन्द, मंगला प्रसाद निषाद, नीलम कश्यप, महेश कुमार कश्यप, सुशील कुमार निषाद, रामनरेश निषाद, राजाराम निषाद, धर्मेन्द्र कश्यप, शिमला प्रसाद गोयिं, रामेश्वर निषाद, शिवप्रसाद निषाद, रामनरेश आदि ने सम्बोधित किया।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष को किया हाउस अरेस्ट

## लखनऊ विधानसभा का घेराव करने की तैयारी थी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लखनऊ में विधानसभा का घेराव करने जाने की तैयारी में जुटे कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया समेत कई पार्टी के नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया।

सोमवार को जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि मुझे 6 साल में 57 बार हाउस अरेस्ट किया गया है। आज भी बिना कोई कारण बताएं बिना किसी करण के हाउस अरेस्ट किया गया। पुलिस प्रशासन से पूछने पर के हाउस अरेस्ट क्यों कर रहे हो तो बताया गया कि ऊपर से आदेश है। आप घर में ही हाउस अरेस्ट रहोगे कहीं नहीं जाओगे। आखिर ऊपर कौन लोग हैं जो इस तरह का आदेश दे रहे है। क्या देश और प्रदेश में इमरजेंसी लगी है। जो हम विपक्ष के लोग कहीं नहीं जा सकते। किसान मजदूर नौजवान की आवाज को नहीं उठा सकते हैं।प्रदेश के किसानों नौजवानों पर मजदूरों पर जुल्म किया जा रहा हैं। कांग्रेस उनके साथ खड़ी हैं उनके हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने कहा हमें घरों में नजर बंद करके हमारे हौसले व जज्बे को कम नहीं कर सकते। प्रदेश की योगी सरकार अहंकार और घमंड में डूबी हुई है।



# अमेरिका से ट्रेड डील को रद्द किया जाये

## एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावत ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए एमएसपी को कानूनी दर्जा दिये जाने पर बल देकर अमेरिका से ट्रेड डील को रद्द करने की मांग की है।

सोमवार को भारतीय किसान अंबावत ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को सौंप दिया। इस दौरान प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि अमेरिका से भारत को जल्द से ट्रेड डील को रद्द कर देना चाहिये। उन्होंने कहा कि एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाये। विधवा एवं बुढ़ापा पेंशन पूरे भारत में 5000 लागू की जाये। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं चिकित्सा पूरे भारत में निशुल्क की जाये। संपूर्ण किसानों का कर्ज पूरे देश में माफ कर दिया जाये। अनाज की कालाबाजारी को तुरंत बंद किया जाये। उन्होंने कहा कि बिना डिग्री धारक डॉक्टरो द्वारा जो प्राइवेट अस्पताल गली मोहल्लो में अवैध रूप से संचालित किये जा रहे हैं। उस पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाये। उन्होंने कहा कि ग्राम मंगरोला में प्राथमिक विद्यालय के पास छोटे तालाब की खुदाई एवं सफाई कराई जाये। उन्होंने कहा कि संजीवनी अस्पताल को रहरा अड्डा पर सरकारी डॉक्टरों की देखरेख में अस्पताल चलाया जा रहा है उसे बंद किया जाये। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया, जगबीर सिंह मौर्य, राजवीर सिंह, अमरजीत, अयान, शमशाद सैफी, नफीस अहमद, जगवीर सिंह, राजवीर सिंह, आरिफ आदि मौजूद थे।

# मजलिस के बढ़ते जनाधार से बौखलाये विपक्षी



## शाहपुर कलां में हुई पार्टी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश के भीतर बड़ी ताकत के रूप में उभर कर आ रही है। 2027 में उनके बिना प्रदेश में सरकार नहीं बनेगी।

सोमवार को गांव शाहपुर कलां में मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन की बैठक का आयोजन किया गया। बिजनौर के प्रभारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी शहजाद खान एडवोकेट ने कहा पूरे प्रदेश में मजलिस की हवा चल रही है। प्रदेश की जनता पार्टी के सदर असदुद्दीन ओवैसी की नीतियों से प्रभावित हो रही है। एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ टीपी सिंह ने कहा मजलिस का जनाधार तेजी के साथ बढ़ रहा है। 2027 के विधानसभा के चुनाव में मजलिस का झंडा डंडा और नेता होगा। जिला अध्यक्ष साजिद चौधरी ने कहा आने वाला समय मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन इनका है। पार्टी पंचायत चुनाव के लिए कमर कर चुकी है। हमारा नेता मुस्लिम समाज की उम्मीद बनकर मुस्लिम रहनुमा बनकर उभरा है।इस दौरान छून्नन अल्वी को मजलिस का विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया। मुत्त. लिब अहमद ने कहा अब ग्रामीण स्तर पर भी मजलिस का जनाधार बन रहा है। मजलिस के बढ़ते जनाधार को देखकर विपक्षी बौखला गये हैं।

नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष छून्नन अल्वी ने कहा कि पार्टी ने जिस उम्मीद के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है। उस पर वह खरा उतरेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका मकसद सदर असदुद्दीन ओवैसी व प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के हाथों को मजबूत करना है। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष का कार्यकर्ताओ द्वारा फूलमालाये पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुत्तलिब अहमद, युसूफ चौधरी, हाफिज आसिफ, अहसान सैफी, शाहजेब सलमानी डॉक्टर वकार चौधरी, मारूफ अंसारी, फिरोज अंसारी, सादिक कादरी आदि मौजूद थे।

# शांति से मनाएं त्यौहार, नई परम्परा की इजाजत नहीं

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** आने वाले त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाने के लिए मंडी धनौरा में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम विभा श्रीवास्तव और सीओ अंजलि कटारिया ने की। दोनों अधिकारियों ने साफ कहा कि कोई नई परंपरा नहीं डाली जाएगी, जो परंपराएं पहले से चली आ रही हैं, वही शांतिपूर्वक कराई जाएंगी। एसडीएम ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और गलत खबर फैलाने वालों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। बैठक में लोगों ने सड़क, पानी, सफाई, बिजली, रोशनी और ट्रैफिक जैसी समस्याएं रखीं। इस पर अधिकारियों ने संबंधित विभागों को जल्द काम कराने के निर्देश दिए। नगर में विशेष सफाई अभियान चलाने, खाद्य सामग्री की जांच कराने और पानी-बिजली की व्यवस्था दुरुस्त रखने पर जोर दिया गया। सीओ अंजलि कटारिया ने कहा कि लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करें, नई परंपराएं न डालें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार, कस्बा चौकी प्रभारी सुधीर कुमार, अनीस उर्र रहमान, दुलीचंद गिहार, भोले अंसारी, गुरचरण सिंह, समीर सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु और सामाजिक लोग मौजूद रहे।



# बच्चों पर दबाव न बनायें अभिभावकः यादव

## बोर्ड परीक्षा से पहले प्रधानाचार्य ने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा नजदीक आते ही छात्र-छात्राएं तैयारी में जुट गए हैं। अभिभावक भी बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। इसी को लेकर शाह टाइम्स के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम मे संवाददाता सुमित अग्रवाल से वार्ता करते हुए फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य देवव्रत यादव ने छात्रों और अभिभावकों से विशेष अपील की है।

अपील में कहा गया कि अभिभावक बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से मजबूत करें। समय पर भोजन, पूरी नींद और पढ़ाई के लिए शांत माहौल देना बहुत जरूरी है। मोबाइल, टीवी और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान लगाने के लिए प्रेरित करें। छात्रों से भी कहा गया कि वे घबराएं नहीं, नियमित रूप से पढ़ाई करें, समय सारिणी बनाकर तैयारी करें, कठिन विषयों पर ज्यादा ध्यान दें और पुराने प्रश्न पत्रों का अभ्यास करें।



आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ तैयारी करने से ही सफलता मिलेगी। फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य देवव्रत यादव ने कहा परीक्षा जीवन का एक अहम पड़ाव है, लेकिन डरने की जरूरत नहीं है। बच्चे नियमित पढ़ाई करें, मन शांत रखें और आत्मविश्वास बनाए रखें। माता-पिता अगर सहयोग करेंगे और सकारात्मक माहौल देंगे तो हर छात्र अच्छा परिणाम ला सकता है. विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत, संयम और सही मार्गदर्शन से ही उज्ज्वल भविष्य की राह बनती है।

# ट्यूबवैलों से बिजली उपकरण चुराने वाले चोरों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** थाना सैदनगली पुलिस ने किसानों के स्टार्टर व बिजली के अन्य उपकरणों को चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

काफी लंबे समय से थाना सैदनगली क्षेत्र में किसानों के ट्यूवेलों से स्टार्टर, बॉक्स, लोहा, तेल, कॉपर के तारों को चोरी कर वारदातों का अंजाम दे रहे थे। इसको लेकर किसान संगठनों में भारी रोष था। किसान संगठन लगातार अफसरों को ज्ञापन देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। थाना पुलिस शातिर चोरों के गिरोह को पकड़ने के लिए प्रयास कर रही थी। सोमवार को सीओ पंकज कुमार त्यागी ने खुलासा करते हुए बताया इकराम पुत्र हाजी रईस, आरिफ उर्फ भोला पुत्र लमिश ग्राम शाहबाजपुर थाना असमोली जनपद संभल इसराइल पुत्र अमन ग्राम भटपुरा थाना ऐचौड़ा जनपद संभल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी किये गये माल को भी चोरों के कब्जे से बरामद किया है। पुलिस द्वारा चोरों के पकड़े जाने को बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

# किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के निर्देश

## गांव-गांव बनेगा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सोमवार को खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार ने ब्लॉक सभागार में एडीओ व पंचायत सचिवों की बैठक ली। बैठक में कैच द रेन अभियान समेत विभिन्न सरक. ारी योजनाओं की समीक्षा की गई और जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

बीडीओ ने बताया कि कैच द रेन अभियान के तहत सभी सरकारी व सार्वजनिक भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया जाएगा, ताकि बारिश का पानी सीधे जमीन में जाए और जल स्तर बढ़े। इससे पर्यावरण को भी फायदा मिलेगा। इसके साथ ही सभी हैंडपंपों पर सोक पिट का निर्माण कराया जाएगा, जिससे पानी का सही तरीके से भू-गर्भ में समावेश हो सके।




बैठक में पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए कि वे फार्मर रजिस्ट्री की लगातार मॉनिटरिंग करें और सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से अनिवार्य रूप से जोड़ें, ताकि किसानों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। बीडीओ नरेंद्र गंगवार ने कहा कैच द रेन अभियान से गांवों में जल संरक्षण मजबूत होगा। बारिश का पानी जमीन में जाएगा तो भविष्य में पानी की कमी नहीं होगी। सभी सचिव अपने-अपने गांवों में काम तेजी से कराएं और हर किसान को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ना सुनिश्चित करें। बैठक में एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, एडीओ मनोज कुमार, एडीओ विकास शर्मा, एपीओ मुकेश रावल, पंचायत सचिव बंटी सिंह, मोहम्मद नासिम, संदीप सिंह, आंचल, राजीव कुमार, राजकुमार सैनी, सुदेश, रामगोपाल, रोही. हत, महेश, राजकुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# ऑपरेशन थिऐटर में डॉक्टर्स बढ़ाने के निर्देश

## जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते इनकी संख्या बढ़ाने तथा ऑपरेशन थिएटर में डाक्टरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये।

सोमवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने नगर की सीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनरल ओपीडी सेवायें, ड्रेसिंग कक्ष, पीएनसी कक्ष, प्रेरणा दीदी कैन्टीन, पैथोलॉजी लैब, पुरूष कक्ष, महिला कक्ष, इन्जेक्शन कक्ष, आयुष्मान भारत योजना कक्ष एवं इमरजेंसी के साथ साथ कोल्ड चौन का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित मरीजो से जानकारी प्राप्त की डॉक्टर्स बैठतें हैं और कोई डॉक्टर बाहर से तो दवा नही लिखते है। उन्होंने ने लैब में मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक जांचें उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मरीजों की जांच रिपोर्ट्स, लैब टेस्ट आदि को उनके आभा आईडी से लिंक किया जाए। संस्थागत प्रसवों की समीक्षा करते हुए संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि स्टाफ नर्स-वार डिलीवरी की मॉनिटरिंग की जाए। ऑपरेशन डियेटर के निरीक्षण में उन्होनें मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि आपरेशन डियेटर में डॉक्टर्स की संख्या बढ़ाई जाये। उन्होनें आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत बनाये गये कार्ड की जानकारी प्राप्त की और पूछा कि अभी तक कितने कार्ड जारी किये गये है, कितने अवशेष हैं। उन्होनें कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनाने से न छूटे। अस्पताल में मौजूद मरीजों एवं उनके तीमारदारों से मिलकर सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेंद्र सिंह, चिकित्सा अधिकारी उमर फारूक सहित डॉक्टर्स उपस्थित रहे।



## शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

# कोयला सप्लाई के नाम पर 12 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** नगर में कोयले की सप्लाई के नाम पर 12 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। शहर के मोहल्ला काजीजादा निवासी कारोबारी मुजाहिर हुसैन तुर्क ने असम के एक व्यक्ति पर नकद और आरटीजीएस के माध्यम से रकम लेने के बाद माल न भेजने और धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला काजीजादा निवासी मुजाहिर हुसैन तुर्क की डिडौली क्षेत्र के गांव हरियाना में एचएम तुर्की कोल सेल्स के नाम से फर्म है। गांव में ही उनका गोदाम है। मुजाहिर हुसैन का आरोप है कि असम के करीमगंज जिले के गोंबीरा घाट निवासी अल्ताफ हुसैन से मोबाइल पर उनका संपर्क हुआ था। दोनों के बीच चार ट्रक यानि करीब 100 मीट्रिक टन कोयला 12, 600 रुपये प्रति टन के हिसाब से भेजने का सौदा किया था। पीड़ित का आरोप है 30 सितंबर 2025 को आरोपी ने दिल्ली आकर छह लाख रुपये नकद ले लिए और छह लाख रुपये यूपी ग्रामीण बैंक शाखा सिनौरा के खाते से आरटीजीएस के जरिए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। आरोप है कि इसके बाद भाड़े के नाम पर करीब 50 हजार रुपये और उनसे और लिए गए लेकिन तय तारीख पर कोयले की सप्लाई नहीं भेजी। फोन किया तो आरोपी ने धमकी देने के बाद अपना मोबाइल बंद कर लिया। पीड़ित मजाहिर हुसैन ने बताया कि जब उन्होंने एक अन्य व्यक्ति के माध्यम से संपर्क किया तो उसने रकम लौटाने से इनकार कर दिया। मामले में मुजाहिर हुसैन ने एसपी अमित कुमार आनंद से शिकायत की थी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# डीएम पीलीभीत का आदेश फीस जमा न होने पर बोर्ड परीक्षा से रोका तो स्कूल पर होगी कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने समस्त प्रधानाचार्य/ व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी छात्र को फीस जमा न होने के कारण बोर्ड परीक्षा देने से वंचित नहीं किया जाए यदि किसी छात्र–छात्रा द्वारा ऐसी शिकायत की जाती है तो संबंधित प्रधानाचार्य/व्यवस्थापक के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि समस्त छात्र–छात्राओं को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य/केंद्र व्यवस्थापक की है।

# कुएं वाले मियां का सालाना उर्स शानो-शौकत से मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरिया।** हजरत शरीफ़ मियां उर्फ़ कुएं वाले दादा मियां के सालाना उर्स के तहत इतवार को कुल शरीफ की रस्म अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। कुल शरीफ में गांव व आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने पहुंचकर फातिहा पढ़ी और दरगाह पर हाजिरी दी। कुल की रस्में सुबह से ही शुरू हो गई थी कुरआन ख्वानी फातिहा और नात ओ मनकबत के बाद कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। उलेमा ए किराम ने कुएं वाले मियां व बरइया शरीफ़ के सैय्यदों की तालीमात और इस्लामी खिदमत पर रौशनी डालते हुए लोगों से आपसी भाईचारा और इंसानियत का पैगाम अपनाने की अपील की।इस मौके पर दरगाह के सज्जादानशीन हजरत सैय्यद मेहर मियां और सैय्यद जुल्फिकार मियां उर्फ़ गुड्डू मियां की सरपरस्ती में सामूहिक दुआ कराई गई, जिसमें मुल्क में अमन–चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी गई। कुल शरीफ के साथ ही उर्स का विधिवत समापन हो गया। उर्स के दौरान दरगाह परिसर में लगे मेले में भी दिन भर रौनक बनी रही। मेले में खान–पान की दुकानों, छोटे झूलों और बच्चों के मनोरंजन के साधनों का लोगों ने भरपूर लुत्फ उठाया। आयोजन समिति की ओर से व्यवस्थाएं दुरुस्त रहीं और जायरीनों के लिए लंगर के खास इंतजाम किए गए। उर्स में क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य रियाज़ खां, अशरफ खां, महफूज़ खां,अरशद,अकरम खा बदरूल हसन,फरमूद अली,व कई गांवों के ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर आठ करोड़ से अधिक की ठगी करने वाला मास्टरमाइण्ड गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर लगभग आठ करोड रुपयों की ठगी करने वाला मास्टरमाइण्ड अभियुक्त गिरफ्तार। घटना का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी सदर प्वै नताशा गोयल ने बताया कि दिनांक 16/09/2025 को मुकदमा वादी राजकुमार पुत्र भवानी प्रसाद निवासी ग्राम भूडा थाना अमरिया जिला पीलीभीत की सूचना के आधार पर मुकदमा 252/2025 धारा 406/420/468/471 भादवि बनाम 5 अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र पीलीभीत द्वारा टीम गठित कर घटना के सफल अनावरण के निर्देश दिये गये,

इसी क्रम में थाना अमरिया पुलिस द्वारा कमलेश कुमार, मो मोहसिन, शोएब, रामा यादव व रेखा मिश्रा पत्नी शिवशंकरन मिश्रा व धनंजय मिश्रा पुत्र शिवशंकर मिश्रा को मुकदमा उपरोक्त में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा चुका है। अभियुक्त कमलेश, मोहसिन, रामा यादव, शोएब, धनंजय मिश्रा व रेखा मिश्रा उपरोक्त की गिफ्तारी के दौरान व उपरान्त अन्य 23 पीडितों द्वारा उपस्थित थाना आकर अपनी अपनी तहरीर देकर सामूहिक रुप से बताया कि उपरोक्त अभियुक्त द्वारा हम लोगों के साथ भी रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर कूट रजित दस्तावेज देकर कुल रुपये 2,98,00,000 की धोखाधडी की है। दौराने विवेचना ज्ञात हुआ कि सभी पीडितों के साथ मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्त शिवशंकर मिश्रा पुत्र केशव मिश्रा निवासी 206, शिवम इन्कलेव, रूद्राक्ष रेजीडेन्सी के सामने कोसामण्डी, अंकलेश्वरर थाना एके जीआईडीसी जनपद भरूच (राज्य गुजरात) के द्वारा मुख्य रूप से नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपयों की ठगी की गई है।

# मुठभेड़ में डकैती गिरोह का भंडाफोड़, चार बदमाश दबोचे

**पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल दरोगा और सिपाही भी जख्मी**





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भोजीपुरा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और डकैती गिरोह के बीच हुई मुठभेड़ में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश अकरम अली और आसिफ के पैर में गोली लगी, जबकि बदमाशों की फायरिंग में दरोगा रुक्मेश सिंह और सिपाही संजय सागर घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोजीपुरा भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार 12 फरवरी की रात धौरा टांडा कस्बे में एक राइस मिलर के घर सशस्त्र बदमाशों ने धावा बोलकर नकदी और कीमती सामान लूट लिया था। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कई टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। डकैती के बाद भागते समय गिरोह का एक सदस्य छत से कूद गया था, जिससे उसके दोनों पैर टूट गए थे और उसे स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। उसी से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस बाकी साथियों की तलाश में जुटी हुई थी।

रविवार रात करीब 1:40 बजे थाना प्रभारी भोजीपुरा पुलिस बल के साथ गांव मसीत से महेशपुर शिवसिंह मार्ग पर गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप वाहन संदिग्ध हालत में दिखाई दिया, जिसकी नंबर प्लेट कपड़े से ढकी हुई थी। पुलिस ने वाहन रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने वाहन तेज रफ्तार से भगाने की कोशिश की। कुछ दूरी पर वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया।

खुद को चारों ओर से घिरता देख वाहन में सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबा. री में दरोगा रुक्मेश सिंह और सिपाही संजय सागर घायल हो गए। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए मोर्चा संभाला, जिसमें अकरम अली और आसिफ के पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया है कि घायल बदमाश अकरम अली निवासी लभेड़ा थाना हाफिजगंज और आसिफ निवासी तुलसी नगर एजाज नगर गोंटिया थाना बारादरी ने हरदोई जिले के शाहाबाद क्षेत्र में भी डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं साहिल और शाहिद, दोनों निवासी तुलसी नगर एजाज नगर गोंटिया थाना बारादरी, को मौके से सकुशल गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 60 हजार रुपये नकद, दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा और एक पिकअप वाहन बरामद किया है। पुलिस के मुता. बिक चारों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों की तलाश में भी जुटी है तथा क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है।

## खेतों में दिखे संदिग्ध वन्य जीव से दहशत, ग्रामीणों ने बनाया वीडियो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** क्षेत्र के गांव सिरसा जागीर में इन दिनों खेतों की रखवाली कर रहे ग्रामीणों के बीच किसी वन्य जीव के देखे जाने की चर्चा से दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से रात के समय जंगल और खेतों के आसपास किसी जंगली जानवर की हलचल महसूस की जा रही है।

गत रात करीब नौ बजे विनय सिंह, दीपक कश्यप, जयवीर और रवि सहित कुछ ग्रामीण गेहूं के खेतों की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें खेत में एक संदिग्ध वन्य जीव दिखाई दिया। टॉर्च की रोशनी पड़ते ही जानवर खेत से निकलकर तेजी से अंधेरे की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने भागते हुए जानवर का मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। रविवार को ग्रामीणों ने इसकी जानकारी ग्राम प्रधान को दी। कुछ ग्रामीणों का अनुमान है कि जानवर तेंदुए जैसा प्रतीत हो रहा था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी रात के समय खेतों के पास जंगली जानवर की हलचल देखी गई थी।

ग्रामीणों के अनुसार कुछ दिन पहले गांव में एक पशु पर भी हमले की बात सामने आई थी। फिलहाल ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त और जांच कराए जाने की मांग की है, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके और किसी अप्रिय घटना से बचाव किया जा सके।



## एसडीएम ने दिए फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने के निर्देश

**पंचायत सहायकों के साथ की बैठक**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** फार्मर रजिस्ट्री अभियान को गति देने के उद्देश्य से सोमवार को एसडीएम आलोक कुमार ने ब्लॉक मीरगंज व फतेहगंज पश्चिमी में पंचायत सहायकों एवं रोजगार सेवकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र के सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी शीघ्रता से बनवाई जाए।

एसडीएम ने कहा कि पंचायत सहायक और रोजगार सेवक स्थानीय निवासी होने के कारण गांव के अधिकांश किसानों को भली-भांति जानते हैं और सुबह-शाम गांव में उपलब्ध रहते हैं। ऐसे में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि जो किसान बाहर रह रहे हैं, उनकी भी फार्मर आईडी पंचायत सहायक और रोजगार सेवकों के सहयोग से बनाई जा सकती है।

बैठक में बीडीओ विजय आनंद, एडीओ कृषि राजेश कुमार एवं एडीओ पंचायत वीपी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

## पंडरा के प्राथमिक विद्यालय में लगा टीकारण कैम्प, दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव पंडरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में लगे टीकाकरण कैम्प का भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमित गंगवार ने उदघाटन किया।

विद्यालय में लगे इस कैम्प में मीनाक्षी गंगवार ने कहा कि टीकारण अभियान सरकार के सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से एक है। कैम्प में विद्यालय के छात्र-छात्राओं का टीकारण किया गया। अभियान में खसरा, काष्ठमाला, रुबेला जो गर्भवती महिलाओं को होता है की जानकारी दी गई, साथ ही इसके बचाव के बारे में बताया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमित गंगवार ने बताया कि इस रुबेला रोग से शिशु के अंधेपन और दिल की बीमारी होने का अंदेशा रहता है।

एमआर अभियान के अंतर्गत लगे इस टीकारण अभियान में एएनएम प्रिया गंगवार, सहायक अध्यापिका पूनम शर्मा, मुकेश गंगवार, आंगनवाड़ी सहायिका गीता श्रीवास्तव, बीएलओ संजय गंगवार के साथ ही गांव के लोगों ने शिरकत की।

## विधायक डा. एमपी आर्य ने विधानसभा में उठाए क्षेत्र के मुद्दे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के विधायक डॉ. एमपी आर्य ने सोमवार को विधानसभा में क्षेत्र के औद्योगिक विकास, सड़क, पुल, न्याय व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने विधानसभा में कहा कि नवाबगंज से कुंडरा कोठी को जोड़ने वाली सड़क पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इस मार्ग का चौड़ीकरण कराया जाए तो आवागमन सुगम होगा, साथ ही व्यापारिक गति. विधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

इसके अलावा उन्होंने नवाबगंज से बरखेड़ा मार्ग पर अधकटा रब्बानी बेगम के पास अप्सरा नदी पर बने पुल को जर्जर बताते हुए पुल के शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग की।

इसके साथ ही विधायक ने कहा कि नवाबगंज में मुंसिफ कोर्ट स्वीकृत हो चुका है, न्यायालय के लिए भूमि चिन्हित कर बाउंड्रीवाल भी कराई जा चुकी है, उन्होंने इसके निर्माण के लिए धन स्वीकृत करने की मांग की।

श्री आर्य ने महावट बिरादरी को अनुसूचित जाति के बजाय अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र दिए जाने की मांग की।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने कहा कि सीएचसी नवाबगंज में अब अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स-रे और सीजर (ऑपरेशन) की सुविधा उपलब्ध है, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर उपचार मिल रहा है।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र के औद्योगिक एवं रोजगार विकास के लिए भी प्रस्ताव रखा गया है, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिल सकें। विधायक डॉक्टर एमपी आर्य द्वारा विधानसभा में क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उठाए जाने की क्षेत्र में उनकी जमकर प्रशंसा हो रही है।

## दरगाह आला हजरत पर हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण

**उलेमा ने ट्रेनिंग कैम्प में बताए हज के अरकान**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को दरगाह आला हजरत परिसर में आजम. ीन-ए-हज के लिए विशेष ट्रेनिंग व टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले भर से लगभग 100 हज यात्रियों का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीकाकरण किया गया। जिला चिकित्सालय की टीम ने डीआईओ डॉ. प्रशांत रंजन के नेतृत्व में तथा डॉ. साहिबान अली की निगरानी में टीकाकरण प्रक्रिया सम्पन्न कराई।

दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि हज यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत में दरगाह स्थित मदरसा मंजर-ए-इस्लाम में सुबह 10 बजे तिलावत-ए-कुरान से कैम्प का आगाज हुआ।

शिविर में कई ऐसे आजमीन भी शामिल हुए, जिन्होंने टीकाकरण अन्य स्थानों पर कराया था, लेकिन हज ट्रेनिंग दरगाह पर प्राप्त की। इस अवसर पर मुफ्ती जमील और मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने हज के अहम अरकान विस्तार से बताए। उन्होंने कहा कि 8, 9, 10, 11 और 12 जिलहिज्जा हज के अत्यंत महत्वपूर्ण दिन होते हैं। हज के दौरान अदा की जाने वाली रस्मेंख़्रकाबा शरीफ का तवाफ, एहराम बांधने का सही तरीका, सई (सफा और मरवा के बीच चलना), शैतान को कंकड़ी मारना, तथा मीना और अराफात के मैदान में अदा की जाने वाली इबादत के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। हज ट्रेनर सुहैल साबरी और रिजवाना खान ने बताया कि सऊदी अरब में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1966 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने सभी आजमीन से स्मार्ट फोन चलाने की तैयारी रखने, आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रखने और हज सफर में ले जाने वाले सामान की सूची पर विशेष ध्यान देने की अपील की। साथ ही हज यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। दरगाह की ओर से सभी हज यात्रियों को "हज व जियारत" पुस्तक वितरित की गई, जिसमें हज की पूरी प्रक्रिया सरल भाषा में समझाई गई है।

इस मौके पर मौलाना अबरार उल हक, अनवारुल सादात, नाजिम रजा, अल्पसंख्यक विभाग से मोहम्मद राशिद, हाजी ताजुद्दीन, रईस अहमद, आफताब सुहैल, इकबाल अख्तर सहित स्वास्थ्य विभाग से शाहिद रजा, स्नेहिल सिंह, अंशिका सक्सेना, मोनिका रावत और राखी त्रिपाठी का विशेष सहयोग रहा। शि. विर में नवाबगंज, फतेहगंज, मीरग. ंज, फरीदपुर, आंवला और अलीगंज सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के आजमीन-ए-हज का टीकाकरण किया गया।

## गड्डे में गिरने से तीन वर्षीय बच्ची की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया में रविवार को एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में को. हराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के पंचायत घर के पास भंडारा चल रहा था। इसी दौरान सिमरिया निवासी छोटेलाल की तीन वर्षीय पुत्री साक्षी अकेले वहां पहुंच गई। बताया जाता है कि किसी समय आबादी के पास बने पानी भरे गड्ढे में बच्ची गिर गई। काफी देर तक बच्ची नजर नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गड्ढे में बच्ची का शव मिला। जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मां उर्मिला का रो-रोकर बुरा हाल है।ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को लेकर तहसील प्रशासन द्वारा व्यवस्था कराई गई थी। बाद में खेतों में पानी जाने से फसल प्रभावित होने की शिकायत पर पानी को रोककर गड्ढा बनाया गया, जिसमें तब से पानी एकत्रित हो रहा है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## मोबाइल बरामदगी में नंबर वन बना बरेली

**जनवरी में 130 पफोन लौटाए, प्रदेश में पहला स्थान**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मोबाइल गुम हो जाने के बाद अक्सर आम लोग उसके मिलने की उम्मीद छोड़ देते हैं, लेकिन बरेली पुलिस ने इस सोच को बदल दिया है। जनवरी माह में खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने के मामले में बरेली ने पूरे उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की सख्त मॉनिटरिंग और प्रभावी कार्ययोजना का परिणाम मानी जा रही है।

जनवरी माह में मोबाइल ट्रेसिंग के कुल 219 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें से 130 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद कर सीधे उनके स्वामियों को सौंप दिए गए। रिकवरी प्रतिशत 59.36 रहा, जबकि बरामद मोबाइल की संख्या के आधार पर वॉल्यूम स्कोर सौ प्रतिशत दर्ज किया गया। सत्तर-तीस के फार्मूले से निकला अंतिम स्कोर 71.55 रहा, जिसने बरेली को प्रदेश में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया।

कुछ समय पहले तक मोबाइल गुम होने पर पीड़ितों को थानों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब व्यवस्था में स्पष्ट बदलाव दिख रहा है। शिकायत दर्ज होते ही संबंधित थाना और साइबर सेल की टीम सक्रिय हो जाती है।

आईएमईआई नंबर के जरिए मोबाइल की ट्रेसिंग, नेटवर्क कंपनियों से समन्वय और लगातार फॉलोअप की रणनीति ने बेहतर परिणाम दिए हैं। एसएसपी अनुराग आर्य की सीधी निगरानी में सभी थानों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि मोबाइल गुमशुदगी के मामलों को हल्के में न लिया जाए।

साइबर सेल ने तकनीकी जांच और डिजिटल ट्रैकिंग के माध्यम से मोबाइल की लोकेशन खंगाली। कई मोबाइल अन्य जनपदों से भी बरामद किए गए, जिससे यह साबित हुआ कि समन्वित प्रयास और तकनीकी दक्षता से बेहतर नतीजे संभव हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। आमजन से अपील की गई है कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत सूचना दें और अपने फोन का आईएमईआई नंबर सुरक्षित रखें। खोए मोबाइल की लगातार हो रही बरामदगी ने यह साबित कर दिया है कि जब निगरानी सख्त हो और मंशा स्पष्ट हो, तो परिणाम भी प्रदेश में नंबर वन स्तर के मिलते हैं।

## एक नजर

### नाले को लेकर फिर बढ़ा विवाद, खुलवाने के बाद दोबारा किया गया बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के गांव सिल्लापुर में कच्चे नाले को लेकर विवाद एक बार फिर सामने आया है। बताया जाता है कि कुछ घरों से निकलने वाला पानी कच्चे नाले के माध्यम से तालाब की ओर जाता है, लेकिन गांव के कुछ लोगों द्वारा नाले को बंद कर दिया गया था।

ग्राम प्रधान यशवंत सिंह ने इस संबंध में खंड विकास अधिकारी को अवगत कराते हुए नाला खुलवाने की मांग की थी।सोमवार को एडीओ आईएसबी व सचिव पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे।अधिकारियों की मौजूदगी में सफाई कर्मचारियों द्वारा नाले को खुलवा दिया गया, जिससे पानी की निकासी पुन: शुरू हो सकी।हालांकि, ब्लॉक व पुलिस टीम के वापस लौटने के बाद एक परिवार के लोगों द्वारा नाले को दोबारा बंद किए जाने की सूचना है। प्रधान के अनुसार, इस दौरान कहासुनी की स्थिति बनी, जिसके चलते सफाई कर्मचारियों ने काम रोक दिया।उल्लेखनीय है कि नाले की निकासी को लेकर गांव में लंबे समय से विवाद चला आ रहा है।

### आरपी कालेज में बिना हेलमेट वाहन चलाने पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** भारत सरकार द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा क्लब की टीम ने बिना हेलमेट और आवश्यक दस्तावेजों के वाहन चलाने के जोखिम के बारे में जानकारी दी तथा सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन सड़क सुरक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद आतिफ खान ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के पालन और आपात स्थिति में घायलों की सहायता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर प्रो. विजय बहादुर बिष्ट, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, डॉ. शिव प्रताप सिंह प्रभारी, रोवर एवं रेंजर्स, बी.के. पदान, डॉ. सचिन गिरी, वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### छापामारी में बन्द मिला स्कूल, खण्ड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा के गांव डंडुआ के प्राथमिक विद्यालय का बुरा हाल है। विद्यालय के आए दिन समय से खुलने और बन्द न होने की शिकायतों पर शनिवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने छापा मारा, जिसमें स्कूल के बन्द होने पर इंचार्ज अध्यापिका और शिक्षा मित्र को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है।

गांव के इस विद्यालय में मात्र 19 छात्र पंजीकृत हैं। विधायक की इंचार्ज अध्यापिका सुनीता गंगवार के साथ ही एक शिक्षा मित्र है। शनिवार को भदपुरा ब्लॉक के खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार जब विद्यालय पहुंचे तो उन्हें विद्यालय बंद मिला। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दोनों ही शिक्षकों को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में जवाब मांगा है। एबीएसए की इस छापामारी का शिक्षकों पर कोई असर होता नजर नहीं आ रहा है, जिसके चलते सोमवार को भी विद्यालय 10 बजे के बाद खुल सका।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शादी का झांसा देकर युवती के घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म करने व अश्लील वीडियो बनाकर योन शोषण करने बाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि लगभग 4 माह पूर्व पड़ोसी नाजिम ने उसके घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया। पकड़े जाने पर पंचायत में दोनों के निकाह की बात पर दोनों पक्ष राजी हो गए। आरोप था कि तभी से उपरोक्त नाजिम उसके साथ लगातार यौन शोषण करता आ रहा था। जिसने उसकी अश्लील वीडियो भी बना रखी है। पीड़िता द्वारा निकाह का दबाव बनाने पर उसने वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी थी। शादी के लिए जब वह आरोपी के घर गई तो आरोपी के बहनोई शफीक व असलम ने गाली गलौज कर पीटकर भगा दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपित नाजिम, शफीक व असलम सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मुख्य आरोपित नाजिम को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। बाकी दोनों आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

### विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026: 3.23 करोड़ नोटिस जारी, 90 लाख मामलों की सुनवाई पूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/बरेली।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने की कार्यवाही तेजी से जारी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची के आधार पर नो-मैपिंग से संबंधित 1 करोड़ 04 लाख तथा तार्किक विसंगतियों से संबंधित 2 करोड़ 22 लाख मतदाताओं सहित कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने हैं।

अब तक कुल 3 करोड़ 23 लाख नोटिस निर्गत किए जा चुके हैं। इनमें से लगभग 1 करोड़ 58 लाख से अधिक नोटिस बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा संबंधित मतदाताओं को प्राप्त करा दिए गए हैं। प्राप्त कराए गए नोटिसों में से लगभग 90 लाख मामलों में अधिसूचित अधिकारियों द्वारा सुनवाई की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुनवाई प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए प्रदेश में कुल 13,161 अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और 12,758 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के प्रारंभ में प्रदेश में 2,042 एईआरओ कार्यरत थे। इसके बाद अधिसूचना दिनांक 30 दिसंबर 2025 के माध्यम से 6,948 एईआरओ तथा 13 फरवरी 2026 की अधिसूचना के माध्यम से 3,768 अतिरिक्त एईआरओ नियुक्त किए गए, जिससे सुनवाई प्रक्रिया को और गति मिली है।

## अलंकार अग्निहोत्री ने किया नई राष्ट्रीय पार्टी के गठन का ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री रविवार को एक बार फिर शहर पहुंचे और कैंट स्थित परशुराम धाम में दर्शन कर मत्था टेका। इस दौरान समर्थकों की भारी भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया। मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने नारेबाजी कर उनका उत्साहवर्धन किया।

दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में अलंकार अग्निहोत्री ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर तीखे सवाल उठाए और स्पष्ट किया कि वे शीघ्र ही एक नई राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी का गठन करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से परामर्श लिया जा चुका है और अगले 20 से 25 दिनों के भीतर पार्टी का नाम, संविधान और घोषणापत्र तैयार कर निर्वाचन आयोग को पंजीकरण के लिए आवेदन कर दिया जाएगा। अग्निहोत्री ने दावा किया कि भाजपा का कोर वोटर अब उससे अलग हो चुका है और देश को एक नए राजनीतिक विकल्प की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में आम जनता स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रही है और यही कारण है कि वैकल्पिक राजनीति की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट के एससी-एसटी एक्ट संबंधी फैसले, रुचि तिवारी प्रकरण और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित एपस्टाइन फाइल्स का उल्लेख करते हुए केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली की आलोचना की। साथ ही अपनी ही बिरादरी के कुछ प्रभावशाली लोगों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राजनीति में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी ने व्यवस्था को कमजोर किया है। अलंकार अग्निहोत्री ने यह भी दावा किया कि सत्ताधारी दल के कई पदाधिकारी उनके संपर्क में हैं और नई पार्टी के गठन के बाद वे उनके साथ जुड़ सकते हैं।

# कुट्टू का आटा खाने से 150 से अधिक लोग बीमार






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की इको विलेज-3, हिमालया प्राइड, समृद्धि ग्रैंड, रॉयल कोर्ट और चिपियाना की हर्ष विहार सोसाइटी के निवासियों को महाशिवरात्रि पर कुट्टू का आटा खाना भारी पड़ गया। आरोप है कि कुट्टू का आटा खाने से इन पांच सोसाइटियों में 150 से अधिक लोग बीमार हो गए। इनमें बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती शामिल हैं। सभी को उल्टी-दस्त और पेट दर्द की समस्या हुइ। रविवार रात तक 50 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं अन्य ने घर पर दवा ली। वहीं अच्छेजा गांव में भी कुट्टू का आटा खाने से 9 से अधिक बच्चे बीमार हो गए।

महाशिवरात्रि पर सभी ने अपनी-अपनी सोसाइटी की मार्केट की दुकान से कुट्टू का आटा खरीदा। स्वास्थ्य विभाग की जांच में पता चला है कि सभी ने ए-प्योर ब्रांड का कुट्टू का आटा खरीदा था। व्रत खोलने के बाद लोगों ने कुट्टू के आटे के पकवान खाए। रात करीब 8 बजे के बाद लोगों की तबीयत खराब होने लगी। निवासियों ने बताया कि सबसे पहले हाथ-पैर सुन होने लगे। उसके बाद उल्टी-दस्त शुरू हो गए। पेट दर्द की समस्या भी रही। शुरुआत में लोगों ने ध्यान नहीं दिया और अस्पताल जाने लगे। रात 12 बजे तक स्थिति खराब हो गई। एक के बाद एक लोग सेक्टर-3 स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे।

कई परिवार ऐसे थे, जिनके 6 से 7 सदस्य बीमार थे। सभी को भर्ती कर अस्पताल में इलाज किया गया। सोमवार शाम तक कुछ लोगों को छुट्टी देकर घर भेज दिया गया, लेकिन कुछ का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**घर पर चल रहा है कई का इलाज:** कुट्टू का आटा खाने से 150 से अधिक लोगों बीमार हो गए। गंभीर रूप से घायल अस्पताल पहुंच गए। जिन्हें ज्यादा समस्या नहीं आई उन्होंने आसपास के क्लीनिक से दवा लेकर घर पर आराम किया। खाद्य विभाग केवल अस्पताल के आंकड़ों को मान रहा है। केवल ग्रेनो के एक निजी अस्पताल में ही 37 लोग इलाज के लिए पहुंचे थे।

# कुट्टू आटा प्रकरण पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की त्वरित कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कुट्टू का आटा खाकर लोगों के बीमार होने की घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा प्रभावित लोगों की जानक. ारी प्राप्त की गयी। कुट्टू का आटा के सेवन से बीमार होने तथा आटा खरीदने वाली दुकान की जानकारी प्राप्त करके इको विलेज 3 सुपर टेक ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित विकास जनरल स्टोर से कुट्टू का आटा का 01 नमूना, हिमालयन प्राइड ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अपना स्टोर से कुट्टू का आटा का 01 नमूना तथा रॉयल कोर्ट ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित प्रशांत स्टोर से कुट्टू का आटा का 01 नमूना लिया गया तथा इस स्टोर का खाद्य लाइसेंस/ पंजीकरण नहीं पाए जाने पर सील किया गया। उक्त दुकानदारों से सप्लायर/ निर्माता की जानकारी प्राप्त करके चिपयाना बुजुर्ग स्थित उक्त ब्रांड के निर्माता भ्‍कैचपबमे का निरीक्षण किया गया, मौके पर कुट्टू आटा अथवा कुट्टू गिरी नहीं पाई गई किंतु हल्दी पाउडर व मिर्च पाउडर पाया गया, जिसके 1-1 नमूना लिए गये। उक्त इकाई के संचालनकर्ता विश्वेन्द्र सिंह द्वारा उक्त आटा सप्लाई किये जाने की स्वीकारोक्ति की गई। निर्माण इकाई खसरा न 507 में स्थित पाई गई, जोकि जनपद गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत आता है, जबकि उसके द्वारा भ्रामक सूचना देकर जनपद गाजियाबाद से खाद्य पंजीकरण प्राप्त करके व्यवसाय किया जा रहा था, इस कारण उसे सील कर दिया गया। नमूना जांच के लिए भेजे गए हैं। इस प्रकरण में विभाग द्वारा थाना बिसरख में तहरीर भी दी गई है।

## चोरी की स्कूटी संग बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** रेकी कर दो पहिया वाहनों की चोरी करने वाले बदमाश को सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने रविवार रात को सेक्टर-71 अंडरपास के पास से दबोच लिया। उसके पास से चोरी की स्कूटी और चाकू बरामद हुआ है। बदमाश की पहचान दिल्ली के इंदरपुरी निवासी गौरव शर्मा के रूप में हुई है। वर्तमान में वह सेक्टर-113 थानाक्षेत्र के सर्फाबाद गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहा है। 19 वर्षीय गौरव का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। पूछताछ में उसने बताया कि वारदात के लिए जब वह रेकी कर रहा था तभी पुलिस की नजर उसपर पड़ गई। इसके बाद उसे दबोच लिया गया। पुलिस बदमाश के अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

# नोएडा मीडिया क्लब का प्रतिनिधिमंडल सीईओ से मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी के नेतृत्व में सोमवार को क्लब के एक प्रति. निधिमंडल ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्णा करुणेश से शिष्टाचार मुलाकात की और पत्रकारों की सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में नोएडा के मीडिया कर्मियों के लिए कई महत्वपूर्ण समस्याएं उठाईं। इनमें पत्रकारों के लिए पार्किंग पास जारी करने, सेक्टर-29 स्थित गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में बने मीडिया क्लब कार्यालय के फ्लोर पर लिफ्ट के ठहराव की व्यवस्था कराने तथा मीडिया क्लब को स्थायी भूखंड उपलब्ध कराने की प्रमुख मांगें शामिल रहीं। प्रतिनिधियों ने बताया कि इन सुविधाओं के अभाव में पत्रकारों को अपने दैनिक कार्यों के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सीईओ कृष्णा करुणेश ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और आश्वा. सन दिया कि सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में तत्काल ही एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे, ताकि पत्रकारों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, महासचिव जे.पी. सिंह, सचिव जगदीश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य आंचल यादव, मोहम्मद आजाद,मनोहर त्यागी,अरुण सिन्हा , पवन त्रिपाठी, पवन राज सिंह, हिमांशु शुक्ला,अली खान, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मीडिया क्लब पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि प्राधिकरण द्वारा सकारात्मक पहल से पत्रकारों को बेहतर कार्य वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## एक नजर

### डिलीवरी ब्वॉय की हादसे में हुई मौत मामले में मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में नौ फरवरी को हादसे में जान गंवाने वाले डिलीवरी ब्वॉय के बड़े भाईने घटना के पांच दिन बाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने कार चालक और ऑटो चालक पर लापरवाही से चलाने का आरोप लगाया है। गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी निवासी मोहम्मद सलमान ने पुलिस को बताया कि छोटा भाई मोहम्मद भाई उर्फ गुलाम मोहम्मद घरेलू उत्पाद पहुंचाने वाली कंपनी में बतौर डिलीवरी ब्वॉय काम करता था। नौ फरवरी की सुबह करीब 10 बजे वह ऑर्डर लेकर स्कूटी से जा रहा था।

सेक्टर-62 क्षेत्र में एक प्राइवेट कंपनी के निकट पहुंचा तो एक कार का चालक लापरवाही से पीछे कर रहा था। तभी सामने से एक ऑटो तेज रफ्तार में आया। कार को बचाने के चक्कर में ऑटो चालक ने गुलाम की स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में गुलाम गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### आईपीएस अधिकारी बनकर धमकाने वाले की तलाश शुरू

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बिसरख के युवक को फोन कर आईपीएस अधिकारी बनकर धमकी देने के मामले की पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि पुराने मुकदमे वापस लेने को लेकर धमकी दी गई है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक पीड़ित राकेश की शिकायत पर आरोपी कुमार गौरव और नीतीश भाटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी धमकी दे रहे है कि उनके खिलाफ जो मुकदमे डाल रखे हैं उन्हें वापस ले लो नहीं तो अंजाम बुरा होगा। पीड़ित का आरोप है कि एक आरोपी द्वारा आईपीएस बनकर अपहरण व एनकाउंटर की भी धमकी दी गई है। घटना के बाद से पीड़ित और उसका परिवार काफी डरा हुआ है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार कर करवाई की जाएगी।

### सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दोस्ती, किशोरी से ब्लैकमेल कर हड़पे लाखों रुपये

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हुई दोस्ती के बाद युवक पर किशोरी को ब्लैकमेल कर घर से लाखों की नकदी और जेवरात हड़पने का आरोप है। मामले की जानकारी होने पर किशोरी के परिजन दनकौर कोतवाली पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

क्षेत्र के एक गांव की किशोरी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए पड़ोसी गांव के एक लड़के से दोस्ती हो गई। कुछ दिन तक मैसेज का दौर चला और फिर दोनों की मुलाकात भी हुई। आरोप है कि मुलाकात के दौरान आरोपी युवक ने किशोरी को झांसे में लेकर उसके आपत्तिजनक फोटो खींच लिए। इसके बाद युवक ने किशोरी को ब्लैकमेल कर उसके घर से करीब 20 लाख रुपये के आभूषण और कई लाख रुपये की नकदी हड़प ली। रविवार को किसी काम के चलते पीड़ित परिवार को नकदी की आवश्यकता हुई लेकिन घर में नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजन ने जब किशोरी से पूछा तो किशोरी ने अपने परिजनों को आपबीती बताई। किशोरी के परिजन ने मामले की शिकायत दनकौर पुलिस से की। मामले में जांच करते हुए पुलिस ने सोमवार को आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

### मारपीट से आहत होकर युवक ने जान दी, बाप बेटे पर केस

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कासना कोतवाली क्षेत्र के इमलिया गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला सामने आया है। कासना कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम गुटैरा जिला हाथरस निवासी जितेंद्र कुमार ने शिकायत दी है कि उसका भाई बीपी सिंह इमलिया गांव में जितेंद्र नागर के मकान में रहता था। मकान की देखरेख कर रहे मनोज पासवान और नीरज पासवान निवासी ग्राम सुनहर, जिला रोहतास बिहार से किसी बात को लेकर बीपी सिंह का विवाद हुआ था।

आरोप है कि विवाद के बाद दोनों ने उनके भाई के साथ मारपीट की। इससे आहत होकर बीपी सिंह ने आत्महत्या कर ली। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद आरोपी उसके भाई का शव लेकर एंबुलेंस से गांव की ओर भाग गए। मामले की सूचना मिलते थाना सहपऊ पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। अब थाना कासना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में आरोपी बाप-बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। स्कूटी चला रहा महिला का पति भी हादसे में घायल हो गया है। हादसा सेक्टर 44 में रविवार सुबह सवा नौ बजे के करीब हुआ। मृतक महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शाहजहांपुर निवासी शिवकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्तमान में वह इलाहाबास गांव में किराये का कमरा लेकर पत्नी समेत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रह रहा है। रविवार को शिवकुमार स्कूटी से पत्नी मंजू को लेकर फरीदाबाद से नोएडा लौट रहे थे।

सुबह सवा नौ बजे के करीब जब वह सेक्टर-44 के पास दादरी रोड पर पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक कैंटर के चालक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिर गए। हादसे में मंजू के सिर में गंभीर चोट लगी। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरा. ेपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चालक और वाहन की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। हादसे में शिकायतकर्ता की स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

## आम्रपाली लेजर पार्क में हुई मारपीट की घटना में कार्रवाई की मांग

**नोएडा।** सोमवार को जाट समाज ग्रेटर नोएडा ने 14 फरवरी को बिसरख कोतवाली क्षेत्र के आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी में समाज के बच्चों के साथ हुई मारपीट एवं तोड़फोड़ के मामले को लेकर संयुक्त पुलिस आयुक्त से मिले। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व जाट समाज ग्रेटर नोएडा अध्यक्ष आरबी सिंह कर रहे थे। उन्होंने 14 फरवरी 2026 को हुई घटना के संबंध में विरोध जताते हुए चेतावनी दी कि ऐसे लोगों के साथ पुलिस द्वारा यदि सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो जाट समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस पर संयुक्त पुलिस कमिश्नर राजीव नारायण मिश्रा ने समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि ऐसे दरिंदों के साथ पुलिस सख्ती से पेश आएगी।

# सिम अपग्रेड के बहाने महिला इंजीनियर से 24.86 लाख की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर जालसाजों ने एक महिला आईटी इंजीनियर से 4जी सिम को 5जी में अपग्रेड करने के नाम पर 24.86 लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने महिला की बगैर जानकारी के ई-सिम के लिए आवेदन कर दिया था। इस दौरान मोबाइल बंद हो गया और बैंक खातों व क्रेडिट कार्ड से रकम ट्रांसफर कर लिए। महिला के पति की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सेक्टर-82 निवासी इंद्रनील चटर्जी ने पुलिस से शिकायत की है कि वह और उनकी पत्नी अनिंदिता आईटी कंपनी में इंजीनियर हैं। चार फरवरी को उनकी पत्नी के मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। कॉलर ने खुद को एयरटेल का कर्मचारी बताकर 4जी सिम को 5जी में अपग्रेड करने की बात कही। महिला ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद ठग ने बिना ओटीपी लिए और बिना कोई लिंक भेजे उनके नाम से ई-सिम जारी करने का अनुरोध डाल दिया। इसके बाद अनिंदिता का मोबाइल बंद हो गया।

इसके बाद जालसाजों ने उन्हें कॉल कर बताया कि 5जी अपग्रेड के लिए ई-सिम जरूरी है और 24 घंटे के लिए फोन बंद रहेगा। इस दौरान ठग अलग-अलग नंबरों से कॉल कर तकनीकी समस्या का बहाना बनाता रहा। चार दिन तक मोबाइल चालू नहीं हुआ तो पीड़िता आठ फरवरी को पास के एयरटेल स्टोर पर पहुंची, जहां नई 4जी सिम जारी कराई इसके बाद जब महिला ने अपने बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड चेक किए तो ठगी की जानकारी सामने आई। ठग उनके एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के खातों के साथ-साथ एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से अलग-अलग खातों से रुपये निकाले थे। साथ ही कुछ पैसे अमेजन, फ्रीचार्ज और फोनपे जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद तुरंत ही बैंक के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की। बाद में उन्होंने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दी। एडीसीपी साइबर शैव्या गोयल का कहना है कि इस मामले में साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच की जा रही है।

# नोएडा में करेंगे डीटीसी का विस्तार, मिलेगी फीडर बस

## दिल्ली सरकार से होगी बातचीत, नोएडा के लंबे रूट को जोड़ेंगी डीटीसी और इनर में फीडर बस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा के लिए अब दिल्ली डीटीसी (दिल्ली सरकार) के साथ जल्द समझौता हो सकता है। डीटीसी की बस नोएडा के कुछ रूट पर अब भी आती है। रोजाना हजारों लोग इनका फायदा लेते है। ऐसे में डीटीसी बसों के रूट दायरा बढ़ाया जा सकता है। ये बस नोएडा के आउटर सर्किल में चल सकती है। जबकि अंदर सेक्टर को जोड़ने के लिए फीडर बस चलाएंगे।

प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि इसके लिए शासन स्तर पर बातचीत की गई है। जल्द ही शासन और दिल्ली सरकार के बीच बातचीत होगी। जिसमें अहम निर्णय लिए जा सकते है। बता दे वर्तमान में दिल्ली की डीटीसी बस नोएडा में डीएनडी से प्रवेश करते हुए रजनीगंधा और सेक्टर-62 तक जाती है। बतौर सेक्टर-16 में डीटीसी का डिपो भी है। प्राधिकरण की कवायद है कि डीटीसी की बस दिल्ली से नोएडा में प्रवेश के साथ सेक्टर-62 , ग्रेटरनोएडा के परिचौक और ग्रेटरनोएडा वेस्ट तक जाए। ये बस बड़ी है ऐसे में आउटर सर्किल में चलने से ट्रैफिक जाम की समस्या नहीं होगा और पब्लिक को सहुलियत मिलेगी।

**इन सेक्टर के लिए फीडर बस:** सीईओ ने बताया कि नोएडा के इनर सेक्टरों के लिए फीडर बस चलाएंगे। ये फीडर बस ई बस योजना के तहत शासन नोएडा को प्रोवाइड कराएगा। पहले 500 बसे मिलनी थी। जिसमें 300 बस नोएडा बाकी ग्रेटरनोएडा और यमुना के लिए थी। टेंडर डेट पूरी होने के बाद दोबारा से टेंडर प्रक्रिया हो रही है। ऐसे में अब ऑन डिमांड बस नोएडा को मिलेंगी। पहले फेज में करीब 100 बस नोएडा प्राधिकरण लेगा। जिनका संचालन इनर सेक्टरों में किया जा सकता है।

**आम लोगों को मिलेगा पब्लिक ट्रांसपोर्ट:** नोएडा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के नाम पर मेट्रो है। यहां सिटी बसों का चलना जरुरी है। इसी को ध्यान में रखकर ही डीटीसी और फीडर बस चलाने की योजना पर काम किया जा रहा है। जिससे रोजाना करीब 2 से 3 लाख लोगों को फायदा होगा।

# दलदली जमीन के चारों तरफ बनाया जाएगा सुरक्षा घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दलेलगढ़ गांव के गड्ढे में तीन साल के मासूम के डूबने की घटना के बाद प्रशासन जागा और जिलाधिकारी ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखा है। जिसमें दलदली जमीन के चारों तरफ तार फेंसिंग जैसी सुरक्षा के इंतजाम करने को कहा गया है। पास में एक धार्मिक स्थल होने के कारण वहां अभी भी हादसा होने का खतरा है। दलेलगढ़ गांव के बाहर एक जमीन पर पानी भरा हुआ है। लंबे समय से पानी भरा होने के कारण जमीन दलदली हो चुकी है। जिसमें तीन साल के देवांश की डूबने से मौत हो गई। देवांश एक धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए परिवार के साथ मामा के घर आया हुआ था। घटना के बाद से गड्ढे को लेकर काफी सवाल उठ रहे हैं। प्राधिकरण से लेकर प्रशासन तक पर लापरवाही का आरोप लगा है। इस पर जिलाधिकारी मेधा रूपम ने ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखा है। जिसमें कहा है कि दलेलगढ़-बिलासपुर संपर्क मार्ग के किनारे एक धार्मिक स्थल बालेश्वर बाबा समाधि परिसर है। उसी से गड्ढा लगा हुआ है। जहां आए दिन कार्यक्रम होते हैं। वहां पर सुरक्षा के इंतजाम करने जरूरी हैं। प्राधिकरण से गड्ढे के चारों तरफ सुरक्षा के इंतजाम करने को कहा गया है। इनमें तार फेंसिंग से लेकर अन्य उपाय शामिल हैं।

**माता-पिता को 2-2 लाख की आर्थिक मदद:** जिला प्रशासन ने मृतक मासूम के माता-पिता को राज्य आपदा कोष से 4 लाख की आर्थिक सहायता दी है। अफसरों ने बताया कि दोनों का ज्वाइंट बैंक अकाउंट नहीं था। इस कारण दोनों के अलग-अलग बैंक खातों में 2-2 लाख रुपये भेजे गए हैं।

# डील के हफ्ते बाद ही 23 प्रतिशत बढ़ी निर्यात दर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत-यूरोपीय समझौते और उसके बाद अमेरिका का टैरिफ कम होना निर्यातकों के लिए सोने पे सुहागा जैसा हो गया है। समझौते के सिर्फ हफ्ते भर बाद ही जिलों से से निर्यात की दर करीब 23 प्रतिशत बढ़ी है। सबसे अधिक मांग कृत्रिम रेशे वाले कपड़े की है। यह कपड़े अपने टिकाऊ और हल्के होने की वजह से विश्वभर में प्रसिद्ध हैं।

अपरैल पार्क क्लस्टर के अध्यक्ष ललित ठुकराल ने बताया कि शहर की कुल चार हजार इकाइयों में से कृत्रिम रेशे वाले वस्त्र तैयार करने वाली 400 इकाइयां हैं। इन से सालाना करीब दर हजार करोड़ रुपए का कारोबार होता है। उत्पादन बढ़ने से श्रमिकों की जरूरत भी बढ़ेगी। ठुकराल के अनुसार, अगले कुछ महीनों में श्रमिकों की संख्या डेढ़ लाख से बढ़कर दो लाख होने का अनुमान है। वहीं, आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव बंसल ने बताया कि विश्व बाजार में 70 प्रतिशत मांग कृत्रिम रेशे युक्त वस्त्र और 30 प्रतिशत कॉटन वस्त्रों की है।

हालांकि शहर में 70 प्रतिशत कॉटन और 30 प्रतिशत मैन मेड फाइबर के वस्त्रों का निर्यात होता है। उन्होंने बताया कि अभी पीएलआई योजना के तहत कृत्रिम रेशे युक्त वस्त्रों की इकाइयों को लाभ होगा। बंसल का दावा है कि हाल ही में हुई डील के बाद निर्यातकों को कॉल आने लगे हैं। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए जरूरी है कि लागत क्षमता बढ़ाई जाए।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने बिलासपुर हटाया अतिक्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र बिलासपुर की लगभग 18770 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया, जिसकी कीमत लगभग 37.5 करोड़ रुपये होने का आकलन है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर भूलेख और परियोजना विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। कालोनाइजर बिलासपुर के खसरा नंबर 100, 104 और 105 की जमीन पर घर और बाउंड्री बनाकर प्लॉटिंग की कोशिश कर रहे थे।

ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि बिलासपुर के खसरा संख्या 100, 104 व 105 की 18770 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत प्राप्त हुई थी। प्राधिकरण के भूलेख विभाग के ओएसडी रामनयन सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह और अन्य की टीम ने प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। अधिकारियों ने दोबारा निर्माण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

## चार खनन माफियाओं के खिलाफ केस दर्ज

**यमुना सिटी।** रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मेहंदीपुर गांव में कृषि भूमि पर अवैध रूप से मिट्टी खनन करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार आरोपियों खिलाफ केस दर्ज किया है। गाजियाबाद के शाहपुर बमहेटा निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने पुलिस से शिकायत की है कि मेहंदीपुर गांव में उनकी कृषि भूमि है। मेहंदीपुर गांव के कामिल, अब्बास,अख्तर और प्रदीप भाटी नाम के खनन माफिया ने उनकी जमीन से जेसीबी का उपयोग कर अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया है। शिकायत के अनुसार जब जमीन के सह हिस्सेदार बॉबी ने प्रदीप भाटी को फोन किया तो उसे जान से मारने की धमकियां दी गई।

**Information**

I hitherto known as Kumari Guria Rani D/o Lalan Tiwari and W/o Akhilesh Kumar Dubey, Resident at Flat No. 94 C, Pocket-C, Express View Apartment, Hig Flats, Near CNG pump, Sector-105, Noida, PO Maharishi Nagar, Dist. Gautam Buddha Nagar, U.P. -201304 have changed my name and shall hereafter be known as Gudiya Rani. Aadhar No.9244 8335 1203. It is certified that I have complied with other legal requirements in this matter.

### न्यायालय की मेल पर आये मैसेज से मचा हड़कम्प, पुलिस ने चलाया सघन चैकिंग अभियान

# जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जनपद न्यायालय सोमवार सुबह एक ई-मेल के माध्यम से बम विस्फोट की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। ई-मेल में दावा किया गया कि न्यायालय परिसर में 12 आरडीएक्स आधारित आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) लगाए गए हैं, जो दोपहर 12:15 बजे विस्फोट कर सकते हैं। सूचना मिलते ही न्यायालय प्रशासन और पुलिस विभाग सतर्क हो गया तथा परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई।

बताया गया कि सुबह लगभग 8:38 बजे जिला जज के आधिकारिक ई-मेल पते पर एक संदिग्ध संदेश प्राप्त हुआ।

- **सारा दिन छावनी में तब्दील रहा कचहरी परिसर,**
- **तमिलनाडु में ईडब्ल्यूएस लागू करने का विरोध आया मैसेज**

संदेश में तमिलनाडु में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) आरक्षण लागू करने का विरोध करते हुए न्यायालय को निशाना बनाने की धमकी दी गई थी। प्रेषक के रूप में एक संदिग्ध नाम अंकित था। ई-मेल में न्यायाधीशों को संबोधित करते हुए दोपहर 12:15 बजे विस्फोट की चेतावनी दी गई थी। जिला जज द्वारा इस संबंध में तत्काल संज्ञान लेते हुए समस्त न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही सुरक्षा एजेंसियों को सूचना देकर न्यायालय परिसर की गहन जांच कराई गई। पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों ने परिसर में तलाशी अभियान चलाया और आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की। बार एसोसिएशन जनपद के अध्यक्ष सलीम खान एडवोकेट ने अधिवक्ताओं एवं न्यायालय परिसर में मौजूद सभी सदस्यों से अपील की है कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करें और जांच कार्य में सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। समाचार लिखे जाने तक न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ कर दी गई थी और स्थिति पर पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई थी। अधिकारियों का कहना है कि ई-मेल की सत्यता की जांच की जा रही है तथा साइबर सेल को भी मामले की पड़ताल सौंपी गई है।


अमरोहा। जनपद न्यायालय के गेट पर वादकारियों की तलाशी लेते पुलिस कर्मी।


अमरोहा। न्यायालय कक्ष में चैकिंग करती पुलिस।


अमरोहा। धमकी मिलने के बाद न्यायालय परिसर में खड़े अधिवक्ता।

## सड़क पार करते अधेड़ को वाहन ने रौंदा, मौत

### परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी**। ड्यूटी से लौट रहे जींस कारीगर को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। युवक की मौत से परि. जनों में कोहराम मच गया।

नगर के मोहल्ला टीपू चौक निवासी अफजल पुत्र मरहूम अली वारिस 45 वर्ष कासिम पुत्र बाबू ने भीकनपुर शरकी में जींस सिलाई कारखाना लगा रखा है जिसमें अफजल जींस की पेंटो के धागे काटने का कार्य करता था रोज की भांति रविवार की सुबह नौ बजे अफजल अपनी ड्यूटी पर गया हुआ था लगभग शाम छह बजे कारखाने से अपने घर उझारी वापस आने के लिए निकला जो ही अफजल ने सड़क पार कर रहा था तभी अज्ञात वाहन ने रोध दिया जिससे अफजल की मौके पर ही मृत्यु हो गई राहगीरों ने तुरंत पुलिस



को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास शेरावत और उझारी चौकी इंचार्ज अनिल त्यागी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जा शुरू कर दी घटना से परिवार में कोहराम मचा गया अफजल चार बहन भाइयों में सबसे बड़ा था।

## बम्बूगढ़ से संभल चौराहे तक चौड़ीकरण की मांग

### महबूब ने सदन में उठाया मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सदर विधायक एवं लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली ने सदन में बम्बूगढ़ चौराहे से संभल चौराहे तक चौड़ीकरण एवं नगर में राजकीय डिग्री कालेज व मेडिकल कालेज की स्थापना की मांग की।

विधानसभा में बोलते हुए श्री अली ने विधानसभा क्षेत्र के बंबूगढ़ चौराहे से संभल चौराहे तक सड़क के चौड़ीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र का अत्यंत व्यस्त मार्ग है, जहां प्रतिदिन भारी यातायात दबाव के कारण जाम की समस्या बनी रहती है। सड़क चौड़ीकरण होने से न केवल जाम से राहत मिलेगी, बल्कि आमजन को आवागमन में भी बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दी जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को जल्द राहत मिल सके। इसके अतिरिक्त विधायक महबूब अली ने जनपद में औद्योगिक और शैक्षिक विकास से जुड़े मुद्दे भी सदन में उठाए। उन्होंने कॉटन वेस्ट कारोबार से जुड़े व्यापारियों को दी जाने वाली विद्युत



सब्सिडी को पुनः चालू करने की मांग की। उनका कहना था कि सब्सिडी बंद होने से स्थानीय उद्योग प्रभावित हुए हैं और व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। श्री अली ने अमरोहा में एक मेडिकल कॉलेज और एक डिग्री कॉलेज की स्थापना की भी जोरदार मांग की। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में क्षेत्रवासियों को अन्य जनपदों की ओर रुख करना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जहां बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी, वहीं डिग्री कॉलेज से युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। विधानसभा में उठाए गए इन मुद्दों से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि अमरो. हा के विकास को नई गति मिलेगी

## घर से बुलाकर युवक पर जानलेवा हमला

### गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रंजिश में युवक को घर से बुलाने के बाद गर्दन पर चाकू गोद कर लहूलुहान कर दिया। हमला करने के बाद पड़ोस में रहने वाला युवक मोहल्ले से फरार हो गया। घायल युवक को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। मामले में हत्या के प्रयास का मुक. दमा दर्ज किया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरेशी की है। यहां बस्ती में शराफत अली का परिवार रहता है। उनके द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक रविवार दोपहर उनका बेटा इमरान घर में था। तभी पड़ोस में रहने वाला युवक साहिब उसे बुलाना आया। आवाज सुनकर इमरान जैसे ही घर से बाहर निकला, साहिब ने उसकी गर्दन पर चाकू गोद दिया। हमले में लहूलुहान होकर वह सड़क पर गिर गया। शोर सुनकर मौके पर भीड़ लग गई, खुद को घिरता हुआ देख साहिब मोहल्ले से फरार हो गया। लहूलुहान इमरान को परिजन पहले कोतवाली ले गए, जहां से पुलिस ने उपचार के लिए उसे शहर सीएचसी भेज दिया। प्राथमिक उपचार देने के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत देख इमरान को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले आरोपी साहिब के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शुरुआती जांच में दोनों के बीच रंजिश सामने आई है।

### पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

## ट्रैक्टर के लेनदेन को हुई थी कांवरिये की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हरिद्वार से कांवर लेकर लौट रहे किसान की हत्या के मामले में पुलिस ने एक नामजद हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बताते चलें कि डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सलामतपुर का रहने वाला हरिओम शुक्रवार की सुबह हरिद्वार से कांवर लेने के लिए घर से निकला था। परन्तु अगले दिन सुबह 11 बजे वह नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव मूढा मुकारी के पास सत्संग भवन के जंगल की तरफ जाने वाले रास्ते पर लहुलूहान हालत में मिला था। हरिओम सिंह को दो गोली लगी थी। गंभीर हालत में मिले किसान को इलाज के लिए मेरठ ले जा रहे थे जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी थी। जब मृतक का शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने हत्याा का आरोप लगाते सड़क जाम



करने की कोशिश की थी। जिस पर पुलिस के हाथ पैर फूल गये थे। पत्नी शीशकौर की तहरीर पर गांव सलामतपुर के पूर्व प्रधान पिंकू व उसके भाई टिंकू के खिलाफ हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कराया गया था। बाद में यह मुकदमा हत्या में तरमीम कर दिया गया था। नौगांवा पुलिस ने हत्या में नामजद नरेन्द्र उर्फ पिंकू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि मृतक को उसने पुराना ट्रैक्टर दिलवाया था। जिसके कागज न होने के कारण विवाद उत्पन्न हो गया। मृतक ने ट्रैक्टर उसके घर खड़ा कर दिया तथा बार बार पैसों का तकाजा करने लगा। जिससे परेशान होकर उन्होंने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आज उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### प्रजापति महासंघ ने की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ ने किसान के हत्यारो. पियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि तीन दिन पूर्व हरिद्वार से कांवर लेने गये ग्राम सलामतपुर के हरिओम प्रजापति की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई लेकिन अब तक आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। यह अत्यंत दुखद और चिंताजनक है कि घटना के इतने समय बाद भी पुलिस प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में असफल दिखाई दे रहा है पीड़ित परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन जीने को मजबूर है। उन्होंने तुरन्त हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

## सीएचसी में भिड़े झगड़े के आरोपी, मची अफरातफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। फलों के छिलके खेत में डालने का विरोध करने पर जूस विक्रेता और खेत स्वामी के

- **पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध दर्ज की रिपोर्ट, चालान**

बीच विवाद हो गया। नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। सूचना पाकर दोनों पक्ष थाने पहुंचे। बताते हैं कि यहां से पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। सीएचसी में फल जूस विक्रेता के पुत्रों ने खेत स्वामी के साथ मारपीट कर दी। जिससे सीएचसी में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को लेकर थाने पहुंची और प्राथमिकी दर्ज की।

जानकारी के अनुसार कुमराला चौकी के पास में मुस्तकीम का



खेत है। यहीं पास में इसरार अहमद का जूस का काउंटर है। आरोप है कि इसरार फलों के छिलके आदि मुस्तकीम के खेत में डाल देता है। इसी बात को लेकर सोमवार को दोनों के बीच विवाद हुआ और मारपीट हो गई। ये दोनों लोग थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। आरोप है कि यहां पर इसरार अहमद के पुत्र पहुंचे और मुस्तकीम के साथ मारपीट की। सीएचसी के भीतर हुई इस मारपीट से यहां पर दवा लेने आए रोगियों में भी अफरातफरी मच गई। उन्होंने किसी तरह कमरे में घुसकर अपने आप को बचाया। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे लोगों को पकड़कर थाने पहुंचाया और मारपीट करने वाले आरोपियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करके शांतिभंग में निरूद्ध करके चालान किया।

**सरकारी काम में बाधा करने का आरोप लगाते हुए सीएचसी की प्रभारी ने कोतवाली में भेजा मीमो**

झगड़े की घटना से सीएचसी में भी काफी देर तक अफरातफरी की स्थिति बन गई। सीएचसी प्रभारी डॉ.पल्लवी गंगवार ने कोतवाली में मीमो भेजकर सरकारी काम में बाधा का आरोप लगाया। इस दौरान ऑक्सीजन का उपकरण के टूटने व अभिलेख फटने आदि की बात भी मीमो में कही गई है। मीमो के माध्यम से अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को पूरी घटना से रूबरू कराया है और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## बीस हजार रूपये के विवाद में युवक को पीटा

### तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। 20 हजार रुपये को लेकर विवाद में युवक की बेरहमी से पिटाई की। हमले में उसके दांत टूट गए, जीभ भी कट गई। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मोहल्ला तलवार शाह निवासी अफजाल अल्वी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक उनका साला दानिश हाजी कॉलोनी में रहता है। बीती 14 फरवरी को रात में करीब आठ बजे नदीम, अनस व अमार ने दानिश को 20 हजार रुपये देने के लिए कांकर सराय रोड पर एक प्लॉटिंग पर बुलाया था। आरोप है कि तीनों ने उसके साथ मारपीट की, हमले में उसके दांत टूट गए, जमीन पर गिराकर पीटने से जीभ भी कट गई। बेरहमी से पिटाई करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। परिजनों ने घायल दानिश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां अब भी उसका उपचार चल रहा है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही

### एक नजर

#### कार ने बाइक में टक्कर मारी, वृद्ध घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। हसनपुर से अपनी लड़की के घर जा रहे शीश राम पुत्र उषा राम उम्र 72 वर्ष निवासी सहेलिया थाना हसनपुर के रहने वाले है। आज दोपहर अपनी लड़की के घर श्यामपुर जा रहे थे शीश राम सवारी का इंतजार कर रहे थे एक बाइक सवार को रोक कर उसकी बाइक पर सवार होकर जोया आ रहे थे जैसे उनकी बाइक सरकड़ी मार्ग नारंगपुर के बीच सामने से आ रही अज्ञात कार ने बाइक मे टक्कर मार दी जिसमे शीश राम गंभीर रूप से घायल हो गए। मौक पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से जोया सी एच सी मे भर्ती कराया। जोया से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

#### ब्रेजा की टक्कर से महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं**। धनौरा-गजरौला मार्ग पर सोमवार सुबह सड़क हादसा हो गया। ग्लोबल पब्लिक स्कूल के पास तेज रफ्तार से आ रही विटारा ब्रेजा कार ने सड़क पार कर रही एक महिला को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला दूर जा गिरी और कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खंती में जाकर पलट गई। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव के लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलवाई और घायल महिला को सीएचसी धनौरा पहुंचाया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल अमरोहा रेफर कर दिया। घायल महिला का नाम छोटी सैनी निवासी सब्दलपुर खुर्द, चांदपुर बताया गया है। वह गांव मोहम्मदपुर पट्टी में रिश्तेदारी में आई थीं और सुबह घर लौटने के लिए सड़क पार कर रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर के बाद कार सीधी खंती में जा गिरी।

### राकिमसं ने पीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा

## अमेरिका से दूध व कृषि समझौते का विरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज अमेरिका से हुए व्यापार समझौते में कृषि व दूध उत्पादों को बाहर रखे जाने की मांग की।

राकिमसं ने सोमवार को कलेकट्रेट में डिप्टी कलेक्टर ब्रजपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें हाल ही में भारत और अमे. रिका के बीच हुए व्यापार समझौते में कृषि व दूध उत्पादों को बाहर रखे जाने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह ने कहा कि अमेरिका लगातार भारत पर तेल खरीदने तथा व्यापार समझौते में कृषि व दूध पदार्थो को शामिल करने के लिए दबाव बना रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का ट्वीट आया है कि भारत ने रूस से तेल खरीदने से मना कर दिया है। जिससे देश के लोगों के बीच तमाम तरह की शंकाएं पैदा हो रही हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष लकी गौशल, राजवीर सिंह, अंकित महाल, सावेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, हकीम शराफत खां, योगेश कुमार, लक्की आदि मौजूद रहे।

## पर्यटन धरोहरों के विकास में पक्षपात न हो: कमाल

### सरकार की जलजीवन मिशन योजना फ्लॉप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कांठ विधायक कमाल अख्तर ने पर्यटन धरोहरों के विकास के नाम पर हो रहे पक्षपात तथा सरकार द्वारा चल रही असफल जलजीवन मिशन योजना का मुद्दा सदन में उठाया।सोमवार को विधानसभा में कांठ विधायक कमाल अख्तर ने यह मुद्दा उठाते कहा कि पर्यटन धरोहर का विकास किसी एक वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि सर्वसमाज व सभी आस्था स्थलों के साथ समान व्यवहार हो। उनके विधानसभा क्षेत्र के विश्नोई समाज के भूड़ मन्दिर के जीर्णोद्धार हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराए जाने की मांग उन्होंने की तथा गुरू राजेन्द्रनंद जी महाराज की प्रतिमा मन्दिर परिसर के समीप स्थापित करने का अनुरोध भी



उन्होंने सरकार से किया। उन्होंने चक्करकी मिलक स्थित दरगाह शाह बुलाकी का मुद्दा भी उठाते कहा कि यहां हर धर्म के लोग आस्था के साथ पहुंचते हैं। इसके लिए भी सरकार विशेष बजट प्रदान करे। श्री अख्तर ने कहा कि पानी के बिना जीवन असंभव है। परन्तु जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिस कारण वह बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

## अनियंत्रित होकर घूमा सरिया लदा ट्रैक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। वजन अधिक होने से सरिया लदा ट्रैक्टर ऊपर उठकर

- **सड़क की दूसरी साइड में पहुंचा**

दूसरी साइड में पहुंच गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई दूसरा वाहन सामने से नहीं आ रहा था वरना कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था।

बता दें कि सोमवार को दोपहर एक ट्रैक्टर ट्राली सरिया लादकर इंदिराचौक की दिशा में आ रही थी, आधुनिक गारमेंटस के सामने अचानक ट्राली में वजन अधिक होने के कारण ट्रैक्टर ऊपर उठ गया और अनियंत्रित होकर सड़क की दूसरी साइड में पहुंच गया। हादसे के बाद लोगों की भीड़



लग गई। गनीमत रही कि कोई दूसरा वाहन सामने से नहीं आ रहा था वरना हादसा हो सकता था।

#### अजित सिंह की जयंती पर लगा स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। रालोद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजित सिंह की जयंती पर क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह के कैम्प कार्यालय पर मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर अपनी जांच कराई। जबकि नेत्र रोगियों को चश्मे व दवा भी वितरित की गयी।

# बेकाबू ट्रक ने खोखे में मारी टक्कर

## हादसे में एक की मौत, चार अन्य गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुरी बांगर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे बने खोखे में टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है।



मृतक की पहचान नरेश कुमार (55 वर्ष) पुत्र मंगत सिंह निवासी ग्राम कुरी बांगर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों में मोहित कुमार (13 वर्ष) पुत्र मनोज सिंह, अमर सिंह (70 वर्ष) पुत्र लल्लू सिंह, राजू देवी (65 वर्ष) पत्नी अमर सिंह (तीनों ग्राम कुरी बांगर निवासी) और रूपराम सिंह (60 वर्ष) पुत्र रामकिशन, निवासी ग्राम निचलपुर शामिल हैं।

सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है और प्रशासन से तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# किसान पर आवारा सांड का हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मटौरा दुर्गा में आवारा पशुओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र के किसान डॉ. योगेंद्र सिंह उर्फ पप्पू पर एक आवारा सांड ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में डॉक्टर को चोटें आई हैं। जिसके बाद क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है।



प्राप्त समाचार के अनुसार गांव मटौरा दुर्गा के योगेंद्र सिंह अपने खेत से आवारा सांड को भगाने के लिए गए थे। तभी अचानक बेकाबू सांड ने उन पर हमला कर दिया। सांड ने उन्हें बुरी तरह पटक कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने बमुश्किल उन्हें सांड के चंगुल से छुड़ाया और उपचार के लिए भिजवाया। इस घटना के बाद मटौरा दुर्गा और आसपास के गांवों के निवासी खौफजदा हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सांड काफी समय से हिंसक हो चुका है। आए दिन राहगीरों और किसानों को निशाना बना रहा है। बच्चे और बुजुर्ग घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत सचिव से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि इस सांड को जल्द पकड़कर गौशाला नहीं भेजा गया, तो कोई बड़ी अनहोनी या जानलेवा दुर्घटना हो सकती है।

## एक नजर

### वार्षिकोत्सव और खेलकूद का आयोजन



**नजीबाबाद।** प्राथमिक विद्यालय मौ. अलीपुर द्वारका में वार्षिकोत्सव और खेलकूद प्रतियोगिता हर्षोल्लास से मनाई गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक महेंद्रा एवं ग्राम प्रधान पतराम ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कक्षा 1 से 5 तक के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने नृत्य, गीत, नाटक और खेल प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। निधि खुराना सहायक अध्यापिका के निर्देशन में पलक, रिदा, इकरा, फलकनूर, आरजू, मनीषा, जैनब, सदफ, यश ने रंगा. रंग कार्यक्रम और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार सहायक अध्यापक द्वारा बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई जिसमें अक्षय, उजैफ, पवनवीर, उदयवर्द्धन, प्रियांशु, उवेश, यशवी, हर्षिता आदि ने भाग लिया। सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कुसुम आंगनबाड़ी सहायिका लाल सिंह, विपिन कुमार, धर्मवती आदि अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत डाक बंगला में संपन्न हुई। किसान पंचायत की अध्यक्षता जिला सचिव चौधरी हरीराज सिंह ने की, जबकि संचालन बबलू प्रधान बास्टा ने किया। पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान रहे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील चांदपुर कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत में 21 फरवरी को नूरपुर ब्लॉक सैदपुर भट्टे ग्राउंड मे तीन जिलों की महापंचायत में पहुंचने की अपील की गई। मीडिया प्रभारी भाई मौहम्मद हनीफ ने बताया कि पंचायत मे राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत शामिल होंगे। आज किसान पंचायत तैयारी के विषय में चर्चा की गई। पंचायत में उपस्थित मंडल महासचिव प्रिंस चौधरी गौरव जांदला, मुकेश जाधना जिला उपाध्यक्ष, मुनेंद्र सिंह काकरान, मौ. याकूब, तहसील महासचिव राजीव चौधरी, बब्बू शेख, नफीस सैफी, मोनू चौधरी, सुधांशु चौधरी, चौधरी ऋषिपाल सिंह इंजीनियर, शाहिद खान, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह, चौधरी प्रथम जी, चौधरी यशवीर सिंह, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ आदि उपस्थित रहे।

### आरबीडी में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में अदित्य बिरला फाउंडेशन और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्केट्स (एनआईएसएम) द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का विषय था 'युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा'। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. मंजू चौधरी, एवं अन्य शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधि पर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर पारुल त्यागी ने छात्रों को अपने आशीर्वचन प्रदान किए। कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता ने बताया कि युवा नागरिकों के लिए वित्तीय शिक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है जो उन्हें अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित और मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। वित्तीय शिक्षा युवाओं को पैसों के प्रबंधन, बचत, निवेश, और वित्तीय निर्णय लेने के बारे में सिखाती है। यह उन्हें अपने आय और व्यय का बजट बनाने, बचत करने, निवेश के विभिन्न विकल्पों के बारे में सीखने और कर्ज के बारे में समझने में मदद करती है। वित्तीय शिक्षा युवाओं को वित्तीय स्वतंत्रता, आर्थिक सुरक्षा, और वित्तीय निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है, जिससे वे अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित और मजबूत बना सकते हैं। इस अवसर पर युवाओं को वित्तीय बाजारों में निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें वित्तीय शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभागाध्यक्ष ऋतु सैनी ने किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में डा. आबिदा, सरफराज, ऋतु सैनी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### शादी समारोह में मारपीट और फायरिंग

**नांगल सोती।** क्षेत्र के गांव चंदोक निवासी की एक युवती की बारात थाना कोतवाली देहात के गांव डेहरी महेश्वरी से आई थी। शादी समारोह नांगल चंदक रोड स्थित व्हाइट पैलेस बैंकट हॉल में चल रहा था। वर और वधू पक्ष शादी की तैयारी में जुटे थे। इसी दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान कुछ युवकों ने फायरिंग करके शादी समारोह में दहशत फैला दी। किसी व्यक्ति ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दो युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आई।

## जैन शिशु सदन स्कूल का वार्षिकोत्सव



**शेरकोट।** जैन शिशु सदन स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। छात्र छात्राओं के रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, समूह गान, कविताएं एवं देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच संचालन की कला ने सभी को प्रभावित किया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधिका सुमन जैन ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंच के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से क्षेत्र के समस्त पत्रकार बंधुओं सहित थानाध्यक्ष को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई। विद्यालय प्रधानाचार्य रक्षी परवीन ने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण है और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में पत्रकारों की अहम भूमिका रहती है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एमआर टीकाकरण अभियान शुरू

## वरिष्ठ चिकित्सक ने प्राथमिक विद्यालय में फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** प्राथमिक विद्यालय प्रथम में एमआर खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक डा. मनोज वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। शुभारंभ अवसर पर विद्यालय में 100 बच्चों को एमआर का टीका लगाया गया। कार्यक्रम के बाद बच्चों को फ्रूटी भी वितरित की गई।



डा. मनोज वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खसरा एक संक्रामक रोग है, जिसमें शरीर पर दाने, बुखार, खांसी, नाक बहना और आंखों में लाली जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। गंभीर स्थिति में निमो. निया, दस्त तथा मस्तिष्क संबंधी जटिलताएं भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि खसरा-रूबेला का टीका पूर्णत सुरक्षित है और इससे किसी प्रकार का गंभीर दुष्प्रभाव नहीं होता, इसलिए सभी बच्चों को यह टीका अवश्य लगवाना चाहिए।

एमआर टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक स्कूल आधारित विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 45 जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2026 तक खसरा उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त करना है। सीएचसी के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. के स्नेही ने बताया कि ब्लॉक स्योहारा के 189 विद्यालयों, 140 सरकारी एवं 45 निजी में यह अभियान चलाया जाएगा, जिसमें 17,409 से अधिक लक्षित बच्चों को अतिरिक्त खुराक दी जानी है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रत्येक विद्यालय में पहुंचकर टीकाकरण सुनिश्चित कर रही हैं।

इस अवसर पर डा. बी.के. स्नेही ने बताया कि प्रदेश में खसरे के मामले सामने आ रहे हैं। विशेषकर उन बच्चों में जो नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। इस अतिरिक्त खुराक का उद्देश्य रोग की रोकथाम कर जटिलताओं से बच्चों की सुरक्षा करना है। यदि किसी बच्चे को हल्का बुखार आता है तो उसके लिए दवा उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के प्रथम दिन 26 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें कुल 1,480 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर डा. राकेश कुमार चीफ फार्मासिस्ट, जितेंद्र रावत हेल्थ सुपरवाइजर, वीर सिंह, राजेश कुमार, प्रधानाचार्य सुनील कुमार, सीडीपीओ हेमलता सैनी, महिला सुपरवाइजर कविता शर्मा तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

डा. मनोज वर्मा स्योहारा क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक होने के साथ-साथ सक्रिय समाजसेवी भी हैं। वे समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों, जागरूकता अभियानों और जनहित कार्यक्रमों में सहभागिता करते रहते हैं। क्षेत्र में उनकी पहचान एक समर्पित एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध चिकित्सक के रूप में है।

# भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

## उन्नत गन्ना बीज व कृषि यंत्रों की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ब्लॉक धामपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा एवं ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत के नेतृत्व में धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए मिल प्रबंधन के समक्ष मांगें रखीं।



बैठक के दौरान किसानों ने उन्नत एवं अच्छी किस्म के गन्ना बीज उपलब्ध कराए जाने की मांग की। साथ ही कृषि यंत्रों पर दी जाने वाली छूट तथा इन यंत्रों की संख्या में वृद्धि करने पर जोर दिया गया। किसानों का कहना था कि क्षेत्र में आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता सीमित है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और समय पर कार्य नहीं हो पाता। किसानों ने विशेष रूप से हैरो, कल्टीवेटर, स्प्रे मशीन, गेहूं बोने की मशीन तथा गन्ना बोने वाली आधुनिक मशीनों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि मिल प्रबंधन किसानों को रियायती दरों पर बेहतर कृषि संसाधन उपलब्ध कराएगा तो इससे खेती की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। शुगर मिल उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि किसानों के हित में उचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधन किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है और मांगों पर विचार कर यथासंभव समाधान किया जाएगा।

बैठक में भाकियू अराजनीतिक के ब्लॉक महासचिव अरविंद राजपूत, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रधान, संगठन मंत्री सुरेश कुमार, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, संजय कुमार, न्याय पंचायत अध्यक्ष भानु प्रताप राणा, वीरेंद्र सिंह, शमशेर बहादुर, गजेंद्र सिंह, अजय पाल सिंह, प्रतीक कुमार तथा ब्लॉक मीडिया प्रभारी दिनेश चौहान आदि किसान व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतिनिधि मंडल ने मिल प्रबंधन से किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो संगठन को आंदोलनात्मक रुख अपनाने पर मजबूर होना पड़ सकता है।

# कांग्रेस नेता ने बूथ पर बीएलओ के साथ मतदाताओं के फार्म भरवाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के निर्देश पर नजीबाबाद कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी ने एसआईआर के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज बूथ पर पहुंचकर बीएलओ के सहयोग से काफी संख्या में मतदाताओं के फार्म नम्बर-6 भरवाये। कांग्रेस नेता अमजद सिद्दीकी ने 18 साल की आयु पूरी कर चुके सभी युवाओं से अपने वोट जल्दी से जल्दी बनवाने तथा जिन मतदाताओं ने अभी तक नोटिसों का जवाब नहीं दिया है उनके जल्दी ही नोटिसों का साक्ष्य के साथ जवाब देने की अपील की है।

## पुलिस ने गश्त कर चलाया चैकिंग अभियान

**नजीबाबाद।** कांवड़ मेला सकुशल सम्पन्न होने के बाद मंडावली पुलिस एक्शन में आ गई। पुलिस चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्धों पर नजर रख रही है। शिवरात्रि का त्यौहार सकुशल हुआ सम्पन्न होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ कांवड़ मेले को सकुशल सम्पन्न कराया। मेला सम्पन्न होने के बाद मंडावली पुलिस ने क्षेत्र में गश्त कर गतिविधियों पर नजर रखी। थाना प्रभारी ने एसएसआई योगेंद्र सिंह व पुलिस टीम के साथ सोमवार को सुबह क्षेत्र में पेट्रोल पंप, बैंक, मुख्य चौराहों पर चैकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने संदिग्ध लगने वाले व्यक्तियों की तलाशी ली।

## गुलाब सिंह की जयंती पर हवन यज्ञ



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्व. गुलाब सिंह की जयंती के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्य समाज संस्था से जुड़े प्रेम भाटिया ने वैदिक रीति से हवन-यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह जी रहे। महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यज्ञ मात्र एक अनुष्ठान नहीं बल्कि हमारी सामूहिकता का जीवंत प्रतीक है। इस अवसर पर ग्राम बुडगरा से आए अतिथि विमल चौहान, अवनीश कुमार राठी, गुलिस्तान तथा नवनीत कुमार के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रो. अनिल कुमार वर्मा, प्रो. महीपाल सिंह, डा. अखिलेश, डा. प्रदीप कुमार तालान, डा. विनोद कुमार, डा. कुलदीप, डा. साजिद अंसारी आदि व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# नकलविहीन बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारंभ होकर 12 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह के साथ-साथ गंभीरता का माहौल भी दिखाई दे रहा है। नगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कुल 2441 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इनमें 1177 छात्र-छात्राएं हाईस्कूल तथा 1264 इंटरमीडिएट के हैं।



परीक्षाओं को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है। पर्याप्त संख्या में कक्ष निरीक्षक तैनात किए गए हैं तथा उड़नदस्तों का गठन भी किया गया है। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नगर के सबसे बड़े परीक्षा केंद्र पी.जे.एम. इंटर कॉलेज में कुल 1148 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। यहां हाईस्कूल के 551 और इंटरमीडिएट के 597 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। आर.यू.एम. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कुल 725 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें 358 हाईस्कूल और 367 इंटरमीडिएट के विद्यार्थी शामिल हैं। दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज में 568 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इनमें 268 हाईस्कूल तथा 300 इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हैं। परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न हो, इसके लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं तथा प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए डबल लॉक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केंद्र व्यवस्थापकों ने बताया कि परीक्षा को पूर्णतः पारदर्शी, नकलविहीन और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने तथा प्रवेश पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील की है।

# मृत्युभोज मुक्त समाज की ओर बढ़ते कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जाट जागृति एसो. द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध चलाई जा रही 'मृत्युभोज रोक' मुहिम सफलता की ओर अग्रसर है। आज ग्राम शादीपुर में एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया गया।



## जाट जागृति एसोसिएशन की मुहिम रंग लाई

ग्राम शादीपुर निवासी चौधरी चन्द्र पाल सिंह चिकारा की धर्मपत्नी श्रीमती विद्यावती देवी का स्वर्गवास 13 फरवरी 2026 को हो गया था। उनके निधन के उपरांत शोक संतप्त परिवार ने समाज को नई दिशा देते हुए किसी भी प्रकार के 'मृत्युभोज' का आयोजन न करने का साहसिक निर्णय लिया। प्रातः जाट जागृति एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल चौधरी चन्द्र पाल सिंह के निवास पर पहुंचा। जहां आचार्य इंद्रदेव वर्मा द्वारा पूर्ण आर्य समाज रीति-रिवाज के साथ हवन यज्ञ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि यहाँ किसी भी प्रकार के प्रतिभोज (दावत) की व्यवस्था नहीं थी। उपस्थित सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि भविष्य में मृत्युभोज जैसी कुप्रथाओं को रोकने के लिए हम न तो ऐसा भोजन खाएंगे और न ही खिलाएंगे। इस अवसर पर चौधरी गुनवान सिंह, सुरेश पाल सिंह दरोगा, लोकेंद्र सिंह डौडवाल, महेंद्र सिंह प्रधान, जितेंद्र सिंह घसीटा, वीरेंद्र सिंह अमीन, रामपाल सिंह, विपिन कुमार, संजीव कुमार धींगरपुर, महेंद्र पाल सिंह, विजय पाल सिंह, रमेश सिंह, संजीव प्रधान, मा. विजयपाल सिंह, सतवीर सिंह, प्रेम सिंह, जयसिंह बालापुर, नवनिहाल सिंह, डॉ. धर्मपाल सिंह और स्वामी आनंद आचार्य, अमित कुमार, अभय चिकारा, रामपाल सिंह, राहुल सिंह, शूरवीर सिंह, अनिल सिंह, मनोज सिंह, महाकार सिंह, वंश, ऋतिक, आदर्श, अर्पित और दर्श चिकारा सहित ग्राम के अनेक संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

इस मुहिम को सफल बनाने में सितम सिंह खंडसाल, सुरेश कुमार राठी, भूपेंद्र सिंह समसपुर, सुंदर सिंह, सूरज सिंह, प्रेम सिंह अखेड़ा और आचार्य इंद्रदेव वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# यमुना पुश्ता पर 23 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड बनाएगा यूपीडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए पुश्ता पर 23 किमी लंबी एलिवेटेड रोड बननी है। सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि ये रोड यूपीडा ही बनाएगा। प्राधिकरण बोर्ड से इससे पहले ही अप्रूवल मिल चुका है।

यूपीडा ही सिचाईं विभाग से एनओसी भी लेगा। तीनो प्राधिकरण इसमें आने वाली लागत का खर्चा वहन करेंगी। इस ट्रैक के बनने से एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक भार कम होगा। ये एलिवेटेड रोड छह लेन की बनाई जाएगी। प्राधिकरण का पहले मत था कि इस एलिवेटेड रोड का निर्माण एनएचएआई करे। लेकिन बोर्ड ओर शीर्ष अधिकारियों की मीटिंग के बाद तय किया गया कि अब निर्माण यूपीडा ही करेगा। इस ट्रैक में सबसे ज्यादा हिस्सा नोएडा प्राधिकरण का ही होगा।

**एयरपोर्ट की दिल्ली से सीधे कनेक्टिविटी:** दरअसल ये एक्सप्रेस वे छह लेन एलिवेटड होगा। ये ओखला बैराज से हिंडन यमुना होते हुए यमुना एक्सप्रेस वे तक जाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए दिल्ली से सीधे कनेक्टिविटी भी होगी। इसका फायदा तीनों प्राधिकरण नोएडा , ग्रेटरनोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे को होगा। ये लिंक ट्रैफिक लोड को देखते हुए बहुत अहम है।

**क्या है योजना इसे समझे:** वर्तमान में नोएडा ग्रेटरनोएडा को जोड़ने के लिए एक्सप्रेस वे है। ये एक्सप्रेस वे जीरो पाइंट पर यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ता है। प्लान है यमुना पुश्ता रोड पर एक एलिवेटड रोड बनाई जाए। हिंडन यमुना दोआब होते हुए हिंडन नदी को पार करते हुए यमुना एक्सप्रेस वे तक जाएगा। दो स्थानों पर प्रवेश और निकास के लिए लूप या अंडरपास बनाने की आवश्यता होगी। यानी लूप या अंडरपास सेक्टर-168 एफएनजी को कनेक्ट करने के लिए। दूसरा सेक्टर-150 में सेक्टर-149ए व सेक्टर-150 के बीच 75 मीटर चौड़ी सड़क को कनेक्ट करेगा।

**इससे होगा ये फायदा:** इस रोड के बनने से दिल्ली हरियाणा की ओर जाने वाली व ग्रेटरनोएडा यमुना एक्सप्रेस वे एवं अन्य शहरों को जाने वाला यातायात नोएडा में बिना प्रवेश किए उक्त एक्सप्रेस वे से सीधे गुजर जाएगा। भविष्य में इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ओर जाने वाला ट्रैफिक सुगम होगा। आगरा ,लखनऊ के जाने वाले लोगों को आसानी होगी। प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकेगा।

# विधानसभा घेराव को जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका, धरना देकर जताया विरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** लखनऊ विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुरादाबाद पुलिस ने बीच रास्ते में रोक दिया। इससे नाराज कार्यकर्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।जानकारी के अनुसार कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मनरेगा से जुड़े मुद्दों को लेकर विधानसभा घेराव के लिए लखनऊ जा रहे थे। पुलिस ने उनकी कई गाड़ियों को मौके पर ही रोककर आगे बढ़ने नहीं दिया। इस कार्रवाई के बाद नाराज कार्यकर्ता वापस अपने कार्यालय पहुंचे और वहीं धरना शुरू कर दिया।धरने के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने से रोका जा रहा है।

उनका कहना था कि सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन जबरन कार्रवाई कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान "लोकतंत्र बचाओ" और "भाजपा सरकार मुर्दाबाद" के नारे लगाए गए।कांग्रेस महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर जा रहे थे।

लेकिन प्रशासन ने उन्हें रोककर उनके अधिकारों का हनन किया है।मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया।

# त्रिवेणी चीनी मिल अधिकारियों की देखरेख में बसंतकालीन गन्ने की बुवाई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार को त्रिवेणी चीनी मिल रानीनांगल के जोन शौदासपुर के जोनल प्रभारी प्रवीण शर्मा एव उमाशंकर गुप्ता ,सहायक प्रबंधक( गन्ना) पप्पू कुमार व सुमित कुमार के साथ पील. कपुर निवासी गन्ना किसान हर स्वरूप सिंह के खेत पर अपने मार्ग दर्शन में दो वाई चार की दूरी में बसंतकालीन गन्ना बुवाई कराने हेतु पहुंचे तथा गन्ने के बीज का निरीक्षण किया और किसानों से अनुरोध किया कि किसान गन्ना वुबाई के लिए अंतिम जुताई से पहले ट्राइकोडर्मा ,गोबर की खाद में मिलाकर जरूर डालें और सिंगल या डबल बड के टुकड़ों से गन्ने की बुवाई करें। इस दौरान किसान नेता प्रीतम सिंह ने चीनी मिल के महाप्रबंधक ( गन्ना) टी.एस. यादव से वार्ता की और कहा कि वर्तमान पेराई सत्र में कृषकों के मेंन कैलेंडर की पर्चियां का इंडेंट निकाला जाए और सभी किसानों को उचित मूल्यघ्400 प्रति क्विंटल के हिसाब से उत्तम पैदावार का वुवाई हेतु गन्ना उपलब्ध कराया जाए। चीनी मिल के महा प्रबंधक ने बताया कि किसान अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उत्तम किस्म जैसे सीओ 0118 ,सीओएलके 14201, सीओ 98014, सीओएलके 94184, सीओ 15023, आदि की बुवाई करें तथा गन्ने का बीज वितरित करने वाले किसानों को अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा और बेसिक कोटे में किसान के गन्ने के बीज को जोड़ा जाएगा। सोदासपुर जोनल प्रभारी प्रवीण शर्मा ने किसानों से अनुरोध किया कि किसान बुवाई हेतु गन्ना प्राप्त करने हेतु अपने चीनी मिल संबंधित सुपरवाइजर से संपर्क कर लें और बीज शोधित कर बुवाई करें। पेढ़ी के फुटाव लिए ईथाफोन एवं फफूदी नाशक का प्रयोग करें। इस दौरान सत्यपाल सिंह महेंद्र सिंह मदन पाल सिंह पुलकित चौहान मनो. हरी सिंह आदि मौजूद रहे।



## एक नजर



**बिलारी। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने अपने कार्यालय पर लोगों की समस्याओं को सुना और उनकी शिकायतों का समाधान करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।**

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत हरोरा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बिलारी।** मुरादाबाद जनपद के विकासखंड बिलारी क्षेत्र के ग्राम हरा. ेरा तथा थाना बिलारी के वार्ड नंबर-4 में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान महिलाआ. ें, पुरुषों और बच्चों को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि कम उम्र में विवाह से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, घरेलू हिंसा और सामाजिक-आर्थिक कठिनाइयां बढ़ती हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि बाल विवाह करना या करवाना संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध है तथा इसके लिए कानून में सख्त दंड का प्रावधान है। कार्यक्रम में मनोसामाजिक परामर्शदाता तनीषा दिवाकर और सुपरवाइजर शाहनवाज आलम ने बताया कि विवाह की वैधानिक आयु लड़की के लिए 18 वर्ष और लड़के के लिए 21 वर्ष निर्धारित है। बाल विवाह की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई और लोगों से अपील की गई कि ऐसे मामलों की तुरंत सूचना दें, जिससे किसी बालिका का भविष्य सुरक्षित किया जा सके। इसके अलावा जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित योजनाओंख्रकन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, विधवा पेंशन आदिख्रके बारे में भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलवी, ग्राम प्रधान, लेखपाल, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक तथा अन्य स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### युवा सर्राफा व्यवसायी माधवय गुप्ता को जेमोलॉजी में अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि, नगर में हुआ भव्य स्वागत

**बिलारी।** नगर के युवा सर्राफा व्यवसायी माधवय गुप्ता ने जेमोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टिट्यूट से जेमोलॉजिकल में अवार्ड डिप्लोमा ग्रेजुएट डीसी प्राप्त किया। साथ ही उन्हें वर्ल्ड डायमंड सेंटर द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया, जिससे नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। मुंबई से प्रशिक्षण पूरा कर लौटने पर माधवय गुप्ता का बिलारी में भव्य अभिनंदन किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर सर्राफा एसोसिएशन बिलारी, कुमार तनय महासभा, श्री राधा रमण सत्संग समिति सहित अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उनके आवास मोहल्ला महाजनान मंदिर राय सत्ती पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। माधवय गुप्ता वरिष्ठ सर्राफा कारोबारी लव कुमार गुप्ता सराफ के पौत्र तथा श्री राधा रमण सत्संग समिति के संयोजक सचिन गौरव के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और नगरवासियों में हर्ष का माहौल है।



### यादव समाज पर बनी फिल्म के विरोध में अहीर रेजिमेंट टीम ने दिया ज्ञापन

**बिलारी।** बहुत सिलेक्टेड लोग हैंबिलारी। अहीर रेजिमेंट टीम के नगर अध्यक्ष राज यादव के नेतृत्व में भारी तादाद में यादव समाज के पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बिलारी के माध्यम से भेजा गया। सोमवार को तहसील पहुंचे अहीर रेजिमेंट टीम के पदाधिकारियों ने ज्ञापन देकर कहा कि 27 फरवरी को यादव जी की लव स्टोरी नाम से एक फिल्म रिलीज होने वाली है। जिसमें ब्राह्मण समाज की लड़की को यादव समाज की बताकर उसकी लव स्टोरी और ठाकुर समाज के लड़के को मुस्लिम समाज का युवक बनाकर दिखाया जा रहा है। जिससे हमारी अहीर रेजिमेंट टीम में रोष का माहौल है। एसडीएम बिलारी को ज्ञापन देकर कहा कि वह ज्ञापन को सेंसर बोर्ड को भेजना चाहते हैं। उनकी जो भावनाएं आहत हो रही है। उसे फिल्म पर पूरी तरीके से रोक लगाई जाए। अगर फिल्म पर रोक नहीं लगाई जाती तो अहीर रेजीमेंट के युवा धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में राज यादव, वीरेश यादव,लवली यादव, सचिन यादव ,अभी यादव, अक्षय यादव, शिवम, सौरभ यादव, विशाल यादव, गौरव यादव, अशोक कुमार,विशाल, अभी भारद्वाज आदि सहित अनेको मौजूद रहे।

### दलपतपुर समर मेले में पहुंचे कॉमेडियन शेखचिल्ली



**मूंढापाण्डे।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव दलपतपुर में समर मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कॉमेडियन शेखचिल्ली ने लोगों को हंसते हुए गुदगुदाने का काम किया क्षेत्र की जनता ने कॉमेडियन शेखचिल्ली का तालिया बजाकर जोरदार स्वागत किया शेखचिल्ली के स्टाफ में रुखसाना ने कहा कि अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ा लिखा कर कामयाब बनाएं आपके बच्चे पढ़ लिखकर देश का नाम रोशन करें समर मेले में शेखचिल्ली का तीन दिन तक प्रोग्राम चलेगा।

ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंच कर समर मेले की शोभा बढ़ाएं इस मौके पर शेखचिल्ली का पूरा स्टाफ मौजूद रहा वही शेखचिल्ली और स्टाफ ने कहा कि हंसते रहो और लोगों को हंसाते रहो।

### वैश्य समाज के द्वारा दीनदयाल नगर में शिव परिवार का 16वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**मुरादाबाद।** श्री राम मंदिर दीनदयाल नगर फेस वन में सोमवार को वैश्य समाज द्वारा शिव परिवार का 16वां वार्षिक उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव एवं उनके परिवार की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। भक्ति भाव से आयोजित कीर्तन में भक्तजन झूम उठे और वातावरण "हर-हर महादेव" के जयघोष से गुंजायमान हो गया।उत्सव के अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भक्तों ने नृत्य-कीर्तन के माध्यम से भोले बाबा का गुणगान कर सुख-समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम में अरविंद गुप्ता, सुनीता गुप्ता, शिवम गुप्ता, शर्मिला, उषा गुप्ता, शैफाली रस्तोगी, अलका गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता, पूनम गुप्ता, कृष्णा, सुरजीत विकल, कृष्णा तोमर, प्रिया, रितु, प्रियंका, रश्मि, रोहिणी, आरती, दीपा शर्मा, रीना गोयल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।प्रदेश संगठन मंत्री सुनीता गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज में एकता और धार्मिक परंपराओं को बनाए रखने का संदेश दिया।

# टीएमयू का बड़ा डेलीगेशन दुनिया के एआई शिखर सम्मेलन में करेगा शिरकत

**मुरादाबाद।** दुनिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन - इंडिया एआई इंपैक्ट समिट की भारत मेजबानी करने का जा रहा है। भारत मंडपम में होने वाले इस समिट में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद भी भाग लेगी,जिसमें डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन के नेतृत्व में 109 स्टुडेंट्स जाएंगे। पांच दिनी समिट के लिए टीएमयू का यह बड़ा डेलीगेशन 17 फरवरी की सुबह रवाना होगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवम् सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से एआई इंडिया मिशन इस समिट में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी समेत 20 देशों के राष्ट्रध्यक्ष, प्रधानमंत्री के संग- संग 50 से अधिक राष्ट्रीय एवम् अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ भी आ रहे हैं। इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में 20 सत्र होंगे,जिनमें एक सत्र में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की डीन प्रो. मंजुला जैन भी अपना नजरिया रखेंगी। भारत के शैक्षणिक परिदृश्य में एआई नवाचार के लोकतंत्रीकरण पर केंद्रित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की एक समाधान-उन्मुख पैनल चर्चा सुषमा स्वराज भवन में शाम साढ़े पांच बजे से होगी। टीएमयू बीआईसी के मैनेजर श्री प्रशांत सिंह ने बताया, यूनिवर्सिटी के तीन स्टार्ट्स अप के प्रेजेंटेशन की भी तैयारी है। समिट में दुनिया में नामचीन उद्योगपति- माइक्रोसॉफ्ट से श्री बिल गेट्स, रिलायंस समूह से श्री मुकेश अंबानी,श्री सुंदर पिचई के अलावा टाटा समूह, इन्फोसिस, बायोकॉन, एंथ्रोपिक, एनवीडिया, एक्सेंचर, गूगल समेत दुनिया के 100 दिग्गज आकर्षण के केंद्र होंगे।




# छत पर खेल रही सात साल की बच्ची को लगा हाईटेंशन करंट, हालत बनी गंभीर

**ठाकुरराम।** तहसील क्षेत्र के थाना डिलारी क्षेत्र के गांव सलेम सराय निवासी शेर मोहम्मद की सात साल की धेवती इरम रविवार को अपने घर की छत पर खेल रही थी। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन के संपर्क में आ गई और उसे तेज करंट लग गया। करंट लगते ही बच्ची जोर से चिल्लाई और मौके पर ही झुलस गई। चीख सुनकर घरवाले और आसपास के लोग दौड़ पड़े। बच्ची की हालत देखकर सभी घबरा गए। परिजन तुरंत उसे पास के डॉक्टर के पास लेकर गए, जहां काफी प्रयास के बाद उसकी जान बचाई जा सकी। डॉक्टरों के मुताबिक बच्ची बुरी तरह झुलसी है और उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उसका इलाज जारी है। परिजनों का कहना है कि हाईटेंशन बिजली लाइन घर की छत के बहुत करीब से गुजर रही है। कई बार लोगों ने इसको लेकर चिंता जताई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि अगर समय रहते लाइन को हटाया या ऊंचा किया गया होता तो यह हादसा नहीं होता। गांव के लोगों में घटना को लेकर गुस्सा है। उनका कहना है कि इस तरह खुले में और घरों के पास से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइनें कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि तुरंत कार्रवाई करते हुए लाइन को सुरक्षित दूरी पर कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी और मासूम की जान खतरे में न पड़े।

# संगठन विस्तार को लेकर मुरादाबाद पहुंचे भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से ठाकुर भानु प्रताप सिंह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं और मीडिया से संवाद करते हुए संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि वह भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के साथ-साथ राष्ट्रीय किसान क्रांति दल का भी नेतृत्व कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि संगठन की नीति सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की है। धर्म और जाति के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता। मुस्लिम, हिंदू, जाटव, गुर्जर, वाल्मीकि, जाट और ठाकुर समाज सहित हर वर्ग के लोगों को समान सम्मान और भागीदारी दी जा रही है।



ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने घोषणा की कि राष्ट्रीय किसान क्रांति दल आगामी जिला पंचायत चुनाव में हर सीट पर प्रत्याशी उतारेगा और जीत के लक्ष्य के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा। साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार उतारने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य किसान हितों की रक्षा, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना और जनता की समस्याओं का समाधान करना है।इस अवसर पर मुरादाबाद में नई टीम की घोषणा भी की गई, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी

# एसएम कॉलेज में जनपद स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित, छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सोमवार को एस.एम. कॉलेज में परिषदीय विद्यालयों की जनपद स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन उपरान्त किया गया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय 100 मी. दौड़ में रचित (लहरावन), वि.क्षे. बहजोई प्रथम, 200 मी. दौड़ में अरविन्द (फतेहपुर), वि.क्षे. गुन्नौर ने प्रथम, 400 मी. दौड़ बॉबी (कैल), वि.क्षे. गुन्नौर ने प्रथम, 600 मी. दौड़ अरविन्द (फतेहपुर), वि.क्षे. गुन्नौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय 50, 100 व 200 मी. दौड़ में संजय (करेली), वि.क्षे. पवांसा, 400 मी. दौड़ में चिराग (लहरावन), वि. क्षे. बहजोई, योग प्रा.वि. करेली, वि. क्षे. पवांसा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय की 100 मी. दौड़ में संतोष (शेरुआ), वि.क्षे. बहजोई, 200 मी. दौड़ में संतोष (शेरुआ), वि.क्षे.



बहजोई, 400 मी. दौड़ में राशि (दयौरा खास), वि.क्षे. बनियाखेड़ा, 600 मी. दौड़ में प्रतिज्ञा (लहरावन), वि.क्षे. बहजोई प्रथम, पी.टी. उ.प्रा.वि. गवाँ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं उच्च प्राथमिक बालिका गोला फेंक सुशीला व चक्का फेंक बालक नीरज, बनियाखेड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय मुंशीलाल पटेल, खण्ड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, अरुण कुमार, अंशुल शर्मा, विनोद मेहरा उपस्थित रहे। शैलजा मिश्रा, दीनदयाल शर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कपूर, जिला स्काउट मास्टर प्रफुल्ल कुमार, संदीप कुमार (कनिष्ठ सहायक), संजीव कुमार, डॉ. गौरव मिश्रा, अशोक पाठक, अनुज कुमार, अमित कुमार, राजीव कुमार, मधुर वार्ष्णेय, विजय कुमार, श्रद्धा शर्मा, बरखा जैन, रवि कुमार, प्रवीण कुमार, सत्यवीर सिंह, प्रियंका रस्तोगी, अभिषेक गुप्ता, डॉ. शशांक सैनी, नरेश कुमार, कपिल मलिक, धर्मेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ दुर्गा टंडन ने किया।

# भाजपा कार्यालय पर आयोजित बजट चौपाल में केंद्रीय बजट पर की गई विस्तार से चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय बुद्धि विहार में केंद्र सरकार के वर्ष 2026-27 के बजट पर चर्चा के लिए बजट चौपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ हरिओम शर्मा और महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और वंदेमातरम् गायन के साथ किया।मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीब कल्याण, किसान हित और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट युवा, महिला, किसान, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर केंद्रित है। बजट में ग्रामीण विकास, बुनियादी ढांचे, सड़क-रेल कनेक्टिविटी, स्वच्छ ऊर्जा और कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश को 4.26 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिससे राज्य में एक्सप्रेस-वे, मेट्रो, औद्योगिक कॉरिडोर और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को गति मिलेगी। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने बजट को समावेशी विकास का आधार बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियो ने दिखाए मानव शरीर अथवा चंद्रयान के मॉडल

## विज्ञान प्रदर्शनी के मॉडल से बच्चो ने मन मोहा

**कुंदरकी।** सोमवार को हरियाना गांव के जेडी जैन मेमो. रियल पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी मेले मे विद्यार्थियों ने पर्यावरण, ऊर्जा, मानव शरीर और अंतरिक्ष जैसे विषयों पर आधारित कई रचनात्मक और अभिनव मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यालय के कक्षा एक से आठवी के विद्यार्थियों ने 20 से अधिक अपने वैज्ञानिक मॉडल्स प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियो के मॉडल का चौकी प्रभारी संजय त्यागी, मदन स्वरूप इंटर कालेज के शिक्षक बागेश्वर यादव एवं प्रबंधक धीरज जैन ने मूल्यांकन किया और बच्चों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने में सहायक होते हैं। प्रधानाचार्य उषा जैन ने बताया कि विद्यार्थियों ने वर्किंग मॉडल जैसे किडनी, एटीएम, स्टैटिक मॉडल जैसे सौर मंडल, चंद्रयान और



प्रयोग जैसे ज्वालामुखी, जल शुद्धिकरण मॉडल प्रस्तुत कर उनकी वैज्ञानिक समझ और समस्या-समाधान कौशल को दर्शाया। इन आयोजनों का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देना है। विद्यार्थियों द्वारा जल संचयन, पवन चक्की, स्मार्ट सिटी, चंद्रयान और खाद्य श्रृंखला जैसे महत्वपूर्ण अवधारणाओं का भी मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थी ऋद्धि शर्मा, आशीष, गौसिया , भव्या शर्मा, सितफ, आमिर, राधिका को बेहतर माडल निर्मित करने पर पदक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक धीरज जैन, चौकी प्रभारी संजय त्यागी, बागेश्वर यादव, विपुल जैन, अजादार अली, नकुल शर्मा, प्रधानाचार्य ऊषा जैन, सजल जैन, मुस्कान भटनागर, दिशा जैन समेत तमाम शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल रहे।



# अफगानिस्तान ने चखा जीत का स्वाद

## अजमतुल्लाह उमरजेई ने चार विकेट व नाबाद 40 रन, इब्राहिम जादरान ने 53 रन और दरवेश रसूली ने 33 रनों की शानदार पारियां खेली

**नई दिल्ली, वार्ता।** अजमतउल्लाह ओमरजई (चार विकेट/ नाबाद 40 रन), इब्राहिम जदरान (53) और दरवेश रसूली (33) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को टी-20 विश्वकप के 28वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को चार गेंदे शेष रहते पांच विकेट हरा कर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने पहले ही ओवर में रहमानउल्लाह गुरबाज (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद इब्राहिम जदरान और गुलबदीन नईब की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। छठे ओवर में मुहम्मद इरफान ने गुलबदीन नईब (13) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। सेदिफुल्लाह अटल (16) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। इस दौरान इब्राहिम जरदान एक छोर थामे रन बनाते रहे और उन्होंने अपना अर्द्धशतक भी पूरा किया। 14वें ओवर में इरफान ने इब्राहिम जदरान को आउटकर अफगानिस्तान को बड़ा झटका दिया। इब्राहिम जरदान 41 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 53 रनों की पारी खेली। डरविश रसूली ने 23 गेंदों में तीन चौके ओर एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाए। अफगानिस्तान ने 19-2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया। अजमतउल्लाह ओमरजई ने 21 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 40 रनों की मैच विजई पारी खेली। यूएई के लिए जुनैद सिद्दीकी ओर मुहम्मद इरफान ने दो-दो विकेट लिए। मुहम्मद जवादुल्लाह ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां सोहैब खान (68) और आलीशान शराफु (40 ) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ नौ विकेट पर 160 रनों का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। आर्यंष शर्मा (शून्य), कप्तान मुहम्मद वसीम (10) रन बनाकर आउट हुए। सोहैब खान और आलीशान शराफु की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। 12वें ओवर में मुजीब उर रहमान ने आलीशान शराफु को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आलीशान शराफु ने 31 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 40 रनों की पारी खेली।

## टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद खान

**नई दिल्ली, वार्ता।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। राशिद ने आज यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच में मोहम्मद अरफ़ान को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। मैच से पहले राशिद के नाम 699 विकेट थे। उन्होंने यूएई की पारी के 16वें ओवर में अरफान को हिट विकेट कराकर अपना ऐतिहासिक 700वां विकेट लिया। अफगानिस्तान के कप्तान को इस मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 698वां और 699वां विकेट लिया था, लेकिन इस मैच में शुरुआती 3-2 ओवर उनके बिना सफलता के गए। उन्होंने पहले 20 गेंदों में 17 रन दिए। फिर अरफान रिवर्स स्वीप खेलने के लिए घूमे, लेकिन शॉट को मिस किया और फिर बैलेंस होने के चक्कर में स्टंप को टच कर बैठे। इस मामले में संन्यास ले चुके ब्रावो 631 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### दिल्ली सरकार ने तीन खो-खो विश्व कप विजेताओं को 75-75 लाख रुपये दिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** खो खो विश्वकप 2025 में को भाग ले चुके दिल्ली के तीन खो-खो खिलाड़ियों, मेहुल, अंशु कुमारी और नसरीन, को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 75-75 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। श्रीमती रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ल खेल महाकुंभ के उद्घाटन के समय अवसर इन खिलाड़ियों को ये नकद पुरस्कर दिये। भारत ने इस उद्घाटन टूर्नामेंट में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिताब जीता। यह प्रतियोगिता 13 से 19 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के आईजी स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जिसमें 23 देशों की 20 पुरुष और 19 महिला टीमें शामिल हुईं, सभी छह महाद्वीपों से प्रतिनिधित्व मिला। 21 वर्षीय मेहुल ने इस वर्ष ओपन स्कूलिंग के माध्यम से कक्षा 12 की परीक्षा दी है।

#### शिकोंगो चोटिल नामीबिया ने एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया

**कोलंबो, वार्ता।** नामीबिया ने भारत और श्रीलंका में चल रहे टी-20 विश्व कप 2026 के बाकी मैचों के लिए बेन शिकोंगो की चोट के कारण उनकी जगह एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया है। 12 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच में दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण शिकोंगो के बाहर होने पर आईसीसी ने वोल्शेंक को रिप्लेसमेंट के तौर पर मंजूरी दी है।नामीबिया का आखिरी मैच 18 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होगा। स्कॉटलैंड ने सफ्यान शरीफ की जगह जैक जार्विस को अपनी टीम में शामिल किया है। जार्विस ने स्कॉटलैंड के लिए आठ टी-20 मैच खेले हैं और वह पहले से ही टीम के साथ ट्रैवलिग रिजर्व के तौर पर थे। 12 फरवरी को टीम ट्रेनिग सेशन के दौरान सीमर शरीफ के दाहिने ग्रो. इन में चोट लग गई।

# सूर्या ने इशान किशन बल्लेबाजी-गेंदबाजी को सराहा



● **पाक पर 61 रनों की जीत दर्ज करने के बाद कहा कि यह जीत भारत के लिए है**

**कोलंबो, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने इशान किशन और गेंदबाजों की सराहना की। पाकिस्तान पर 61 रनों से जीत दर्ज करने के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि यह जीत के लिए भारत के लिए है। लेकिन हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और टॉस के दौरान जैसा कि मैंने कहा था कि हम पहले बल्लेबाजी ही करना चाहते थे। शुरुआत में हमने विकेट गंवा दिया था लेकिन किशन ने बढ़िया बल्लेबाजी की। 155 का स्कोर मुकाबले को करीबी बना सकता था लेकिन 175 पार स्कोर था।

तिलक, रिकू, शिवम सबने बढ़िया बल्लेबाजी की और गेंदबा. जी में सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं प्लेयर ऑफ द मैच इशान किशन ने कहा कि विकेट इतनी आसान नहीं थी लेकिन आपको अपने आप पर विश्वास रखना होता है इसलिए मैं केवल गेंद को देखकर खेलने का प्रयास कर रहा था। मैंने ऑफ साइड गेम पर बेहद काम किया है, यह बड़ा ग्राउंड है और यहां गैप भी मिलता है इसलिए मैं गैप में खेलने की कोशिश कर रहा था। भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला हमेशा खास होता है, न केवल हमारे लिए बल्कि हमारे देश के लिए भी। उनकी टीम में काफी अच्छे स्पिनर थे और इस जीत से हमें टूर्नामेंट में आगे के लिए काफी आत्मविश्वास मिलेगा।

## आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर समय बिताए अभिषेक शर्मा : रवि शास्त्री

**कोलंबो, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपनी पारी की शुरुआत में अधिक धैर्य रखने की सलाह दी है। पाकिस्तान पर भारत की 61 रन की जबरदस्त जीत के दौरान अभिषेक बिना किसी रन के आउट होने पर शास्त्री ने कहा कि अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर अधिक समय बिताने की सलाह दी है। आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा कि मुझे लगता है कि वह खेलने लायक है, लेकिन उसे स्वयं को थोड़ा और समय देना होगा। ऐसी चीजे होती हैं, और आप गुस्से में आ सकते हैं, लेकिन उसे वापस पटरी पर आने तक खुद को थोड़ा और समय देना होगा। उन्होंने कहा कि क्योंकि उसके लिए बाद में उन डॉट बॉल को बाउंड्री और छक्के में बदलना मुश्किल नहीं है। इसके उलट, विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 40 गेंदों पर 77 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता, यह टूर्नामेंट में उनका लगातार दूसरा अर्द्धशतक है। किशन के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए शास्त्री ने कहा कि वह इस समय सपने जैसी बल्लेबाजी कर रहा है। उस ट्रैक पर 200 के करीब की रफ्तार से बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय है। हर बल्लेबाज को यह आसान नहीं लगा क्योंकि गेंद रुक रही थी, और जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की तथा जिस तेजी से उसने हालात का अंदाजा लगाया, वह बहुत बढ़िया था।

# देवदत्त पड़िक्कल का दोहरा शतक, कर्नाटक ने बनाए 686/6



● **देवदत्त पड़िक्कल की 232 रनों की पारी की बदौलत कर्नाटक ने सेमीफाइनल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली**

**लखनऊ, वार्ता।** देवदत्त पड़िक्कल (232) और आर स्मरण (नाबाद 121) की शानदार पारियों की बदौलत कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ स्टंप के समय छह विकेट पर 689 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

आज यहां कर्नाटक ने कल के दो विकेट पर 355 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कर्नाटक का तीसरा विकेट करुण नायर (60) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान देवत्त पडिक्कल ने अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 330 गें. दों में 29 चौके और तीन छक्कों की मदद से 232 रन की पारी खेली। श्रेयस गोपाल (शून्य) और कृतिक कृष्णा (60) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय कर्नाटक ने छह विकेट पर 689 रन बना लिए थे। आर स्मरण (नाबाद 121) और विद्याधर पाटिल (नाबाद 35) क्रीज पर मौजूद है। उत्तराखंड के लिए आदित्य रावत ने तीन विकेट लिए। अभय नेगी, अवनीश सुधा और लक्ष्य रायचंदानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# चोटिल हेजलवुड विश्वकप से हुए बाहर



● **जॉश हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है**

**पल्लेकेले, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउडर जॉश हेजलवुड पिडली की चोट के कारण टी-20 विश्वकप 2026 से बाहर हो गए है। उनकी जगह टीम में स्टीव स्मिथ को शामिल किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को हेजलवुड के रिप्लेसमेंट को मंजूरी दे दी। हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है। इसी के साथ हेजलवुड पिडली की चोट के कारण टूर्नामेंटआधिकारिक रूप से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने हेजलवुड को टीम में जगह दी थी और टीम के चिकित्सा दल को उम्मीद थी कि वह टूर्नामेंट में खेलने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, लेकिन वे कामयाब नहीं हुए। आईसीसी की तकनीकी समिति ने हेजलवुड के रिप्लेसमेंट की मंजूरी दी है। इसी के आधार पर स्टीव स्मिथ को आधिकारिक रूप से टीम में शामिल कर लिया गया।

# पाक के पूर्व कप्तान इमरान खान अस्पताल में भर्ती



● **अस्पताल में भर्ती का फैसला विपक्ष द्वारा लगातार पाक सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और प्रधानमंत्री इमरान खार को स्वास्थ्य चिंताओं के बीच अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। सरकार के मंत्री तारीक फजल चौधरी ने इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें मेडिकल बोर्ड से अस्पताल में भर्ती करने का फैसला किया गया है। यह फैसला विपक्ष द्वारा लगतारा पाकिस्तानी सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया है। इमरान की सेहत को लेकर दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम और वकार यूनिस ने भी आवाज उठाई थी।

दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने मांग की है कि जेल में बंद इमरान को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए। खबरों के अनुसार, 73 वर्षीय के इमरान की दाईं आंख की रोशनी खराब हो गई है। उनकी कानूनी टीम का दावा है कि पिछले कई महीनों से अकेले कैद काट रहे इमरान की आंखों में इंफेक्शन हुआ है। अकरम ने एक्स पर लिखा कि अपने कप्तान इमरान खान की सेहत और उनकी तकलीफो के बारे में जानना उनके लिए बेहद तकलीफदेह है। उन्होंने कहा, ष्मैं दिल से गुजारिश करता हूं कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को पूरी संजीदगी से लें और उन्हें बेहतरीन मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराएं। मेरी दुआएं उनके साथ हैं कि वे जल्द सेहतमंद हों और वह दोबारा पहले की तरह सेहतमंद हो जाएं। वकार ने लिखा कि राजनीति से अलग हटकर देखें तो हमारे राष्ट्रीय नायक, जिन्होंने हमें खेल के मैदान पर हमारी सबसे बड़ी गौरवपूर्ण जीत दिलाई, एक कैंसर अस्पताल बनाया, जिसने मेरी मां सहित अनगि. नत लोगों की मदद की, आज स्वास्थ्य आपात स्थिति से जूझ रहे हैं और उन्हें तुरंत उपचार की आवश्यकता है।

मैं विनम्रतापूर्वक संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करता हूं कि उन्हें समय पर उचित इलाज उपलब्ध कराया जाए। जल्दी स्वस्थ हो जाइए कप्तान। शोएब अख्तर ने कहा, ष्उनकी आंख की रोशनी जाने की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है उम्मीद है उन्हें सही और सबसे बढ़िया इलाज मिलेगा और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। शाहिद अफरीदी ने कहा कि चिकित्सा सुविधा तक पहुंच मूल अधिकार है और इसे उपलब्ध कराया जाना चाहिए। रमीज राजाने कहा कि उन्हें उम्मीद है 'मानवता की जीत होगी।' उन्होंने लिखा कि इमरान खान को पीड़ा में देखना और एक आंख की दृष्टि खोना भावनात्मक रूप से झकझोर देने वाला है।

# इटली को हराकर इंग्लैंड सुपर-8 में पहुंचा



● **इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप के 29वें मैच में इटली पर 24 रनों से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की**

**कोलकाता, वार्ता।** विल जैक्स (नाबाद 53/ एक विकेट), टॉम बैटन (30) और फिल सॉल्ट (28) रन के बाद जेमी ओवर्टन और सैम करन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने टी-20 विश्व. कप के 29वें मुकाबले में इटली पर संघर्षपूर्ण मुकाबले में 24 रनों से जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सुपर आठ में जगह बना ली है। 203 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली शुरुआत बेहद खराब हुई और उसने महज 22 रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद जस्टिन मोस्का और बेंजमिन मनेंटी जोड़ी ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए 92 रन जोड़े। 12वें ओवर में विल जैक्स ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मनेंटी ने 25 गेंदों चार चौके और छह छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। ग्रांट स्टुअर्ट 23 गेंदों में 45 रन बनाकर 19वें ओवर में आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में पांच छक्के और दो चौके लगाये। कप्तान हैरी मनेंटी और जसप्रीत लसह 12-12 रन बनाकर आउट हुए। मैच की आखिरी गेंद पर जेमी ओवर्टन ने अली हसन को बोल्ड कर 178 रन के स्कोर पर इटली की पारी का अंत कर मुकाबला 24 रनों से अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड के लिए जेमी ओवर्टन और सैम करन (तीन-तीन विकेट) लिए। जोफ्रा आर्चर को दो विकेट मिले। विल जैक्स और आदिल राशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने इटली के खिलाफ सात विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने इटली के गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। हालांकि इस दौरान उसने लगातार विकेट भी गंवाये। जॉस बटलर (तीन) तीसरे ओवर में पहले विकेट के रूप में आउट हुए। फिल सॉल्ट ने 18 गेंदों में 28 रन बनाये। जेकब बेथेल (23), कप्तान हैरी ब्रुक (14) और टॉम बैटन 21 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए उस समय टीम का स्कोर पांच विकेट पर 105 रन था।

ऐसे संकट के समय विल जैक्स ने मोर्चा संभाला और विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। सैम करन (25) और जेमी ओवर्टन (15) रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विल जैक्स 22 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 53 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इटली के लिए ग्रांट स्टुअर्ट और कृषण कालूगामगे ने दो-दो विकेट लिए।

# शमी-मुकेश ने जेके को दिए झटके



● **बंगाल ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दिन का खेल समाप्त होने के समय तक जम्मू-कश्मीर के 198 पर पां च विकेट झटक कर मैच पर पकड़ बना ली**

**कल्याणी, वार्ता।** मोहम्मद शमी (तीन विकेट) और मुकेश कुमार (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बंगाल ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दिन का खेल समाप्त होने के समय जम्मू-कश्मीर के 198 पर पांच विकेट झटक मैच पर अपनी पकड़ बना ली हैं।

यहां बंगाल कल के पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में आकिब नबी ने सुदीप कुमार घरामी (146) रन को आउटकर बंगाल को छठा झटका दिया। इसके बाद बंगाल महज 59 रन जोड़कर शेष अपनी चारों विकेट गंवा दिए। बंगाल की पूरी टीम 97-1 ओवर में 328 पर सिमट गई। जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी ने पांच विकेट लिए। सुनील कुमार को दो विकेट मिले। युद्धवीर सिंह चरक और आबिद मुश्ताक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू कश्मीर को मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार ने शुरुआती तीन विकेट महज 13 रन के स्कोर पर झटक लिए। इसके बाद कप्तान परास डोगरा और अब्दुल समद ने पारी को संभाला और 143 रन जोड़े। अब्दुल समद (82) को मोहम्मद शमी ने 40वें ओवर में आउट किया। अगले ही ओवर में मुकेश कुमार ने पारस डोगरा (58) का शिकार कर लिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय जम्मू-कश्मीर ने पांच विकेट पर 198 रन बना लिए है। कन्हैया वधावन नाबाद (10) और आबिद मुश्ताक (नाबाद 26) क्रीज पर मौजूद थे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 17 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# एआई समिट

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के सबसे बड़े टैक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पेक्ट समिट 2026 का उद्घाटन किया। यह इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। इसमें 300 से ज्यादा कंपनियां भाग ले रही हैं। जैसाकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा भी की इस समिट की थीम सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय यानि सबका भला और सबकी खुशी है। यह इंसानियत की तरक्की के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करने के हमारे साझा संकल्प को दिखाती है। एआई इम्पेक्ट समिट आम लोगों को इससे जोड़ने का काम करेगी और एआई को लेकर जो भ्रांतियां हैं, उसको दूर करेगी। इस समिट में आने वाली दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशन्स को दुनिया के सामने पेश करेंगे और इसको आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम कर सकता है और भविष्य में एआई से खेती सहित और शिक्षा क्षेत्र में क्या बदलाव लाने वाला है कि वह एज के फाउंडर और एग्जिक्यूटिव वाइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने उन बातों को निराधार बताया जिनमें कहा जाता रहा है कि एआई नौकरियों को संकट में डाल सकता है। उनका कहना है कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम की क्षमता को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह भी दी कि वे एआई को अपनाएं वरना पीछे छूट सकते हैं, तो वहीं एचसीएल टैक्नॉलॉजी के पूर्व सीईओ विनीत का कहना है कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही उन्होंने यह कह डाला कि यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। सीएलएल नेशनल एआई फोरम के को चेयरपर्सन तेजप्रीत चोपड़ा का मानना है कि एआई दुनिया को बदल रहा है और हमारी जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है और हेल्थकेयर खेती से लेकर शिक्षा और गवर्नेंस तक एआई हर काम को आसान बना रहा है और यह नौकरियों को नहीं छीनने जा रहा है। वहीं माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और साउथ एशिया के प्रजिडेंट पुनीत चंडोक ने भी कहा कि एआई नौकरियों को पूरी तरह खत्म नहीं करेगा बल्कि उनके काम करने की तरीके को बदलेगा। एआई किसी भी काम को छोटे हिस्सों में बांटेगा, जिससे काम आसान होगा। पीएम मोदी ने भी कहा है कि यह शिक्षा, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर तमाम क्षेत्रों के लिए एआई उपयोगी साबित होगा। उनका यह भी कहना है कि एआई टूल्स का इस्तेमाल छात्र अपनी पढ़ाई और करियर को बेहतर बनाने के लिए भी कर सकेंगे। इसमें तो कोई दोराय नहीं है कि यह नई तकनीकी का जमाना है और इनका उपयोग करके ही आगे बढ़ाया जा सकता है, लेकिन जैसे हर तकनीक के खतरे हैं, इसके भी अपने खतरे हैं।

## ना कर्फ्यू, ना दंगा-यूपी में सब चंगा



आज का उप्र नए भारत की भावना के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और आक्रांताओं के महिमामंडन को कतई स्वीकार नहीं करेगा, वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, ना कर्फ्यू, ना दंगा-यूपी में सब चंगा, पिछली सरकार ने पीएसी को बंदी की कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन अब प्रदेश में 34 वाहिनियां सक्रिय हैं, जिनमें तीन नई महिला बटालियन-उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई-शामिल हैं, उप्र अब अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दे रहा है, प्रदेश में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम जैसे परियोजनाओं के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित किया गया है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# गोदी मीडिया के एपस्टीन दस्तावेज आखिर कब बाहर आएंगे!





श्रवण गर्ग

> सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ताजा उदाहरण है जिसमें अपनी कार की विंडो से राहुल गांधी चरण-चुंबक पत्रकारों को उनसे लगातार सत्ता-प्रेरित सवाल पूछते रहने के लिए यह जानते हुए भी फटकार लगाते दिखते हैं कि इससे (पत्रकारों को) कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। अब तो हो यह गया है कि अपनी प्रेस वार्ता में किसी रिपोर्टर के खड़े होते ही राहुल समझ जाते हैं कि उनसे क्या सवाल पूछा जाने वाला है। सत्ता प्रतिष्ठान की तरह गोदी मीडिया ने भी अपनी चमड़ी मोटी कर ली है।

मेरे जैसे उन तमाम लोगों को जिन्होंने किसी जमाने में 'दूरदर्शन' के शानदार उदघोषकों के साथ टीवी के पर्दों पर अपनी सुबह और शामें बिताई हैं उन्हें इस वक्त जो चल रहा है उसे देखते हुए सौम्य व्यक्तित्व की धनी समाचार-वाचिका सरला माहेश्वरी के हाल में हुए निधन से उत्पन्न हुई रिक्तता की पीड़ा को महसूस करने में ज्यादा कठिनाई नहीं महसूस करना चाहिए।

पूंजीपतियों की गोद में खेल रहे चैनलों में एक की एक महिला न्यूज एंकर को जब देश की जनता ने आक्रामक अंग्रेजी में यौन दुराचारी एप्सटीन का बचाव करते हुए देखा तो सन्न रह गई। एंकर ने जब तर्क दिया कि एप्सटीन की निजी दुराचारी जिंदगी जिसमें वह छोटी-छोटी बच्चियों का यौन शोषण करता था उसके सार्वजनिक जीवन जिसमें वह प्रभावशाली लोगों से संपर्क रखता था और दूसरों का उनसे करवाता था से पूरी तरह अलग थी तो न तो टीवी की स्क्रीन कांपी और न ही थर्राई।

जनता ने फिर देखा कि हिन्दी के एक प्रसिद्ध चैनल की एक तारिका एंकर ज्ञान दे रही है कि मुगल सम्राट बाबर किस तरह का बाइसेक्सुअल था। कैसे बाजार में घूमते हुए बाबर की नजर एक खूबसूरत लौंडे पर पड़ गई और बादशाह बेचैन हो उठे थे। जनता न सिर्फ भगवानों की तरह से शासकों के भी अलग-अलग श्रंगारों में प्रतिदिन दर्शन कर रही है, उन एंकरों को भी सुबह-शाम देख रही है जो मेक-अप की मोटी-मोटी परतें चेहरों पर चढ़ाए मुल्क की गरीबी का मजाक उड़ाने वाले वस्त्र धारण करके देश के विकास पर बहसें करवाते रहते हैं। कम उम्र की युवा एंकर वक्ताओं से सवाल करती हैं 'झूठ बोलने का इतना कलेजा कहां से लाते हैं आप?'

एक जमाना था जब हम देखते थे कि 'दूरदर्शन' के साथ संबद्ध हिन्दी-अंग्रेजी के प्रतिभाशाली उदघोषक बिना किसी खौफ के इंदिरा गांधी के साथ कंधों से कंधा सटाकर फोटो खिंचवा रहे हैं, गर्व के साथ मुस्कुराहटें बिखेर रहे हैं। हम आज देख रहे हैं कि बहसों के दौरान चैनलों पर गुर्राते रहने वाले एंकर किस तरह शासकों के चरणों में लोटपोट हो सत्ता-प्रतिष्ठान का प्रशस्तिगान कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ताजा उदाहरण है जिसमें अपनी कार की विंडो से राहुल गांधी चरण-चुंबक पत्रकारों को उनसे लगातार सत्ता-प्रेरित सवाल पूछते रहने के लिए यह जानते हुए भी फटकार लगाते दिखते हैं कि इससे (पत्रकारों को) कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है! अब तो हो यह गया है कि अपनी प्रेस कांफ्रेंस में किसी रिपोर्टर के खड़े होते ही राहुल समझ जाते हैं कि उनसे क्या सवाल पूछा जाने वाला है। सत्ता प्रतिष्ठान की तरह गोदी मीडिया ने भी अपनी चमड़ी मोटी कर ली है। मीडिया के नाम पर जहरीले एंकरों और कतिपय पत्रकारों द्वारा जो किया जा रहा है वह भी एक तरह की मॉब लिंचिंग ही है। एक ऐसी लिंचिंग जिसमें देखने-सुनने वालों की निर्दोष आत्माओं का रक्तहीन संहार बे-रोकटोक किया जाता है। सत्ता पर कघबिज शासक संसदीय परंपराओं और संवैधानिक संस्थानों को बंधक बनाने में जुटे हैं और 'घोषित आपातकाल' के पहले शिकार मीडिया ने 'अघोषित आपातकाल' में लोकतंत्र को निस्तेज और प्रतिरोध को नपुंसक बनाने की सुपारी ले रखी है। सवाल यह है कि एप्सटीन की तरह 'गोदी मीडिया' के दस्तावेज कब बाहर आएंगे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# उम्र बढ़ने के कारणों की खोज एक नई पहल

> **2020 में, स्पेन के टोलेडो के एक समूह ने एक शोध पत्र प्रकाशित किया था, जिसका निष्कर्ष था-संगीत डिमेंशिया के उपचार का एक सशक्त तरीका हो सकता है और हाल ही में, स्पेन के ही एक अन्य समूह द्वारा प्रका. शित पेपर का शीर्षक है-संगीत बढ़ती उम्र से सम्बंधित संज्ञानात्मक विक. ारों में परिवर्तित जीन अभिव्यक्ति की भरपाई कर देता है।**

न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय (जहां से मैंने उच्च शिक्षा प्राप्त की) के महामारी विज्ञानी डॉ. डेनियल बेल्स्की ने एक नया शब्द गढ़ा है जेरोसाइंस, जिसका अर्थ है बुढ़ापा या बढ़ती उम्र सम्बंधी विज्ञान। इसके तहत, उन्होंने एक अनोखा रक्त परीक्षण तैयार किया है जो यह बताता है कि कोई व्यक्ति किस रफ्तार से बूढ़ा हो रहा है। उनके दल ने एक विधि विकसित की है जिसमें वरिष्ठजनों के डीएनए में एक एंजाइम के जरिए मिथाइल समूहों के निर्माण का अध्ययन किया जाता है। उन्होंने पाया है कि डीएनए पर मिथाइल समूहों का जुड़ना (मिथाइलेशन) उम्र बढ़ने के प्रति संवेदनशील है। इस एंजाइम को अक्सर जेरोजाइम कहा जाता है। मिथाइलेशन डीएनए और अन्य अणुओं का रासायनिक संशोधन है जो तब होता है जब को. शिकाएं विभाजित होकर नई कोशिका बनाती हैं।

जेरोजाइम को नियंत्रित करने के लिए कई शोध समूह औषधियों और अन्य तरीकों पर काम कर रहे हैं। यह प्रयास किसी भी व्यक्ति की बढ़ती उम्र को कैसे प्रभावित करते हैं? एक शोध समूह ने बताया है कि मेटफॉर्मिन नामक औषधि बढ़ती उम्र को लक्षित करने का एक साधन है (सेल मेटाबॉलिज्म, जून 2016), एक अन्य समूह ने पाया है कि यदि हम TORC1 एंजाइम को बाधित कर देते हैं, तो यह बुजुर्गों में प्रतिरक्षा को बढ़ा सकता है और संक्रमणों को कम कर सकता। हाल ही में, जोन बी। मेनिक और उनके दल ने नेचर एजिंग पत्रिका में प्रकाशित अपने शोध पत्र में मानव रोगों के पशु मॉडल्स की उम्र व जीवित रहने पर रैपामाइसिन औषधि के प्रभावों की समीक्षा की है। उन्होंने बताया है कि कैसे हम इस औषधि के अवरोधकों को वृद्धावस्था के रोगों की मानक देखभाल में शामिल कर सकते हैं। डॉ. बेल्स्की के समूह ने विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि (अमीर-गरीब, ग्रामीण-शहरी) के लोगों में डीएनए मिथाइलेशन के स्तर का भी अध्ययन किया और पाया कि सामा. जिक-आर्थिक स्तर की प्रतिकूल परिस्थितियां भी इसमें भूमिका निभाती हैं। कोलंबिया एजिंग सेंटर ने पाया है कि संतुलित आहार शोथ को कम करके मस्तिष्क के स्वास्थ्य की देखभाल करता है, आवश्यक पोषक तत्वों की आपूर्ति करके उचित रक्त प्रवाह बनाए रखता है जो संज्ञानात्मक कार्य में सहायक होता है। वेबसाइट healthline.com बात को आगे बढ़ाते हुए बताती है कि प्रोटीन के स्वास्थ्यवर्धक स्रोत, स्वास्थ्यकर वसा और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे सब्जियां, तेल से भरपूर खाद्य पदार्थ और बहुत सारे फल स्वस्थ बुढ़ाने में मदद करते हैं। भारत में हमारे लिए यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे यहां (143 करोड़ की कुल जनसंख्या में से) 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की कुल संख्या लगभग 10 करोड़ है। healthline.com का सुझाव है कि (जंतु और वनस्पति) प्रोटीन, पौष्टिक अनाज (गेहूं, चावल, रागी, बाजरा), तेल, फल और सॉफ्ट ड्रिंक्स स्वस्थ बुढ़ाने में मदद करते हैं। यह मांसाहारियों और शाकाहारियों दोनों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं।

**व्यायाम से रोकथाम**

स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि घायल या बूढ़े चूहों की शक्ति बढ़ाने वाली एक औषधि तंत्रिकाओं और मांसपेशीय तंतुओं के बीच कड़ियों को बहाल करती है। यह औषधि उम्र बढ़ने से जुड़े जेरोजाइम, 15-PGDH की गतिविधि को अवरुद्ध करती है। यह जेरोजाइम उम्र बढ़ने के साथ और न्यूरोमस्कुलर रोग के चलते मांसपेशियों में कुदरती रूप से बढ़ता है। लेकिन यह औषधि देने पर उम्रदराज चूहों की शारीरिक गति. विधि फिर से बढ़ गई थी। मिनेसोटा का मेयो क्लीनिक नियमित शारीरिक गतिविधि के सात लाभ बताता है। वजन पर नियंत्रणय स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, टाइप-2 डायबिटीज और कैंसर जैसी स्थितियों और बीमारियों से लड़ता है, मूड में सुधारय ऊर्जा देता है, अच्छी नींद लाता है, यौन जीवन बेहतर करता है और कहना न होगा कि यह मजेदार और सामाजिक हो सकता है। जैसे दूसरों से मेल-जोल होना, घूमना या खेलना। हम सभी, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को, व्यायाम से बहुत लाभ होगा, और इस प्रकार जेरोजाइम बाधित होगा। संगीत भी जेरोजाइम को नियंत्रित कर सकता है और यह डिमेंशिया (स्मृतिभ्रंश) का इलाज भी हो सकता है।



स्रोत फीचर्स

# मैमथ के फिर से जिंदा हो उठने की आस

एक कंपनी है कोलोसल जिसका उद्देश्य है विलुप्त हो चुके जंतुओं को फिर से साकार करना। इस बार यह कंपनी कोशिश कर रही है कि वुली मैमथ नाम के विशाल प्राणि को पुनः प्रकट किया जाए। अपने इस प्रयास में कंपनी के वैज्ञानिक आजकल के हाथियों की त्वचा कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं में परिवर्तित करने में सफल हो गए हैं। स्टेम कोशिकाएं वे कोशिकाएं होती हैं जो किसी खास अंग की को. शिका में विभेदित नहीं हो चुकी होती हैं और सही परिवेश मिलने पर शरीर की कोई भी कोशिश बनाने में समर्थ होती हैं। योजना यह है कि इन स्टेम कोशिकाओं में जेनेटिक इंजी. नियरिंग की तकनीकों की मदद से मैमथ के जीन्स रोपे जाएंगे और उम्मीद है कि यह कोशिका विकसित होकर एक मैमथ का रूप ले लेगी।

कोलोसल का उद्देश्य है कि एशियाई हाथियों का ऐसा कुनबा तैयार किया जाए जिसके शरीर पर वुली मैमथ जैसे लंबे-लंबे बाल हों, अतिरिक्त चर्बी हो और मैमथ के अन्य गुणधर्म हों। देखने में तो बात सीधी-सी लगती है क्योंकि सामान्य कोशिकाओं को बहुसक्षम स्टेम कोशिकाओं में बदलने में पहले भी सफलता मिल चुकी है और जेनेटिक इंजीनियरिंग भी अब कोई अजूबा नहीं है। जैसे एक शोधकर्ता दल ने 2011 में श्वेत राइनोसिरस और ड्रिल नामक एक बंदर से स्टेम कोशिकाएं तैयार कर ली थीं। इसके बाद कई अन्य जोखिमग्रस्त प्रजातियों के साथ भी ऐसा किया जा चुका है। जैसे, तेंदुए, सुमात्रा का ओरांगुटान वगैरह, लेकिन पूरे काम में कई अगर-मगर हैं। अव्वल तो कई दल हाथी की स्टेम कोशिकाएं तैयार करने में असफल रह चुके हैं। जैसे कोलोसल की ही एक टीम एशियाई हाथी की को. शिकाओं को स्टेम कोशिकाओं में तबदील करने में असफल रही थी। उन्होंने शिन्या यामानाका द्वारा वर्णित रीप्रोग्रामिंग कारकों का उपयोग किया था। अधिकांश स्टेम कोशिकाएं तैयार करने के लिए इसी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस असफलता के बाद एरिओना ह्योसोली की टीम ने उस रासायनिक मिश्रण का उपयोग किया जिसके उपयोग से मानव व मूषक कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं का रूप देने में सफलता मिल चुकी थी, लेकिन इस उपचार के बाद हाथियों की अधिकांश कोशिकाएं या तो मर गईं, या उनमें विभाजन रुक गया या कई मामलों में वे इस उपचार से अप्राभावित रहीं, लेकिन चंद कोशिकाओं ने गोल आकार हासिल कर लिया जो स्टेम कोशिका जैसा था। अब टीम ने इन कोशिकाओं को यामानाका कारकों से उपचारित किया, लेकिन सफलता तो तब हाथ लगी जब उन्होंने एक कैंसर-रोधी जीन TP53 की अभिव्यक्ति को ठप कर दिया। इस तरह से शोधकर्ताओं ने एक हाथी से चार को. शिका वंश तैयार किए हैं। अब अगला कदम होगा हाथी की कोशिकाओं में जेनेटिक संपादन करके मैमथ जैसे गुणधर्म जोड़ना। इसके लिए उन्हें यह पहचानना होगा कि वे कौन-से जेनेटिक परिवर्तन हैं जो हाथी को मैमथनुमा बना देंगे। यह काम पहले तो सामान्य कोशिकाओं में किया जाएगा और फिर स्टेम कोशिकाओं में। पहले संपादित स्टेम कोशिकाएं तैयार की जाएगी और फिर उन्हें ऊतकों जैसे बाल या रक्त में विकसित करने का काम करना होगा, लेकिन उससे पहले और भी कई काम होंगे, जैसे संपादित स्टेम कोशिकाओं को किसी प्रकार से शुक्राणुओं व अंडाणुओं में बदलना ताकि उनके निषेचन से भ्रूण बन सके। यह काम चूहों में किया जा चुका है। इसका दूसरा रास्ता भी है-इन स्टेम कोशिकाओं को संश्लेषित भ्रूण में तबदील कर देना। एक समस्या यह भी आएगी कि भ्रूण तैयार हो जाने के बाद उनके विकास के लिए कोख का इंतजाम करना। इसके लिए टीम को कृत्रिम कोख का इस्तेमाल करना ज्यादा मुफीद लग रहा है क्योंकि हाथी की कोख में विकसित होने के दौरान मैमथ भ्रूण का विकास प्रभावित हो सकता है। लिहाजा स्टेम कोशिकाओं से ही कोख तैयार करने की योजना है। दरअसल, शोधकर्ताओं के लिए यह प्रयास जोखिमग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में कदम है और इससे जीव वैज्ञानिक शोध में मदद मिलने की भी उम्मीद है। जैसे वैकासिक जीव वैज्ञानिक विंसेंट लिंच का विचार है कि हाथियों की स्टेम कोशिकाओं पर प्रयोग यह समझा सकते हैं कि हाथियों को कैंसर इतना कम क्यों होता है।

> **अधिकांश स्टेम कोशिकाएं तैयार करने के लिए इसी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस असफलता के बाद एरिओना ह्योसोली की टीम ने उस रासायनिक मिश्रण का उपयोग किया जिसके उपयोग से मानव व मूषक कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं का रूप देने में सफलता मिल चुकी थी, लेकिन इस उपचार के बाद हाथियों की अधिकांश कोशिकाएं या तो मर गईं, या उनमें विभाजन रुक गया या कई मामलों में वे इस उपचार से अप्राभावित रहीं, लेकिन चंद कोशिकाओं ने गोल आकार हासिल कर लिया जो स्टेम कोशिका जैसा था। अब टीम ने इन कोशिकाओं को यामानाका कारकों से उपचारित किया, लेकिन सफलता तो तब हाथ लगी जब उन्होंने एक कैंसर-रोधी जीन TP53 की अभिव्यक्ति को ठप कर दिया। इस तरह से शोधकर्ताओं ने एक हाथी से चार कोशिका वंश तैयार किए हैं। अब अगला कदम होगा हाथी की कोशिकाओं में जेनेटिक संपादन करके मैमथ जैसे गुणधर्म जोड़ना। इसके लिए उन्हें यह पहचानना होगा कि वे कौन-से जेनेटिक परिवर्तन हैं जो हाथी को मैमथनुमा बना देंगे। यह काम पहले तो सामान्य कोशिकाओं में किया जाएगा और फिर स्टेम कोशिकाओं में। पहले संपादित स्टेम कोशिकाएं तैयार की जाएगी और फिर उन्हें ऊतकों जैसे बाल या रक्त में विकसित करने का काम करना होगा, लेकिन उससे पहले और भी कई काम होंगे, जैसे संपादित स्टेम कोशिकाओं को किसी प्रकार से शुक्राणुओं व अंडाणुओं में बदलना ताकि उनके निषेचन से भ्रूण बन सके। यह काम चूहों में किया जा चुका है।**



-स्रोत फीचर्स

# अमेरिका प्रतिबंध हटाए, तो हम समझौते के लिए तैयार: ईरान

**वाशिंगटन।** ईरान ने संकेत दिया है कि अगर अमेरिका प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा के लिए तैयार है तो वह वह अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता समझौते की पेशकश कर सकता है। अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है, जिसमें अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद है।

यह वार्ता छह फरवरी को ओमान में हुए पहले अप्रत्यक्ष दौर के बाद हो रही है, जहां ईरान ने यूरेनियम संवर्धन के अधिकार की मांग की थी, जबकि अमेरिका ने बैलिस्टिक मिसाइलों और हिजबुल्लाह जैसे क्षेत्रीय सहयोगियों पर व्यापक चर्चा के लिए दबाव डाला था। दोनों पक्षों ने पिछली बैठक को एक 'अच्छी शुरुआत' बताया था, हालांकि बड़े मतभेद अभी भी बने हुए हैं। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि ईरान परमाणु समझौते पर अमेरिका के साथ समझौते के लिए तैयार है, बशर्ते अमेरिकी प्रशासन प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा करने का इच्छुक हो। ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची ने भी एक साक्षात्कार में कहा कि अब गेंद अमेरिका के पाले में है कि वह यह साबित करे कि वे समझौता करना चाहते हैं। यदि वे ईमानदार हैं, तो मुझे यकीन है कि हम समझौते की राह पर होंगे। रवांची ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) से कहा कि अगर वे प्रतिबंधों के बारे में बात करने के लिए तैयार हैं, तो हम अपने कार्यक्रम से संबंधित इस और अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के साथ निपटने में कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं और प्रशासन वर्तमान में बातचीत पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ ब्रातिस्लावा में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है कि वह कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं। अमेरिका क्षेत्र में सैन्य उपस्थिति बनाए रखते हुए ईरान के परमाणु मुद्दे का कूटनीतिक समाधान तलाश रहा है। इस बीच, ईरानी अधिकारियों ने भी हमला होने पर जवाब देने की तैयारी का संकेत दिया है, जिससे जिनेवा वार्ता से पहले तनाव बना हुआ है। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब ट्रम्प ने अनुपालन के मामले में ईरान के पिछले रिकॉर्ड का हवाला देते हुए संभावित समझौते पर संदेह व्यक्त किया है।

## अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है

**अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद**

### अमेरिका के साथ वार्ता के दूसरे दौर को जिनेवा रवाना हुए अराघची



**काहिरा।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर के लिए स्विट्जरलैंड के जिनेवा रवाना हो चुके हैं, हालांकि समझौते की शर्तों पर अभी तक दोनों देशों के बीच कोई तालमेल नहीं नजर आ रहा। ईरानी विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, अराघची मंगलवार को होने वाली वार्ता में 'कूटनीतिक और विशेषज्ञ' प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस दौरान उनकी स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस, ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल-बुसैदी तथा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी और अन्य अधिकारियों से मुलाकात होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ करेंगे। यह बैठक छह फरवरी को ओमान की राजधानी मस्कट में हुए पहले दौर की वार्ता के बाद हो रही है, जिसे दोनों पक्षों ने 'अच्छी शुरुआत' बताया था, लेकिन उसमें कोई ठोस सफलता नहीं मिली थी।



**नई दिल्ली। भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान उपस्थित आगंतुक।**

## कनाडा में रूसी विमान की जब्ती का मामला अभी विचाराधीन: ओलेग स्टेपनोव

**ओटावा।** रूसी एयर कार्गो कंपनी 'वोल्गा-द्निप्र' के मालवाहक विमान संबंधित एन-124 की जब्ती का मामला अभी भी कनाडा की अदालतों में सुना जा रहा है। कनाडा में रूस के राजदूत ओलेग स्टेपनोव ने रूसी संवाद समिति रिया नोवोस्ती को यह जानकारी दी स्टेपनोव ने कहा कि यह मामला अभी भी कनाडा की अदालतों में सुना जा रहा है। इसका मालिक वोल्गा-द्निप्र इसमें एक पक्ष है। हम एक देश के रूप में इस कार्यवाही में शामिल नहीं हैं और चल रहे मामले के कानूनी विवरणों पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

## संक्षिप्त समाचार

### लेबनान में इजरायल के ड्रोन हमलों में चार लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के पूर्वी क्षेत्र में सीरिया से लगी सीमा पर एक गाड़ी को निशाना बनाकर किए गए इजरायली ड्रोन हमले में चार लोग मारे गए। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि रविवार रात हुए हमले की जगह के पास के गांवों में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। एजेंसी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा टीमों ने गाड़ी के अंदर लगी आग बुझाई और चार लाशें निकालीं। अभी तक इजरायली सेना ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### एल साल्वाडोर की नौसेना ने जब्त की 6-6 टन कोकीन

**मेक्सिको सिटी।** एल साल्वाडोर की नौसेना ने 6-6 टन कोकीन ले जा रहे जहाज को पकड़ा है, जो देश के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती है। एल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने सोमवार को यह घोषणा की। इस कोकीन की कीमत करीब 16.5 करोड़ डॉलर है। बुकेले ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारी राष्ट्रीय नौसेना ने एल साल्वाडोर के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती को अंजाम दिया है। बुकेले के मुताबिक, यह अभियान एल साल्वाडोर के तट से 380 समुद्री मील (703.7 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में हुआ।

### मुक्त व्यापार समझौते के करीब ऑस्ट्रेलिया और ईयू: रिपोर्ट

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अपने अंतिम दौर में है और आने वाले हफ्तों में इस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के समाचार चैनल एबीसी न्यूज ने ईयू और ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सला वॉन डेर लेयन बचे हुए 'विवादास्पद मुद्दों' को हल करने के बाद समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, ये विवादास्पद मुद्दे मांस, गोश्त के निर्यात से संबंधित हैं।

### रूस पर लगाए गए कनाडा के प्रतिबंध निरर्थक: स्टेपानोव

**वॉशिंगटन।** कनाडा में रूस के राजदूत ओलेग स्टेपानोव ने कहा है कि यूक्रेन सरकार को अपना समर्थन दिखाने के लिए कनाडा रूस पर प्रतिबंध लगा रहा है, लेकिन असल में इन पाबंदियों का कोई व्यावहारिक असर नहीं है। स्टेपानोव ने समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को दिए एक साक्षात्कार में रविवार को कहा कि कनाडा के एकतरफा कदम कमजोरी की वजह से उठाए गए हैं। यह एक मनगढ़ंत कहानी है, ताकि दूसरे मौकों की कमी की वजह से यूक्रेन सरकार को समर्थन दिखाया जा सके।

# यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठाएगी रहमान सरकार!

## बांग्लादेश के 18 मंत्रियों की संपत्ति में इजाफा, यूनुस की प्रॉपर्टी 12 करोड़ हुई, पेरिस जाने की तैयारी में लगे हैं मोहम्मद यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद गठित मोहम्मद यूनुस सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में उछाल आया है। सरकार के मुखिया यूनुस की संपत्ति में एक साल में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यूनुस की संपत्ति अब कुल साढ़े 12 करोड़ रुपये हो गई है, इसमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये का उछाल आया है। अंतरिम सरकार के टाप 4 मंत्रियों में सबसे ज्यादा संपत्ति की वृद्धि यूनुस की हुई है।

दूसरे नंबर पर आवास मंत्री अदिलुर रहमान की संपत्ति में 1 करोड़ 23 लाख रुपये की वृद्धि हुई। यूनुस के 21 में से 18 मंत्रियों की संपत्ति बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार नए पीएम रहमान अंतरिम सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में इजाफे की जांच के लिए कमेटी गठित कर सकते हैं। इस सब के बीच यूनुस अब फिर से पेरिस में बसने की तैयारी में हैं। बता दें कि यूनुस बांग्लादेश के एकमात्र नोबेल अवार्ड विजेता हैं। बांग्लादेश में माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में बड़ा नाम यूनुस का शेख हसीना सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हुए थे। लेकिन यूनुस ने अपनी सरकार बनने पर केस वापस कर लिए थे। अगस्त 2024 में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस अंतरिम पीएम के तौर पर शपथ लेते हुए। तारिक रहमान की जीत के साथ ही यूनुस सरकार में आईटी मंत्री रहे फैज अहमद तैयब नीदरलैंड्स लौट गए हैं। फैज के कार्यकाल के दौरान प्‍ सेक्टर में उनके द्वारा विदेशी कंपनियों के पक्ष में दिए गए कुछ फैसलों को लेकर आपत्तियां भी आई थीं।



**बांग्लादेश में हिंदू नेता को मंत्री बना सकते हैं रहमान, 30 साल पहले भी मिनिस्टर रहे थे गोयेश्वर, इस बार दो हिन्दुओं ने जीता चुनाव**

उन पर अनावश्यक हाई-कैपेसिटी इक्विपमेंट खरीद के लिए कुछ कंपनियों को टेंडर जारी करने के भी आरोप हैं। यूनुस सरकार में पर्यावरण मंत्री सैयदा रिजवाना का कहना है कि फैज अपने परिवार के साथ नीदरलैंड्स में ही रहते हैं, वे यूनुस सरकार में शामिल होने के लिए बांग्लादेश लौटे थे। बांग्लादेश के नवनिर्वाचित पीएम रहमान ने रविवार देर शाम जमात के अमीर (प्रमुख) शफीकुर रहमान के साथ मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार रहमान ने संसद के सुचारु संचालन के लिए जमात के साथ समझौते पर सहमति भी बनाई है। बता दें कि जमात ने 32 सीटों में धांधली का आरोप लगाया है। दूसरी ओर सूत्रों के अनुसार ढाका में चीन और पाकिस्तान के दूतावासों में बैठकों के दौर तेज हो गए हैं।

पाकिस्तान से लगभग 6 वरिष्ठ आर्मी अफसर पिछले एक पखवाड़े से दूतावास में डेरा जमाए हुए हैं। जमात की हार के बाद पाकिस्तान रहमान सरकार के साथ संबंधों के लिए ग्राउंड वर्क में जुटा है। पूर्व में पाक कट्टरपंथी जमात का समर्थक रहा है। वहीं चुनाव में भारी बहुमत हासिल करने के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) नई सरकार बनाने की तैयारी में है। सरकार ने निर्वाचित सांसदों की आधिकारिक गजट अधिसूचना जारी कर दी है। पार्टी से 2 हिंदू सांसद भी चुने गए हैं। इनमें से ढाका-3 सीट से जीत दर्ज करने वाले गोयेश्वर चंद्र राय को नई कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। राय बीएनपी के प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। वह खालिदा जिया की बीएनपी सरकार में लगभग 30 साल पहले (1991-1996) राज्य मंत्री थे। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद समेत रक्षा मंत्रालय और दूसरे पांच मंत्रालय अपने पास रख सकते हैं। संविधान के अनुच्छेद 148 के मुताबिक, आधिकारिक नतीजे आने के तीन दिन के भीतर निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ लेनी होती है। 13वें संसदीय चुनाव के निर्वाचित सदस्य मंगलवार को शपथ लेंगे, जबकि कैबिनेट भी उसी दिन बाद में शपथ लेगी। यह जानकारी चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने शनिवार को प्रेस ब्रीफिंग में दी। गोयेश्वर चंद्र राय को तारिक रहमान की कैबिनेट में मंत्री बनाया जा सकता है। गोयेश्वर चंद्र राय बांग्लादेश की राजनीति में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक माने जाते हैं। उनका जन्म 1 नवंबर 1951 को ढाका जिले के केरानीगंज में एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था।

वे 1978 से ही बीएनपी से जुड़े हुए हैं और वर्तमान में पार्टी की स्थायी समिति के सदस्य हैं, जो बीएनपी का सर्वोच्च नीति-निर्माण निकाय है। 1990 के दशक में खालिदा जिया की सरकार में उन्होंने राज्य मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां वे पर्यावरण, वन, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्रालयों के प्रभार में रहे। हाल ही में 12 फरवरी 2026 को हुए 13वें संसदीय चुनाव में उन्होंने ढाका-3 निर्वाचन क्षेत्र से बीएनपी के टिकट पर भारी बहुमत से जीत हासिल की, जहां उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को लगभग 17,000 वोटों से हराया। वे खुद को धरती का बेटा बताते हैं और जोर देते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू या अन्य अल्पसंख्यक अलग नहीं हैं, बल्कि सभी नागरिक समान अधिकारों वाले हैं। जिया परिवार से उनके गहरे संबंध हैं और नई सरकार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की संभावना है।

### बांग्लादेश में 4 अल्पसंख्यक सांसद चुने गए, इनमें 2 हिंदू

**ढाका।** बांग्लादेश के आम चुनाव में 4 अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवार सांसद चुने गए हैं। इनमें दो हिंदू, जबकि दो अन्य बौद्ध समुदाय से हैं। हिंदू नेता में गोयेश्वर चंद्र राय और उनके समधी निताई राय चौधरी बीएनपी की टिकट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। निताई राय चौधरी बीएनपी के प्रमुख उपाध्यक्षों में शामिल हैं और शीर्ष नेतृत्व के वरिष्ठ रणनीतिक सलाहकार माने जाते हैं। दोनों ने जमात-ए-इस्लामी के प्रत्याशियों को हराया। तीसरे अल्पसंख्यक सांसद साचिंग प्रू हैं, जो बंदरबन के पहाड़ी जिले से चुने गए। वे मरमा जातीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं और बीएनपी के वरिष्ठ नेता हैं। चौथे विजेता दिपेन दीवान रंगामाटी सीट से जीते। वे चकमा समुदाय से आते हैं, जो बौद्ध बहुल जनजातीय समूह है। निताई राय चौधरी 30878 वोटों से चुनाव जीतें। बीएनपी के कई नीति-निर्माताओं ने संकेत दिया है कि कैबिनेट बहुत बड़ा नहीं होगा। इसमें 30 से 40 सदस्य शामिल हो सकते हैं। इसमें 2001 की बीएनपी सरकार के पूर्व मंत्री, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य और नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। तारिक रहमान ने कैबिनेट गठन को लेकर वरिष्ठ नेताओं से परामर्श शुरू कर दिया है। हालांकि, किसे कौन सा मंत्रालय मिलेगा, यह शपथ ग्रहण के बाद ही साफ होगा। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि देश को कैबिनेट का अंतिम स्वरूप देखने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। पार्टी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को अगला राष्ट्रपति बनाया जा सकता है। हालांकि, नियुक्ति प्रक्रिया में समय लग सकता है।

## गाजा में पुनर्निर्माण को पांच अरब डॉलर देगा 'शांति बोर्ड': ट्रम्प

**19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा शांति योजना में अंतर्राष्ट्रीय योगदान की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि शांति बोर्ड के सदस्य देशों ने क्षेत्र में मानवीय एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। ट्रम्प ने कहा कि इस पहल को 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा।

यहां 'शांति बोर्ड' के सदस्य बैठक करेंगे। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि शांति बोर्ड में असीम संभावनाएं हैं। वाशिंगटन डीसी के डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान में 19 फरवरी 2026 को शांति बोर्ड के सदस्य मेरे साथ होंगे जहां हम घोषणा करेंगे कि सदस्य देशों ने गाजा के मानवीय और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। साथ ही गाजा के लोगों के लिए सुरक्षा और शांति बरकरार रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्थाईकरण बल एवं स्थानीय पुलिस बल में हजारों कर्मी उतारने का भी वादा किया है। ट्रम्प ने अपने बयान में दावा किया कि उन्होंने अक्टूबर 2025 में गाजा संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने की एक योजना बनाई थी, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एकमत से स्वीकार कर लिया था। उन्होंने कहा कि उनकी पहल ने मानवीय राहत को 'रिकॉर्ड रफ्तार से' जरूरतमंदों तक पहुंचाया।

## बिल गेट्स फाउंडेशन पर घटिया टीकों को बढ़ावा देने का आरोप

**मॉस्को।** रूसी डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रिएव ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी अरबपति बिल गेट्स के फाउंडेशन ने निम्नस्तरीय टीकों को बढ़ावा दिया और बेहतर टीकों के इस्तेमाल में बाधा डाली थी। दिमित्रिएव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह टिप्पणी करते हुए दावा किया कि गेट्स फाउंडेशन ने फंडिंग, अनुमोदन, सरकारी समर्थन और मीडिया प्रभाव के जरिए वैश्विक स्तर पर टीकों पर व्यापक नियंत्रण स्थापित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को 'भ्रमित' किया गया और बेहतर टीकों को अपनाने से रोका गया। उन्होंने फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट का हवाला दिया।

# 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया

## बीएलए ने 10 रिहा किए, 7 अभी भी कैद में, अदला-बदली के लिए 7 दिन की मोहलत

**इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को दावा किया कि उसने 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया है। इनमें से 10 को छोड़ दिया गया है, जबकि बाकी 7 को कैद कर लिया है।



**बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे**

इनके बदले बलूच लड़ाकों की रिहाई के लिए पाकिस्तान सरकार को एक हफ्ते की मोहलत दी गई है। यह दावा बीएलए की मीडिया विंग 'हक्काल' के नाम से जारी एक कथित बयान में किया गया है। पाकिस्तान की सेना या सरकार की ओर से इस पर तुरंत कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बयान में इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का दूसरा चरण बताया है। बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे। बयान में कहा गया कि उन्हें चेतावनी देकर रिहा किया गया है। बीएलए ने कहा कि बाकी 7 बंदी पाकिस्तान सेना की नियमित यूनिटों के सदस्य हैं।

बयान के अनुसार, उन्हें एक कथित 'बलूच नेशनल कोर्ट' में पेश किया गया। यहां उन पर आम नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई, जबरन गुमशुदगी में मदद और बलूच लोगों के खिलाफ नरसंहार में शामिल होने जैसे आरोप लगाए गए। बीएलए ने दावा किया कि सुनवाई के दौरान आरोपियों को जवाब देने का मौका दिया गया, सबूत पेश किए गए और बयान दर्ज किए गए। इसके बाद उन्हें दोषी ठहराया गया। बीएलए ने कहा कि दोषी ठहराए जाने के बावजूद इस्लामाबाद को 7 दिन का समय दिया जा रहा है, ताकि वह औपचारिक रूप से कैदी अदला-बदली की इच्छा जताए। बीएलए ने 25-26 अगस्त 2024 की रात बलूचिस्तान में बड़ा संगठित हमला किया। बीएलए ने इसे ऑपरेशन हेरोफ नाम दिया। ऑपरेशन हेरोफ के तहत बलूचिस्तान के 10 से ज्यादा जिलों में एक ही समय पर कार्रवाई की गई। बलूच भाषा में 'हेरोफ' का मतलब 'तूफान' होता है। बीएलए के निशाने पर पाकिस्तानी सुरक्षा बल, पुलिस, पंजाब प्रांत के श्रमिक और पुल-हाईवे जैसे बुनियादी ढांचे थे। प्रमुख इलाके मुसाखेल, कलात, बेला, मस्तुंग, बोलान और तर्बत रहे। इस हमले में बीएलए के साथ उसका आत्मघाती दस्ता 'मजीद ब्रिगेड' भी शामिल था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले में कम से कम 73 लोगों की मौत हुई। इनमें 31 सुरक्षाकर्मी, 33 नागरिक और 14 हमलावर थे। बीएलए का दावा है कि इस ऑपरेशन में 800 लड़ाके शामिल थे और 100 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई।

# पाक के सिंध में सड़क दुर्घटना में छह की मौत



**बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक कार और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई।

राहत एवं बचाव दल के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा नौशहरो फिरोज जिले में हुआ जब प्रांत की राजधानी कराची जा रही एक तेज रफ्तार कार एक ट्रेलर से टकरा गई। अधिकारी ने कहा कि टक्कर बहुत जोरदार थी और कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सभी छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई। पुलिस ने कहा कि वे हादसे के सही कारण की जांच कर रहे हैं।

## खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस स्टेशन के बाहर धमाका, दो की मौत, 12 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को हुए एक धमाके में एक बच्चे सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमाका बन्नू जिले में मिरयान पुलिस स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे हुआ। रेस्क्यू 1122 के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बल और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। द डॉन की एक रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से कहा गया कि यह धमाका एक मोटरसाइकिल में लगे टाइम बम के फटने से हुआ। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने एक बयान में धमाके की निंदा की, मौतों पर दुख जताया और मरने वालों और उनके परिवारों के लिए दुआ की।

उल्लेखनीय है कि यह हाल के दिनों में सिंध में हुई पहली सड़क दुर्घटना नहीं है। इसी प्रांत में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हुए थे। इसके अलावा शुक्रवार को सिंध में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हुई थी।



